www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 8 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 87 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज मंगलवार की सुबह रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में वोटिंग किया। निर्वाचन अधिकारी ने अनकी मां श्रीमती अनिता बाबासाहेब कंगाले के साथ आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर मतदान किया। वे मतदान शुरू होने के 15 मिनट पूर्व ही अपने मतदान केंद्र पहुंची थीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सापरिवार अपने गृहग्राम बगिया में मतदान किया। छग विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत एवं कोरबा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कोरबा में मतदान किया। मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सपरिवार मतदान किया।

लोकतंत्र की असल प्रहरी

लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण.. 11 राज्यों के 93 सीटों पर वोटिंग, असम में सबसे अधिक 74.86% और सबसे कम महाराष्ट्र में 54.98%

तेज गर्मी के बीच 61.57% से अधिक मतदान

नई दिल्ली, (वार्ता)। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से हुये मतदान में 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। मतदान के अंतिम आंकड़े इससे अधिक हो सकते हैं, पर इसका प्रतिशत पहले और दूसरे चरण के मुकाबले कम है। इसके साथ ही लोकसभा की 543 सीटों में से 283 सीटों पर प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में दर्ज हो गया है। तीसरे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आयोग का राज्य वार मतदान प्रतिशत

असम	74.86	गुजरात	56.83
बिहार	56.55	कर्नाटक	68.22
छत्तीसगढ़	66.99	मध्य प्रदेश	63.13
दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव	65.23	महाराष्ट्र	54.98
गोवा	74.32	उत्तर प्रदेश	57.34
		पश्चिम बंगाल	73.93

मतदान करने आए बुजुर्ग की पोलिंग बूथ में गिरने से मौतः छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात लोकसभा सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आई है। जहां मंगलवार को मतदान करने आए एक बुजुर्ग मतदाता के अचानक गिरने से मौत हो गई। मृतक के पहचान पत्र से पता चला की उसका नाम तारसियुस टोप्पो था।

मतदाताओं पर मधुमक्खियों का हमला, 8 लोग घायल जिले के आरा में मतदान करने आए ग्रामीणों पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के काटने से 8 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरा के हाई स्कूल में मतदान के दौरान मतदाताओं पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया।

छत्तीसगढ़ में शाम 6 बजे तक वोटिंग रात तक 66.99% मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के चुनाव में छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीटों में रात तक 66.99% मतदान दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ में तीसरे फेस के इस चुनाव में शाम 6 बजे तक ही मतदान हुए। आज हुए मतदान के दौरान प्रदेश की 7 लोकसभा सीटों में भीषण गर्मी, बदली और फिर अंधड़-तूफान का भी असर दिखा। धमतरी, बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा, कोरबा और रायगढ़ के अलावा दुर्ग में भी मौसम का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कहीं ईवीएम में गड़बड़ी ..तो कहीं मतदाताओं से दुर्व्यवहार की शिकायत

मतदान के दौरान कई केंद्रों में वोटिंग मशीन में गड़बड़ी की भी शिकायत रही। संसदीय क्षेत्र रायगढ़ में वोटिंग शुरू होते ही कई मतदान केंद्रों से ईवीएम में खराबी को लेकर सूचना मिलती रही। जहां मतदाता मशीन के ठीक होने का इंतजार करते रहे। पहली खबर जशपुर जिले के सुलेसा से आई। यहां के बूथ नम्बर 3 में वोटिंग के निर्धारित समय पर ईवीएम शुरू नहीं हो पाया था। वहीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर को अपनी खानदानी जागीर समझने वाले नेताओं की राजनीतिक दुकानदारी बंद होने के खतरे ने उनका दिमाग खराब करके रख दिया है। कश्मीर से 370 के खात्मे के बाद तो उन्हें अपना वजूद ही खत्म होता लग रहा है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने फिर एक बार पाकिस्तान की भाषा बोली है। पीआके को लेकर उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान ने चुडियां नहीं पहनी है। वह भारत पर परमाणु बम से हमला कर सकता है। ऐसे सिरफिरे की सही जगह पागलखाना या जेल खाना होनी चाहिए।

झारखंड में ईडी की एक साथ 7 नए ठिकानों पर छापेमारी

रांची, (वार्ता)। झारखंड सरकार के काबीना मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक समेत कई अन्य लोगों ठिकानों पर ईडी ने कल छापेमारी की थी लेकिन आज भी एक साथ सात नये ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ-साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां छापेमारी चल रही है। दूसरी तरफ ईडी की टीम ने रांची के डोरंडा इलाके में रहने वाले कांट्रेक्टर राजू सिंह के ठिकानों पर छापा मारा है।

पहले चरण में विपक्ष पस्त, दूसरे में ध्वस्त और तीसरे के बाद उन्हें दिखने लगे तारे

■ **मध्यप्रदेश के धार जिले में पीएम नरेंद्र मोदी की सभा**

धार, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की ओर से भारतीय जनता पार्टी के '400 पार' के नारों पर सवाल उठाने वालों को जवाब देते हुए आज कहा कि विपक्ष 400 पार के संदर्भ में अफवाहें फैला रहा है और भाजपा के पास तो एनडीए प्लस के तौर पर 400 का समर्थन पहले से ही था। पीएम मोदी मध्यप्रदेश के धार जिले में धार संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संविधान नहीं होता तो एक ही परिवार का राज चलता रहता

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली इंदौर जिले के महू से कुछ दूर स्थित धार में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अगर बाबा साहब अंबेडकर का संविधान नहीं होता तो मोदी यहां नहीं होता। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव आयोग की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर : खड़गे

■ **कांग्रेस अध्यक्ष ने इंडिया समूह के घटक दलों के नेताओं को लिखे पत्र**

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। खड़गे ने इंडिया समूह के घटक दलों के नेताओं को लिखे पत्र में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मतदान आंकड़ों में विसंगतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। उन्होंने कहा यह पब्लिक डोमेन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अंतिम मतदान प्रतिशत में वृद्धि पर सवाल

कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पत्र में ईसीआई से पूछा, मतदान की समाप्ति की अवधि 19 अप्रैल 19 बजे से लेकर 30 अप्रैल को मतदाता मतदान डेटा के देरी से जारी होने तक अंतिम मतदान प्रतिशत में 5.5 की वृद्धि कैसे हुई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिग्विजय सिंह का ईवीएम पर सवाल

राजगढ़/भोपाल, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह उनका आखरी चुनाव है और हम अब युवाओं को मौका देंगे।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण को लेकर जारी मतदान के बीच मीडिया से चर्चा के दौरान सिंह ने ईवीएम पर सवाल उठाए हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता चुनाव को प्रभावित कर रहे है। उन्होंने कहा कि 'ये मेरा आखिरी चुनाव इसलिए है और मैं 77 साल का हो गया हूं और हम नए युवा को मौका देंगे।

अंतागढ़ टेप काण्डः हाईकोर्ट की डबल बेंच ने की एफआईआर खारिज

भूपेश सरकार ने शुरू करवाई थी जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। बहुचर्चित अंतागढ़ टेप काण्ड मामले पर हाईकोर्ट ने मंतूराम पवार की याचिका का निपटारा कर दिया है। सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने याचिका निराकृत कर दी है। मामले की सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से पैरवी कर रहे महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने कोर्ट को बताया कि, इस केस में दर्ज एफआईआर का ख़ारिज खात्मा हो चुका है। इस केस में बीजेपी के पूर्व मंत्री राजेश मूणत, दिवंगत अजीत जोगी, उनके बेटे अमित जोगी, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के दमाद डॉ. पुनीत गुप्ता, मंतूराम पवार पर धोखाधड़ी और पैसों के प्रलोभन और भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत जो मामला पंडरी थाने में दर्ज किया गया था। इस मामले में जांच पूरी करने के बाद क्लोज़र रिपोर्ट भी दाखिल हो चुकी है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल को कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं

■ **न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ाई गई**

नई दिल्ली, (वार्ता)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में आगे की सुनवाई गुरुवार या अगले सप्ताह होने की संभावना है। दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को 20 मई तक बढ़ा दी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। राजधानी में राउस एवेन्यू की विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया।

मुख्यमंत्री की हिरासत की अवधि समाप्त हो रही थी। इस बीच, 'आप' के संयोजक को अंतरिम जमानत पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी नेशनल कोओर्डिनेटर पद से हटाया

लखनऊ, (ए.)। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल कोओर्डिनेटर और अपने उत्तराधिकारी के पद से हटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि मूवमेन्ट के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक फ़िलहाल उन्हें इन दोनों जिम्मेदारियों से अलग रखा जाएगा।

मायावती ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'विदित है कि बीएसपी एक पार्टी के साथ ही बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमान तथा सामाजिक परिवर्तन का भी मूवमेन्ट है जिसके लिए कांशीराम जी व मैंने खुद भी अपनी पूरी जिन्दगी समर्पित की है और इसे गति देने के लिए नई पीढ़ी को भी तैयार किया जा रहा है।'

उन्होंने लिखा, 'इसी क्रम में पार्टी में अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के साथ ही आकाश आनन्द को नेशनल कोओर्डिनेटर व अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शरबत-छाछ के सरकारी इंतजाम पर बीजेपी एजेंट बैठे ..तो मचा बवाल

■ **कलेक्टर ने बूथ पर शर्बत-छाछ लेकर एनजीओ बैठाए, उनमें बैठ गए भाजपा एजेंट, तो कांग्रेस ने किया चक्काजाम**

रायपुर/नवप्रदेश। शरबत -छांछ के सरकारी इंतजाम पर बीजेपी एजेंट बैठे तो बवाल मच गया। कलेक्टर डा. गौरव कुमार और निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा पिछले दो दिन से मोबाइल पर काल कर अपील कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग बूथ पर जाएं। इस दफा रायपुर प्रशासन ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने के लिए न सिर्फ बेहद सक्रिय रहा, बल्कि पहली बार कलेक्टर और निगम कमिश्नर के मोबाइल पर काल आए।

यह बेशक चुनाव आयोग के निर्देश पर वोट के अधिकार का उपयोग बढ़ाने के लिए किया जा रहा हो, लेकिन रायपुर के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय समेत कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि रायपुर कलेक्टर और उनके नेतृत्व में पूरा प्रशासन पर भाजपा की कठपुतली बनकर चुनाव करवाने में भिड़ा हुआ नजर आया। यह आरोप ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले अब विलुप्ति की कगार पर : साय

रायपुर/बगिया/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया में सपरिवार मतदान किए। यहां सीएम साय ने कहा, रामगोपाल यादव राम विरोधी हैं। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां अब विलुप्ति की कगार पर हैं। कांग्रेस में नारियों का अपमान होता है। तंदूर कांड इनके ही नेता ने किया था। सीएम साय ने दावा किया है कि प्रदेश की सभी 11 सीटें हम जीत रहे हैं।

रामगोपाल यादव हैं राम विरोधी

मतदान के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान सपा नेता रामगोपाल यादव द्वारा राम मंदिर के वास्तु शास्त्र पर सवाल उठाए जाने पर सीएम साय ने कहा कि ये राम विरोधी लोग हैं, जो कुछ भी बोलते हैं। इन्होंने तो राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण भी ठुकरा दिया था, तो इनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं, जबकि निमंत्रण किसी का भी हो उसे स्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

...लेकिन कांग्रेस में हमेशा नारियों का हुआ अपमान

कांग्रेस में राष्ट्रीय प्रवक्ता रही राधिका खेड़ा के उनके पार्टी के नेता द्वारा अपमान पर सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। जो बोलते हैं ठीक उसके विपरीत ये लोग करते हैं। ये नारी सम्मान की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस में हमेशा नारियों का अपमान हुआ है। महिला को काट-काट कर तंदूर में जलाने का काम भी कांग्रेसियों ने किया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मतदान के बाद साफ हो गया भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेंगे : दीपक बैज

■ **पूरे देश में भाजपा 150 तक नहीं पहुंचेगी, जनता का माना आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। तीसरे चरण के मतदान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भीषण गर्मी की परवाह नहीं करते हुये अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य को मतदान करके निभाया यह छत्तीसगढ़ के मतदाताओं की अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को दिखाता है। कांग्रेस पार्टी सभी मतदाताओं का अभिनंदन करती है। तीसरे चरण के साथ ही राज्य के सभी 11 लोकसभा सीटों पर मतदान पूरा हो गया है। सभी 11 सीटों पर कांग्रेस के जीत की संभावनायें प्रबल है। कांग्रेस भाजपा से ज्यादा सीटें जीत रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने बदलाव के लिये मतदान किया है। जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, वादाखिलाफी के विरोध मतदान किया। आज मतदान हुये सभी 7 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के पक्ष में रूझान साफ दिख रहा था। लोग मोदी सरकार की विदाई के लिये भीषण गर्मी में अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों तक आये और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। पहले दो चरणों से ही साफ हो गया था प्रदेश की जनता में मोदी सरकार के लिये आक्रोश है। तीसरे और अंतिम चरण में मतदाताओं के रूख ने पुख्ता कर दिया कि राज्य की जनता मोदी सरकार के 10 साल के कुशासन और वादाखिलाफी से परेशान है। जनता ने अपने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के सबसे पूरा देश...
लोकतंत्र का महापर्व 2024

मीडिया में कंपीटिशन इतना है कि समय से आगे चलना पड़ता है, पीएम मोदी ने दी एक सलाह

अहमदाबाद (ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट पर मंगलवार को मतदान किया। इस सीट से होम मिनिस्टर अमित शाह चुनावी समर में उतरे हैं। प्रधानमंत्री ने मतदान के बाद मीडिया से भी बात की और पत्रकारों को अपनी सेहत का ख्याल रखने की सलाह दी। पीएम मोदी ने कहा, 'गर्मी के दिनों में आप लोग दिन रात दौड़ लगा रहे हैं। चुनाव के दिनों में आपको बहुत मेहनत करनी पड़ी है। मीडिया का कंपीटिशन भी इतना है कि आपको समय से आगे दौड़ना पड़ता है। मैं तो मीडिया के साथियों से कहूंगा कि अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि मैं तो यही कहूंगा कि ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इससे एनर्जी लेवल मेंटेन रहता है और तबीयत भी ठीक रहती है।'

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मतदान कोई सामान्य दान नहीं है। भारत में दान का एक महात्म्य है। अभी तीसरे राउंड का मतदान है। अभी तीन सप्ताह और वोटिंग चलेगी और 4 राउंड अब भी बाकी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं नियमित यहीं से मतदान करता हूं। अमित भाई यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। रात को ही आंध्र प्रदेश से आया हूं। अब महाराष्ट्र, तेलंगाना जैसे राज्यों में जाना है। मैं देश के मतदाताओं को आभार व्यक्त करता हूं कि वह पूरे उत्साह के साथ वोटिंग में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। वह आमतौर पर इसी मतदान केंद्र पर वोट डालते रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी मतदान के लिए पहुंचे तो होम मिनिस्टर अमित शाह ने उनका स्वागत किया और साथ ही रहे। मतदान के बाद स्कूल से बाहर निकले पीएम नरेंद्र मोदी ने एक लड़की के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। बता दें कि गांधीनगर लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ रही है। अमित शाह से पहले भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी भी यहां से चुनाव लड़ते रहे हैं। अमित शाह ने 2019 में भी इस सीट पर बड़े अंतर से जीत हासिल की थी।

हाथ में आईडी कार्ड, लेकिन वोटर लिस्ट में नाम नहीं

अररिया (ए.)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आज बिहार की 5 सीटों पर मतदान हो रहा है। जिसमें झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया शामिल है। लेकिन इस दौरान अररिया में कई बूथों पर ऐसी स्थिति दिखी जब आईडी रहने के बावजूद शहर के शिवपुरी मोहल्ले के कई वोटरों का नाम मतदाता सूची से गायब दिखे।

अररिया के कई बूथों पर ऐसा हाल, बीएलओ पर भड़के लोग

पहचान पत्र रहने के बावजूद वोटर लिस्ट में नाम नहीं रहने और वोट देने से वंचित तारा देवी, गिरजा देवी, सतिया देवी, निशा देवी, नरेश मलिक, वीणा देवी, शांति देवी, संतोष बहरदार, डोमनी देवी, गणेश सहनी कौशल्या देवी समेत अन्य लोगों ने कहा कि बीएलओ की लापहरवाही के कारण ये नौबत आई है। इन लोगों का कहना है कि हर चुनाव में हम मतदान करते आए हैं। वहीं पूर्व वार्ड आयुक्त शिबू दास ने कहा कि यह तो कुछ नहीं है। 9 बूथों में शिवपुरी मोहल्ला, गोढ़ी चौक आदि जगहों के 500 से ज्यादा वोटरों का नाम गायब है। लोकसभा, विधान सभा के बाद नगर निकाय के चुनाव में भी मतदान किये थे। लेकिन इस बार एक साजिश के तहत नाम हटा दिया गया है। इसकी जांच हो और दोषी पर कार्रवाई की जाय। हाथ में पहचान पत्र पर वोटर लिस्ट में नाम नहीं, ये तस्वीर अररिया के कई बूथों पर देखने को मिली। खासकर आईडी रहने के बावजूद शहर के शिवपुरी मोहल्ले के कई वोटरों का नाम मतदाता सूची से गायब दिखे। इससे मतदाताओं में काफी नाराजगी है।

मधेपुरा में इस बूथ पर गिरे सिर्फ पांच वोट, इंतजार में बैठे रहे पोलिंग कर्मी

मधेपुरा। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में बिहार के मधेपुरा में दो जगहों पर लोग वोट डालने बूथ पर ही नहीं पहुंचे। वोटरों ने स्थानीय विकास के मुद्दे को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। इससे बूथ पर बैठे पोलिंग कर्मी भी इंतजार करते रहे लेकिन इक्का-दुक्का लोग ही वोट डालने पहुंचे। एक बूथ पर सुबह से दोपहर तक महज 5 लोगों ने वोट डाला। जानकारी के मुताबिक मधेपुरा सदर प्रखंड के मदनपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 11 उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मैनिरही बूथ संख्या 187 और मुरलीगंज प्रखंड के दिना पट्टी सखुआ पंचायत स्थित बूथ संख्या 73 पर लोगों ने वोट का बहिष्कार कर दिया। सुबह 10 बजे तक बूथ खाली पड़ा रहा, पोलिंग अधिकारी बूथ पर जमे रहे। ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर वोट नहीं देने का निर्णय लिया। मतदाताओं ने कहा कि यहां से जिला मुख्यालय दूरी महज 3 मात्र किलोमीटर है। इसके बावजूद सड़क की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। बूथ पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी ने बताया कि सुबह से खबर लिखे जाने तक मात्र पांच लोगों ने मतदान किया है। मैनिरही बूथ संख्या 187 पर मतदाताओं की संख्या 1062 है।

सनातन संस्कृति को गाली देना विपक्षियों के लिए फैशन: योगी

■ **मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत के समर्थन में सभा**

सीतापुर, (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि सनातन संस्कृति को गाली देना, देश की सत्ता को चुनौती देना, प्रभु राम और कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना आजकल विपक्षी नेताओं के लिए एक फैशन सा बन गया है।

मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि जब विनाश काले विपरीत बुद्धि होती है तो लोग ऐसा ही करते हैं। उन्हे मालूम होना चाहिये कि ये धरती ऋषियों और सनातनियों की है। वह केवल यज्ञ हवन तक ही सीमित नहीं थे, बल्कि विपत्ति आने पर राक्षसों का नरसंहार भी करते थे। ऐसे में प्रभु राम और कृष्ण पर सवाल खड़ा करने वालों को हम कैसे स्वीकार कर सकते हैं। देश की जनता वोट की चोट के जरिये इसका हिसाब देगी।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया सीतापुर और उत्तर प्रदेश की तरफ देख रही है क्योंकि जब कोई रामद्रोही राम के अस्तित्व को नकारने का प्रयास करता है तो नैमिष सामने आ खड़ा होता है।

सीतापुर में सबसे अधिक शौचालय और उज्जवला योजना का मिला लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीतापुर में सबसे अधिक शौचालय और उज्जवला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन दिये गये हैं। ऐसे में मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि जो लोग गरीब कल्याणकारी योजनाएं से छूट गये हैं उन्हे चुनाव के बाद सुविधा दी जाएगी। यह मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आह्वान किया कि इस बार ऐसी वोट की चोट करिये ताकि आतंकवाद और माफिया का समर्थन करने वाले हमेशा के लिए भारत की चुनाव प्रक्रिया से गायब हो जाएं। वह दोबारा चुनाव लड़ने की हिम्मत ही न कर पाएं। यह चुनाव केवल चुनाव नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए चुनाव है। ऐसे में हमे तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है और अबकी बार 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करना है।

पवार परिवार की दोगुनी हुई टेंशन! बारामती ही नहीं एक और गढ़ सतारा भी दांव पर

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र की सतारा सीट पर एक तरफछत्रपति शिवाजी के वंशज हैं और दूसरी तरफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी संस्थापक शरद पवार का करीबी सहयोगी हैं। सतारा से सांसद बनने की होड़ में लगे दोनों उम्मीदवारों का कहना है कि क्षेत्र में आम आदमी और नौकरियां तथा शिक्षा जैसे जमीनी स्तर के मुद्दे मायने रखते हैं। राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता शशिकांत शिंदे के मुकाबले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मराठा शासक के 13वें वंशज उदयनराजे भोसले को उम्मीदवार बनाया है।

भोसले ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'मैंने कभी भी चुनाव में या अपने जीवन में छत्रपति शिवाजी के नाम का इस्तेमाल नहीं किया। मैं एक आम आदमी की तरह रहता हूं।' पूर्व विधायक शिंदे के मुताबिक, सतारा में मतदाता चाहते हैं कि उनका प्रतिनिधित्व एक आम व्यक्ति करे। उन्हें शरद पवार पर भरोसा है, जो एक मजबूत राजनीतिक खिलाड़ी बने हुए हैं और अभी भी प्रतिद्वंद्वियों को मात देने में सक्षम हैं।

शिंदे ने कहा, 'नई पीढ़ी को एक औद्योगिक केंद्र, बेहतर शिक्षा, आईटी पार्क और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। यहां हजारों गन्ना किसान हैं, लेकिन केंद्र द्वारा चीनी निर्यात पर प्रतिबंध ने उन्हें नाराज कर दिया है।'

निर्दलीय उम्मीदवार ददन पहलवान ने किया नामांकन

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण के लिए मंगलवार, 7 मई से नामांकन शुरू हो गया है। सातवें चरण में बिहार की आठ सीटों पर 1 मई को मतदान होगा। बक्सर लोकसभा सीट भी उन्हीं आठों सीटों में से एक है। पहले दिन दो सूबे के दो दिग्गज नामांकन करने पहुंचे। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री ददन पहलवान और पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। ददन पहलवान तो घोड़े पर सवार होकर नामांकन करने पहुंचे थे। बक्सर लोकसभा क्षेत्र में अपनी विशेष पकड़ रखने वाले निर्दलीय प्रत्याशी ददन पहलवान उर्फ ददन यादव को अपनी सामाजिक समीकरण पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोग मुझे प्यार करते हैं। विधानसभा में कई बार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीता कर मुझे विधानसभा भेजा है। इस बार भी जनता का अपार प्यार मुझे मिलेगा।

तेजस्वी व्हीलचेयर पर अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे, पेन किलर खाकर चुनाव प्रचार कर रहे

पटना (ए.)। लोकसभा चुनाव में धुआंधार प्रचार कर रहे आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का कमर दर्द बढ़ता ही जा रहा है। वे सोमवार देर रात पटना के आईजीआईएमएस में जांच और इलाज कराने पहुंचे। इस दौरान उन्हें गाड़ी से अस्पताल में व्हीलचेयर पर लाया गया। अब तक वे दर्द निवारक गोलियां यानी पेन किलर खाकर ही अलग-अलग जगहों पर चुनावी रैलियां कर रहे हैं। तेजस्वी की ओर से मंगलवार को इसकी जानकारी दी गई।

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पिछले कुछ दिनों से तेज कमर दर्द की समस्या से जूझ रहे हैं। पिछले दिनों अररिया में एक चुनावी रैली के दौरान मंच पर अचानक उनकी पीठ में तेज दर्ज उठा। इसके बाद उन्हें समर्थक एवं सुरक्षाकर्मी पकड़कर गाड़ी तक लाए। उस दौरान दरभंगा में तेजस्वी ने डॉक्टरों से इलाज भी कराया।

अकाली दल के उम्मीदवार ने टिकट लौटाई; पार्टी भी छोड़ी

चंडीगढ़ (ए.)। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार हरदीप सिंह बुटेरला ने पार्टी छोड़ने की घोषणा करते हुए पार्टी प्रधान सुखबीर बादल को अपना टिकट लौटा दिया। बुटेरला ने आरोप लगाया कि चुनाव लड़ने से पहले पार्टी के सामने मांग रखी थी कि इस बार अकाली दल चंडीगढ़ में अकेले चुनाव लड़ रहा है। ऐसे में यहां प्रचार और समर्थन के लिए सीनियर नेताओं की जरूरत पड़ेगी। सुखबीर बादल 13 सीटों पर प्रचार कर रहे हैं लेकिन 14वीं चंडीगढ़ सीट को भूल गए हैं। पहले चंडीगढ़ में भाजपा और अकाली दल मिलकर चुनाव लड़ते थे। अकाली दल ने इस बात पर अलग होकर हरदीप सिंह बुटरेला को मैदान में उतारा था। वो कई दिन से प्रचार भी कर रहे थे। आज अचानक उन्होंने पूरी प्रदेश कार्यकारिणी के साथ इस्तीफा दे दिया। टिकट भी लौटा दी है।

चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हरदीप सिंह बुटेरला ने कहा कि पार्टी के सहयोग के बिना वह चुनाव नहीं लड़ सकते। वहीं, इस घटनाक्रम से अकाली दल की मु?श्किलें बढ़ गई हैं। बुटेरला ने कहा कि मुझे चुनाव लड़ने के लिए फंड की जरूरत थी लेकिन पार्टी ने फंड नहीं दिया। मैं एक किसान परिवार से हूं और अकेले चुनाव नहीं लड़ सकता।

विश्व कल्याण के लिए महाशक्ति बनेगा भारत, 2047 तक बनाना सुपरपावर : राजनाथ सिंह

लखनऊ (ए.)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश ही नहीं, बल्कि महाशक्ति (सुपर पावर) बनाना है। महाशक्ति किसी देश पर आक्रमण करने, किसी देश पर कब्जा करने के लिए नहीं, बल्कि विश्व कल्याण के लिए बनाना है। रक्षामंत्री सोमवार को निराला नगर स्थित माधव सभागार में सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में आयोजित समरसता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का कद बहुत ऊंचा हुआ है। पहले विश्व मंच पर भारत की बात को गंभीरता से नहीं सुना जाता था, लेकिन आज अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है।

चुनाव में समय न देने पर माफी मांगी : रक्षामंत्री ने व्यस्तता का हवाला देते हुए कहा कि लखनऊ निर्वाचन क्षेत्र में जितना समय मुझे देना चाहिए। उतना मैं नहीं दे पा रहा है। इसके लिए मैं लखनऊ की जनता से माफी मांगता हूं। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, रक्षामंत्री ओएसडी केपी सिंह, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, डा. राघवेंद्र शुक्ला, लखनऊ महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया, डा. प्रमोद कुमार गंगवार, अभिलाषा कटियार सहित कई लोग शामिल हुए।

10 वर्षों के भीतर गरीबी पूरी तरह समाप्त करेंगे

भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि आजाद भारत में सभी सरकारों ने देश से गरीबी समाप्त करने की बात कही, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए। हमारा संकल्प है कि अगले 10 वर्षों के भीतर भारत से गरीबी पूरी तरह समाप्त करने का काम करेंगे। रक्षामंत्री ने कहा कि देश की जनता का समर्थन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। इसलिए चुनाव के दौरान प्रत्याशी नहीं देखना है, बल्कि नरेन्द्र मोदी को एक बार प्रधानमंत्री बनाना है। इस उद्देश्य से शत-प्रतिशत मतदान करना है। रक्षामंत्री ने कहा कि 20 मई को एक भी मतदाता शेष नहीं रहना चाहिए जो अपना मतदान केंद्र तक न पहुंचे।



अखंड भारत बनाने में सरदार पटेल का अहम योगदान

रक्षामंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को अखंड देश बनाने में अहम योगदान दिया। आजादी के बाद सरदार पटेल ने देश की सभी रियासतों को एक करने का काम किया। कुछ रियासतों ने भारत में विलय करने से मना किया, लेकिन उन्होंने सरदार पटेल की कुटनीति का नतीजा था कि एक भारत हो सका। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री का पद संभाला। उन्होंने सबसे पहले सरदार पटेल की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाने का संकल्प लिया। इसके लिए हिन्दुस्तान के प्रत्येक गांव से किसान और जन-जन से लोहे का टुकड़ा इक्ट्ठा किया, जिसके बाद यूनिटी ऑफ स्टैच्यू बनवाया।

भारत वर्ष 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

रक्षामंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले अर्थव्यवस्था के मामले में भारत दुनिया में 11 स्थान पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। भारत जिस तेजी से विकास कर रहा है। उससे भारत वर्ष 2027 तक विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय अपने निर्वाचन क्षेत्र में घूमते रहे वही पुरानी बस्ती सरस्वती स्कूल बूथ में धरना प्रदर्शन पर रोड में बैठ गए जिससे घंटा वोटिंग में प्रभावित हुआ।

न्यूज गैलरी

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर विशेष ब्लड टेस्ट की व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबध्द डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में अपर मुख्य सचिव(एसीएस) श्री मनोज कुमार पिंगुआ के निर्देश पर मरीजों की विभिन्न बीमारियों के लिए आवश्यक खून संबंधी विभिन्न जाँच हो सकेंगी। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने मरीजों के हित में चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल प्रबंधन की बैठक लेकर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन को खून जाँच हेतु अतिशीघ्र व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे। एसीएस महोदय के निर्देशानुसार रिजेंट्स और दवाइयों की व्यवस्था कर ली गई है तथा रायपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विभिन्न प्रकार के जाँच हो सकेंगे। विभाग मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सेवा देने के लिए संकल्पित है। भविष्य में भी दवाइयों की और रिजेंट्स की कमी ना हो इसके लिए भी उच्च स्तर पर रणनीति बना ली गई है। स्थानीय स्तर पर तैयारियों के साथ-साथ सीजीएमएससी के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। व्यवस्था में लगातार सुधार कार्य जारी रहेंगे।

भारतीय संविधान में सभी धर्मों एवं सभी वर्गों को समान अधिकार दिया है -सपा

रायपुर/नवप्रदेश। समाजवादी के प्रवक्ता डॉ. पुरूषोत्तम सोनवानी ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मा. नवीन गुप्ता ने कहा कि भारतीय संविधान में सभी धर्मों, सभी वर्गों को समान अधिकार दिया गया है। क्या छत्तीसगढ़ की साय सरकार खुद मुख्यमंत्री बन गए हैं तो क्या सभी आदिवासियों का विकास हो गया क्या?। मुख्यमंत्री आदिवासियों से बात करके जनता को गुमराह कर रही है सिर्फ पीठ थपथपाकर सम्मान देने से आदिवासी परिवार एवं प्रदेश की जनता का कुछ भला होने वाला नहीं है। कई आदिवासी परिवार नक्सलियों एवं फोर्स के बीच हुए मुठभेड़ में मर गए उनके लिए सरकार ने का क्या? आदिवासी महिलाओं के योनि में पत्थर एवं गोंटी डालकर बहुत प्रताड़ित किए। ये केवल भाजपा सरकार का एक झल है उनकी कीमती वोट लेने का। उनको सच्चा सम्मान देना नहीं है काम करना है तो उनकी मुलभूत स्वास्थ्य, शिक्षा, पुल की व्यवस्था, बिजली, स्वच्छ जल, सड़क, रोजगार, राशन, कोयला एवं लोहा खदान में युवाओं को रोजगार दे, ये सभी आवश्यकता भाजपा सरकार नजर अंदाज कर देती है। लगातार 15 साल सत्ते में रही भाजपा सरकार जनता के हित में मुलभूत सुविधाओं में कोई काम नहीं किया।

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान : किरण सिंह देव

■ **जनता सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा की सरकार चाहती है**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ में मंगलवार को तीसरे चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि बस्तर, कॉंकेर, राजनांदगॉंव और महासमुंद में पहले और दूसरे चरण के मतदान में भाजपा को अपना भरपूर आशीर्वाद देने के बाद अब दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चॉंपा और सरगुजा लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। तीसरे चरण चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा और 7 लोकसभा सीटों में हुए मतदान लगभग 75 प्रतिशत रहा। श्री देव ने कहा कि शुक्रवार को मतदान के दूसरे चरण में मतदान का भारी प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फ्लीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफहो रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सम्पन्न तीनों चरणों के मतदान के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाया और भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखी है और छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक सलवाद, भ्रष्टाचार, कांग्रेस के छलावों, झूठ और दंभपूर्ण अमर्यादित टिप्पणियों के दंश से लहूलुहान छत्तीसगढ़ की जनता ने अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने के अभियान पर पक्की मुहर लगाई है। श्री देव ने कहा कि एक ओर जहाँ बस्तर, राजनांदगाँव, महासमुंद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चाँपा में कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ही काफी आक्रोश देखा गया, वहीं अपने शासनकाल में भूपेश सरकार के भ्रष्ट कारनामों ने बिलासपुर और जांजगीर-चाँपा क्षेत्र में जनाक्रोश बढ़ाने का काम किया तो प्रदेश के गृह मंत्री और महासमुंद जिले के प्रभारी मंत्री रहे महासमुंद संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी की कार्यप्रणाली से न केवल कांग्रेस कार्यकर्ता, अपितु साहू समाज में भी काफी आक्रोश साफनजर आया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ने वाली अपनी ओछी टिप्पणी के लिए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने जनता की नाराजगी मोल ली तो कवासी लखमा ने लगातार मोदी के खिलाफ न केवल निम्न स्तर के बयान दिए, बल्कि अपने जीतने और मोदी के मरने तक की बात कहकर कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र का शर्मनाक प्रदर्शन किया। कॉंकेर जिले में एक साथ 29 नक्सलियों को मार गिराए जाने के बाद समूचे बस्तर को नक्सलमुक्त करने के प्रदेश की भाजपा सरकार के संकल्प पर सवाल खड़ा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने उसे फर्जी एनकाउंटर बताकर कंग्रेस-नक्सली रिश्तों को बेनकाब कर दिया।

विवाद के बाद तमतमाए पति ने पत्नी की गला दबाकर ले ली जान

■ **पुलिस जब मौके पर पहुंची तो इस तरह हुआ वारदात का खुलासा**

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के अतिम छोर गांव मेचका में बेरहम पति ने गला दबाकर अपने पत्नि की हत्या कर दी, हत्या के वारदात के बाद गांव में सनसनी है, मामला जिले के मेचका थाना क्षेत्र के मेचका गांव का है, इधर मामले की जानकारी मिलते ही मेचका थाना प्रभारी राधेश्याम बंजारे सहित टीम मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है

जानकारी के मुताबिक बीते घटना मेचका गांव का खाले पारा मे रहते थे जहां गुंजराम नेताम अपने पत्नी शकुंतला और तीन बच्चों के साथ रहता था बताया जा रहा है कि रविवार यानी 5 मई की रात शराब के नशे में धूत गुंजराम नेताम और उसकी पत्नि शकुंतला नेताम का किसी बात को लेकर विवाद हो गया इस दौरान देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि पति ने अपने पत्नि की पिटाई कर दी।जिसके बाद महिला शकुंतला नेताम पास में ही मौजुद अपने सास, ससुर के घर जाकर सो गई,वहीं अगले दिन सोमवार यानी सुबह वह उठकर नहाने गई और नहाने के बाद फिर सो गई,लेकिन काफी देर बाद भी जब वह सोकर नहीं उठी तो परिजनों ने उन्हें जगाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

चिलचिलाती गर्मी से मिली राहत

■ **मौसम विभाग ने जारी किया था एलो अलर्ट**

रायपुर/नवप्रदेश, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में आज मंगलवार को बारिश होने से चिलचिलाती गर्मी से प्रदेशवासियों को राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के कई हिस्सों में मंगलवार को गरज के साथ बारिश होने की बात कही गई थी। विभाग ने प्रदेश में तीन घंटे के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया था। इसी के तहत बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर और सुकमा में बारिश की चेतावनी जारी की गई थी। येलो अलर्ट जारी किया गया था। इस दौरान प्रदेश में बादल छाए रहे। कई स्थानों पर तेज हवाओं और गरज के साथ बौछारें पड़ीं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिणी झारखंड और उसके आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किमी ऊंचाई पर है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में शाम रात तक अंधड़ के साथ बारिश होने की बात कही गई थी। साथ ही कुछ क्षेत्रों में बिजली भी गिर सकती है।

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल सह परिवार वोटिंग करने पहुंचे। वहीं मतदाताओं के लिए ठंडा पीने की व्यवस्था भी किया गया था।

पीएम सूर्यघर योजना में छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाएं

■ **आरईसी के सीएमडी विवेक देवांगन ने ली समीक्षा बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आरईसी (ग्रामीण विद्युतीकरण निगम) के चेयरमेन-एमडी श्री विवेक कुमार देवांगन ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएम-सूर्यघर योजना एवं आरडीएसएस योजना के विभिन्न घटकों के कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि इस योजना को प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। शहरी क्षेत्रों में बने पक्के मकानों की छतों में सोलर पैनल लगाकर लोगों को बिजली उत्पादन के लिए प्रेरित करें, इससे उनके घर का बिजली बिल बहुत कम हो जाएगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया स्थित मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में 6 मई को आयोजित बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री पी दयानंद ने की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक द्वय श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं श्री एसके कटियार विशेष रूप से उपस्थित थे।

श्री देवांगन ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना, आर.डी.एस.एस का प्रस्तुतिकरण देखा तथा बिंदुवार विषयों की समीक्षा की। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इन दोनो योजनाओं के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ को देश के पाँच अग्रणी राज्यों में शामिल कराने के लिए गंभीरता से प्रयास करेंगे।

पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 60 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इनमें से 42 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की खपत पर हाफबिजली योजना का लाभ दिया जाता है, उन्हें आधा बिल देना होता है। पीएम सूर्यघर योजना के तहत यदि वे अपने घर की छत पर सोलर प्लांट लगवाते हैं तो उनका बिजली बिल और भी कम हो जाएगा, जिससे उन्हें प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ होगा।

आरईसी के सीएमडी श्री देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे और हर आवेदक से स्वयं संपर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। उन्हें इस योजना के लिए बैंक से वित्तीय ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग करें। उन्होंने वेंडरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि प्रति सौ उपभोक्ताओं के बीच एक वेंडर हो। वेंडर से संपर्क स्थापित कर इस प्रक्रिया को 15 से 20 दिन में पूर्ण कराएं ताकि इस योजना के लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त कर लिया जाए।

श्री देवांगन ने आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेशभर में लगने वाले सभी स्मार्ट मीटर की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, वितरण ट्रांसफॉर्मर और फीडर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, इसके बाद घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। श्री देवांगन ने कहा कि स्मार्ट मीटर से पीएम सूर्यघर योजना के लिए अलग से नेट मीटर लगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

थालेसीमिया के खिलाफ जागरूकता एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल का प्रयास

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल लोगों को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए समर्थ है। थैलेसीमिया एक ऐसा गंभीर रोग है जिसमें लाल रक्तकोशिकाओं के उत्पादन में असमर्थता होती है, जिससे शारीरिकसंघर्ष का सामना करना पड़ता है। थकान, सांस लेने में कठिनाई, ठंड, चक्कर आना, और पीली त्वचा थैलेसीमिया के लक्षणों हैं। इस रोग के संघर्ष के समय, नियमित चिकित्सा जांच और उपचार का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल केवरिष्ठ सलाहकारइंटरनल मेडिसिन डॉ. मुकेश कुमार शर्मा का मानना है की आधुनिक उपचार सुविधाओं के साथ थैलेसीमिया के प्रबंधन में नेतृत्व कर रहा है। हमारे ब्लड बैंक केंद्र में प्रभावी रक्ताधान की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही हाल ही में हमने 2 बोन मेरो ट्रांसप्लांटभी किया हैं/इलाज अलग-अलग लोगों के लिए अलग हो सकता है, लेकिन रक्त स्त्राव को सामान्य करने के लिए रक्त प्रवाह को बढ़ावा देने और रक्त उत्पादन को सुधारने के लिए उपाय किए जा सकते हैं। थैलेसीमिया को नियंत्रित करने के लिए समयगत चिकित्सा जांच, उपचार, और सहायता का हमेशा समर्थन करते हैं। हम लोगों को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक करने के लिए संघर्ष करते हैं ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोग इस रोग के खिलाफ उचित सुरक्षा के साथ सजग रह सकेंऔर एम.एम.आई. नारायणा हॉस्पिटल इसमें आपके साथ है।

डॉ. मुकेश कुमार शर्मा नेयह भी कहा की संघर्ष के खिलाफ मिलकर, हम थैलेसीमिया के बचाव और इलाज की दिशा में नए उत्थानों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। लुस्पेटरसेप्ट जैसे उपचारों का प्रयोग थैलेसीमिया के रोगियों को राहत प्रदान करने में मदद करता है। हमारे विशेषज्ञ चिकित्सा टीम के द्वारा प्रदान की जाने वाली उचित देखभाल से, थैलेसीमिया के रोगियों को समर्थन और देखभाल की जरूरत प्राप्त होती है। इस विशेष दिन पर, हमारी कोशिश को सफल बनाने के लिए हम सभी को साझा जिम्मेदारी महसूस करते हैं। हम थैलेसीमिया के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए अपील करते हैं ताकि हम सभी एक स्वस्थ और खुशहाल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। संघर्ष के इस महत्वपूर्ण दौरान, हमारे संगठन, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, ने अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। हम आपके सहयोग और साझेदारी की अपेक्षा करते हैं, जिससे हम सभी मिलकर थैलेसीमिया के खिलाफ लड़ाई में सफल हो सकें।

तापमान बढ़ने से बढ़ी फलों और ठंडे पेयपदार्थों की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। धीरे धीरे तापमान में वृद्धि होते हुए दिखाई दे रही है जिसका सर्वाधिक असर राजधानी के लोगों के समूहों का ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों में पहुंचना है। गर्मी में प्रयुक्त होने वाले पेय पदार्थ यथा शरबत , आमरस, लस्सी, छाछ, विभिन्न कंपनियों के पेय पदार्थ के साथ ही कलिंदर, तरबूज, ककड़ी, लिची आदि की दुकानों में खरीददारी करते हुए लोग दिखाई दिये। चिकित्सक डॉ. चंद्रमणी तिवारी के अनुसार ठंडे पदार्थों का सेवन शरीर में पैदा होने वाली अतिरिक्त ऊर्जा को सोखता है। लोगों को लू से बचने के लिए सिर एवं कानों को बचाने के लिए स्कार्फ, गमछा आदि बांधकर कामकाज के क्षेत्रों में जाना चाहिए। डॉ. तिवारी के अनुसार आने वाले समय में इस बार भीषण गर्मी पड़ने वाली है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते सिर्फ छग ही नहीं बल्कि पूरी विश्व की जलवायु में अचानक परिवर्तन हो रहे हैं। प्रकृति में असंतुलन आने वाले समय में लोगों के लिए घातक सिद्ध होगा।

आईटीआई और डिप्लोमा के छात्रों का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सराकर निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में आईटीआई और इंजीनियरिंग (डिप्लोमा) के शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के कुल 18 छात्रों ने सामान्य तकनीकी श्रेणी में टोयोटा ट्रेनिंग एजुकेशनल प्रोग्राम (टी-टीईपी) को सफ्लतापूर्वक पूरा किया जिसमें छात्रों ने टी-टीईपी के तहत डीजल इंजन और पेट्रोल इंजन के व्यावहारिक ज्ञान को समझा और परखा।

सर्विस कायज़न टोयोटा रायपुर के डीजीएम सुशांत डे और यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने छात्रों को सर्टिफिकेट ऑफ एक्प्लिशमेंट÷ प्रदान किया । आईटीआई से जीतेंद्र, ताकेश कुमार, देवेश टंडन, कुलेश्वर प्रसाद, मुकजुल वर्मा, योगेश वर्मा, युवराज वर्मा, अभिषेक वर्मा, उदय कुमार, चंदन वर्मा, चेतन पैनादरिया, चंदन साहू, तुषार यादव और इंजीनियरिंग (डिप्लोमा) के छात्र आकाश चक्रवर्ती, गिरिराज किशोर, देवव्रत साहू, लोमेन्द्र सिवाने, विवेकानन्द साहू ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया ।

सम्मान समारोह में उप.रजिस्ट्रार दीप शर्मा, डॉ.अजय गुप्ता (एचओडी मैकेनिकल), श्री आर.एम.पटेल(प्रिंसिपल आईटीआई)असिस्टेंट प्रोफेसर तरूण सोनवानी भी उपस्थित थे।

सुविचार

अंगुली पर लगी स्याही सिर्फ़ निशान नहीं है। ये आपकी शान है। देश की पहचान है। लोकतंत्र की जान है। - अज्ञात

जनहित से जुड़े मुद्दे हाशिए पर

इस बार के लोकसभा चुनाव के जनहित से जुड़े मुद्दे हाशिए पर नजर आ रहे हैं। देश में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं का समाधान देश की जतना चाहती है, किन्तु राजनीतिक पार्टियां इन मुद्दों पर चुनाव ही नहीं लड़ रही है। विपक्षी पार्टियां गरीबी और महंगाई के साथ ही बेरोजगारी पर गाहे-बगाहे अपनी चिंता जरूर जाहिर करती रही हैं। विपक्ष के नेता इन मुद्दों को लेकर सरकार पर जुबानी हमले भी करते रहे हैं, लेकिन इन जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर न तो उन्होंने कभी कोई आंदोलन किया और न ही वे यह बताने की स्थिति में हैं कि यदि उनकी सरकार बनी तो वे गरीबी कैसे दूर करेंगे? महंगाई पर लगाम कैसे लगायेंगे, न ही वे यह बता रहे हैं कि विकराल होती बेरोजगारी की समस्या का उनके पास क्या समाधान है? यही वजह है कि आईएनडीआईए और खासतौर पर कांग्रेस पार्टी जाति जनगणना के मुद्दे को उछाल रही है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी पर कम बोलते हैं। उनका पूरा जोर जाति जनगणना पर ही रहता है। कांग्रेस ने तो अपने चुनावी घोषणा पत्र में जाति जनगणना के साथ ही आर्थिक सर्वेक्षण कराने का भी शिगूफा छोड़ रखा है। ऐसा करके कांग्रेस ने भाजपा को अपने खिलाफ एक हथियार मुहईया करा दिया है। आार्थिक सर्वेक्षण को लेकर भाजपा अब कांग्रेस पर जमकर निशाना साध रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी चुनावी सभाओं में यह मुद्दा प्रमुखता के साथ उठा रहे हैं और कांग्रेस पर यह आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी का छुपा हुआ एजेंडा बाहर आ गया है। अगर कांग्रेस के नेतृत्व में आईएनडीआईए की सरकार बनती है तो वह देश के लोगों की संपत्ति छीन कर अल्पसंख्यकों में बांट देगी। इस तरह आईएनडीआईए और एनडीए के बीच जाति जनगणना और संपत्ति के बंटवारे के मुद्दे को लेकर ही आरोप-प्रत्यारोप चल रहा है जो अब आरक्षण तक जा पहुंचा है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा अगर तीसरी बार सरकार बनाती है तो वह आरक्षण को खत्म कर देगी। इसके जवाब में भाजपा के नेता कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं कि यदि उसकी सरकार बनी तो वह अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति, जन जाति और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण कोटा कम कर देगी। जबकि हकीकत यह है कि आरक्षण व्यवस्था को कोई भी खत्म नहीं कर सकता, किन्तु चुनाव में अपना-अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए राजनीतिक पार्टियां आरक्षण के मुद्दे को उछाल रही है। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता। इसके बाद आरक्षण विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए। इसके बदले जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर राजनीतिक पार्टियों को मतदाताओं के सामने जाना चाहिए। इसी तरह संविधान को खतरे में बताने का आरोप भी राजनीतिक हथकंडा है। भारतीय संविधान को कोई भी नहीं बदल सकता, अलबत्ता इसमें कुछ संशोधन जरूर किये जा सकते हैं जो पूर्व में किये भी गए हैं और आगे भी किए जा सकते हैं, किन्तु भारतीय संविधान को कोई भी पार्टी चाहे जितना प्रचंड बहुमत प्राप्त कर ले, नहीं बदल सकती। इसलिए इसे लेकर भी व्यर्थ का बवाल खड़ा करना कतई उचित नहीं है।

नगरीय निकायों को बिजली विभाग का झटका

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को बिजली विभाग ने अपने नए निर्देश में करारा झटका दिया है जो उचित है। प्रदेश के नगरी निकायों द्वारा बिजली का बिल जमा करने में घोर लापरवाही की जाती रही है। कई नगरी निकायों में तो लाखों रुपये का बिजली बिल महीनों बकाया रहता है, क्योंकि नगरी निकायों द्वारा बिजली स्ट्रीट लाइटों पर खर्च की जाती है इसलिए नागरिक सुविधाओं की श्रेणी में रखकर बिजली नगरी निकायों का बिल लंबे अरसे से बाकी रहने के बावजूद बिजली नहीं काटा जाता है। यही वजह है कि नगरीय निकाय समय सीमा के भीतर बिजली बिलों को भुगतान करने में लापवाही करते रहे हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें सरचार्ज और कंपाउंड सरचार्ज भी भरना पड़ता है जिससे नगरी निकायों को ही आर्थिक नुकसान होता है। अब बिजली विभाग ने कड़ा निर्देश जारी किया है कि सभी नगरी निकाय हर महीने नियत तिथि के भीतर बिजली बिल का अनिवार्य रूप से भुगतान करें, अन्यथा निकायों को जो सरचार्ज देना पड़ता है उसकी वसूली नगर निगम के आयुक्तों और नगर पालिकाओं को सीएमओ से की जाएगी। इसके साथ ही बिजली बिल का परीक्षण और एनर्जी ऑडिट कराने का भी निर्देश दिया गया है। वास्तव में नगरी निकायों की नाक में नकेल कसना निहायत जरूरी है। नगरीय निकायों में यह भी देखा गया है कि बिजली का बेतहासा दुरूपयोग होता है। अक्सर सुबह देर तक स्ट्रीट लाइटें जलती ही रहती हैं। इस तरह की लापरवाही को रोकने के लिए नगरीय निकायों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कराना आवश्यक है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बिजली विभाग के इस कड़े निर्देश के बाद अब नगरीय निकायों के अधिकारी लापरवाही छोड़ेंगे और सरचार्ज के नाम पर नगरीय निकायों को पहुंचने वाली क्षति कम होगी। इस निर्देश का कड़ाई से पालन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

अधूरी शिक्षा

खलीफा हारून अल रसीद की यह इच्छा हुई कि राज्य में घूमकर यह देखा जाए कि जनता सुखी है कि नहीं ? राज्य-कर्मचारी कानूनों के पालन में किसी प्रकार से बाधक तो सिद्ध नहीं हो रहे हैं। एक दिन खलीफा घोड़े पर सवार होकर अपने मंत्री को साथ लेकर बगदाद शहर का निरीक्षण करने निकले। एक विशाल भवन पर 'भदरसा अब्बासिया' का बोर्ड देखकर खलीफा ने मंत्री से पूछा- ÷क्या हमारे शहजादे अमीन व मामून इसी मदरसे में तालीम लेने आते हैं। मंत्री के हाँ करने पर खलीफा घोड़े से उतरकर उस मदरसे में घुस गए। अंदर जाकर उन्होंने देखा कि सफेद दाढ़ी वाला एक वृद्ध अपने हाथ से पानी लेकर हाथ-मुँह धो रहा है। उस वृद्ध ने खलीफा को सलाम किया। यह वृद्ध उन दोनों शहजादों के उस्ताद थे। उस्ताद के सलाम का उत्तर देते हुए खलीफा ने कहा- मैं आपके मदरसे का मुआयना करने आया था, पर दुःख है कि आपके मदरसे की तालीम ही अधूरी है। मैंने अभी देखा कि आप नमाज पढ़ने के लिए हाथ-मुँह धो रहे थे, उस समय शागिर्दों का यह फर्ज था कि वे आपके लिए पानी लाते और स्वयं आपके पैर धोते। उस्ताद का स्थान सबसे ऊँचा होता है, उसकी सेवा करना प्रत्येक शागिर्द का फर्ज है। मुझे दुःख है कि इतने वर्षों में भी मेरे शहजादों को सेवा का यह छोटा-सा पाठ भी आप न पढ़ा सके।

पोहे-कचोरी भूल जाइए! 'स्वच्छ' इंदौर को अब इस 'शर्म' के लिए याद रखिए!

श्रवण गर्ग

इंदौर ही नहीं, उससे जुड़े मालवा-निमाड़ के बाक़ी सात संसदीय क्षेत्रों के मतदाता भी जानना चाहते हैं कि मोदीजी की सरकार में क्या एंटी-इंकम्बेंसी का इतना ज़बर्दस्त भय व्याप गया है कि कांग्रेस का सबसे कमज़ोर उम्मीदवार भी भाजपा के सबसे मज़बूत गढ़ में उसके मौजूदा उम्मीदवार को हरा सकता है ? अगर यह सही है तो मानकर चलना चाहिए कि देश इस समय एक बड़ी मोदी-विरोधी लहर की चपेट में है ! इंदौर में जो हुआ उसका संदेश पूरी दुनिया में उसी तरह गया है जिस तरह यहाँ के पोहे, कचोरी और जलेबी प्रसिद्ध हैं। चर्चाएँ बेमतलब नहीं समझी जानी चाहए कि भाजपा के मज़बूत गढ़ माने जाने वाले राज्यों- मध्यप्रदेश, राजस्थान ,छत्तीसगढ़–में भी पहले दो चरणों के कम मतदान ने पार्टी के आत्म-विश्वास को बुरी तरह से बौखला दिया है ! आशंकाएँ व्यक्त की जा सकतीं हैं कि एक जून को सातवाँ चरण पूरा होने तक पार्टी के बाहुबली जादूगर कुछ बड़े चमत्कार भी कर सकते हैं। जनता की भावनाएँ जब कोड़ियों के दाम तौली जाने लगतीं हैं तो राजनीति का भी कोठाकारण होने लगता है। ऐसे में बस किसी शानदार शहर की शर्मनाक मौत की प्रतीक्षा ही की जा सकती है।

लता मंगेशकर, कर्नल सी के नायडु ,उस्ताद अमीर खाँ और एम एफ़ हुसैन जैसी हस्तियों के शहर इंदौर के कोई 25 लाख मतदाता हैरान-परेशान हैं कि अब 13 मई को उन्हें क्या करना चाहिए जिस दिन चौथे चरण का मतदान होने वाला है ? मतदान के पहले ही उन्हें ठगते हुए शहर का संसदीय प्रतिनिधि लगभग तय कर दिया गया और अब सिर्फ़ औपचारिकता का निर्वाह होना बाक़ी है !

हैरान सिर्फ़ वे मतदाता ही नहीं हैं जो यह जानते हुए भी कि 'जीतेगी तो भाजपा ही' इस बार और ज़्यादा ताक़त से मोदीजी को हराने की कोशिश करना चाहते थे, वे लोग भी हैं जो प्रधानमंत्री के कट्टर समर्थक हैं। उनकी परेशानी यह है कि जब पार्टी-उम्मीदवार बिना लड़े ही विजयी बन रहा है तो कड़कती धूप में बाहर निकलकर क्यों तो खुद की चमड़ी जलाई जाए और क्यों दूसरों की ज़िंदगी हराम की जाए ?

सबसे ज़्यादा मानसिक कष्ट में भाजपा के उम्मीदवार को माना जा सकता है कि वह दिल्ली पहुँचकर मुँह कैसे दिखाएँगा कि किसे और कितने मतों हराकर संसद में पहुँचा है ! पिछली बार तो साढ़े पाँच लाख मतों से कांग्रेस को परास्त कर देश में रिकॉर्ड बनाया था फिर संसद में यह माँग भी कर दी थी कि सिंधियों के लिए अलग राज्य की स्थापना की जाए। अगर विरोधियों ने 'नोटा' कर दिया और भाजपा के लोग घरों से बाहर ही नहीं निकले तो इस बार रिकॉर्ड किस बात का बनेगा ?

वर्तमान भाजपा सांसद को यह पीड़ा भी हो सकती है कि शहर को चलाने वाले पार्टी के ही सर्वशक्ति-संपन्न नेताओं ने उससे पूछा तक नहीं कि कांग्रेस द्वारा खड़े किए गए अब तक के सबसे कमज़ोर उम्मीदवार को भी मैदान से हटवा दिया जाए कि नहीं ? अब उसे इसी शर्मिंदगी के साथ शहर में पाँच साल पास करना होंगे कि पार्टी के ही 'सक्षम हितेषियों' ने उसे औपचारिक रूप से जीत का श्रेय प्राप्त करने से वंचित कर दिया। वह यह भी कभी नहीं पता कर पाएगा कि इस तरह के ऑपरेशन के लिए सुपारी कहाँ से मिली होगी ! कांग्रेस के उम्मीदवार को मैदान से न सिर्फ़ 'उसकी ही मर्ज़ी से' हटवा दिया गया ,उसके गले में नई पार्टी की साख का प्रतीक भगवा दुपट्टा भी तुरंत लपेट दिया गया। अब शहर में एक ही पार्टी के 'दो सांसद' हो जाएँगे ! एक बिना लड़े जीता हुआ और दूसरा बिना हारे विजयी बनाया गया। इंदौर में जो ड्रामा हुआ वह चंडीगढ़, खजुराहो और सूरत से भिन्न है। जो कुछ हुआ उस पर कोई 'बेस्ट सेलर' किताब लिखी या 'द इंदौर फ़ाइल्स' नाम से बॉक्स ऑफिस फ़िल्म बनाई जा सकती है।

सचाई यह भी है कि कांग्रेस ने जिस व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया था बस वही एकमात्र 'सक्षम' नाम पार्टी के पास बचने दिया गया था। अर्जुन सिंह के ज़माने से राहुल भैया तक पार्टी के लिए जान खपा देने वाला 2019 में पार्टी का गुजराती उम्मीदवार 2024 के चुनावों के ठीक पहले भाजपा को प्राप्त हो चुका था। इसी तरह अन्य तीन-चार भी जो हर तरह से सक्षम थे भाजपा के हार्ट ट्रांसप्लांट की गिरफ़्त में जा चुके थे। सत्तारूढ़ दल अब गर्व के साथ दावा कर सकता है कि इंदौर को 'स्मार्ट सिटी' में बदलने का वायदा चाहे जुमले में बदल गया हो, भारत के सबसे 'स्वच्छ शहर' को और इतना साफ़ कर दिया गया है कि वह लोकसभा चुनाव के लिए 'कांग्रेस-मुक्त' हो गया है।

स्वतंत्रता संग्राम के कई योद्धाओं/ क्रांतिकारियों को जन्म देने के साथ-साथ संविधान सभा में भी प्रतिनिधित्व निभाने वाले इंदौर शहर में आज़ादी के बाद पहले बार सिर झुकाने वाली घटना हुई है। चालीस लाख के क़रीब की आबादी वाले मध्यप्रदेश के (अब कथित) सांस्कृतिक शहर में अब ऐसे संयोग भी बन सकते हैं जब बहुचर्चित ड्रामे के सभी किरदार एक जैसे दुपट्टों की मालाएँ गलों में लटकाए एक ही मंच पर सम्मान करवाते नज़र आएँ। इंदौर के नागरिक जब दूसरे शहरों की यात्रा पर जाएँगे उनके माथों पर इस उपलब्धि के तिलक मंडे हुए होंगे। जनता के मन में इस सवाल का उत्तर जानने की जिज्ञासा है कि एक ऐसे विपक्षी उम्मीदवार को चुनावी मैदान से क्यों हटवाया गया होगा जो : युवा है ! पढ़ा-लिखा है ! एक विशाल शैक्षणिक संस्था चला रहा है ! सक्षम है ! महत्वाकांक्षी है ! राजनीति में प्रवेश के लिए हाथ-पैर पटक रहा था ! जो यह भी जानता था कि हारने के लिए चुनाव लड़ रहा है ! मध्यप्रदेश के उन सब स्थानों जहां कांग्रेस के ताकतवर उम्मीदवारों से भाजपा का मुक़ाबला था वहाँ इस प्रयोग को आज़माने की जोखिम नहीं मोल ली गई ! क्या इंदौर की प्रयोगशाला में नैतिकता-मुक्त राजनीति का कोई टीका विकसित किया जा रहा है ?

इंदौर ही नहीं, उससे जुड़े मालवा-निमाड़ के बाक़ी सात संसदीय क्षेत्रों के मतदाता भी जानना चाहते हैं कि मोदीजी की सरकार में क्या एंटी-इंकम्बेंसी का इतना ज़बर्दस्त भय व्याप गया है कि कांग्रेस का सबसे कमज़ोर उम्मीदवार भी भाजपा के सबसे मज़बूत गढ़ में उसके मौजूदा उम्मीदवार को हरा सकता है ? अगर यह सही है तो मानकर चलना चाहिए कि देश इस समय एक बड़ी मोदी-विरोधी लहर की चपेट में है ! इंदौर में जो हुआ उसका संदेश पूरी दुनिया में उसी तरह गया है जिस तरह यहाँ के पोहे, कचोरी और जलेबी प्रसिद्ध हैं। चर्चाएँ बेमतलब नहीं समझी जानी चाहए कि भाजपा के मज़बूत गढ़ माने जाने वाले राज्यों- मध्यप्रदेश, राजस्थान ,छत्तीसगढ़–में भी पहले दो चरणों के कम मतदान ने पार्टी के आत्म-विश्वास को बुरी तरह से बौखला दिया है ! आशंकाएँ व्यक्त की जा सकतीं हैं कि एक जून को सातवाँ चरण पूरा होने तक पार्टी के बाहुबली जादूगर कुछ बड़े चमत्कार भी कर सकते हैं। जनता की भावनाएँ जब कोड़ियों के दाम तौली जाने लगतीं हैं तो राजनीति का भी कोठाकारण होने लगता है। ऐसे में बस किसी शानदार शहर की शर्मनाक मौत की प्रतीक्षा ही की जा सकती है।

आज का इतिहास

8 मई 1713 मस्का की जगह सॉंक्त पितेरबुर्ग (सेण्ट पीटर्सबर्ग) को रूस की राजधानी बनाया गया था। 1721 पोप मासूम XIII पोप क्लेमेंट इलेवन 244 वां पोप के रूप में सफल हुए। 1736 फ्रेडरिक जो के वेल्स के राजकुमार थे, ने सक्से-गोथ की राजकुमारी अगस्ता से शादी की। 1741 फ्रांस और बवेरिया ने निम्फ़ेनबर्ग के करार पर हस्ताक्षर किया। 1773 मिस्र में, ओट्टोमैन विद्रोहियों ने विद्रोह किया, मिस्र के मम्लुक सुल्तान अली बे की हत्या कर दी। 1842 पेरिस में एक ट्रेन पटरी से उतर गई और उसमें आग लग गई, जिसमें 52 और 200 लोग मारे गए। 1847 रबर टायर को रॉबर्ट डब्ल्यू. थॉम्पसन ने पेटेंट करवाया। 1863 अमेरिकी नागरिक युद्धः सैन्य संघ द्वारा पोर्ट हडसन, लुइसियाना की घेराबंदी शुरू की। 1886 अमेरिकी फार्मासिस्ट डॉ जॉन पेम्बर्टन ने एक कार्बोनेटेड पेय बनाया जिसका नाम कोका कोला नाम दिया। 1886 अटलांटा में, अमेरिकी फार्मासिस्ट जॉन पेम्बर्टन ने पहले एक पेटेंट दवा के रूप में अपने कार्बोनेटेड पेय कोका-कोला को बेचा, यह दावा करते हुए कि यह कई बीमारियों को ठीक करता है। 1898 इटली फुटबॉल लीग के पहला खेल खेला गया। 1956 ऑस्ट्रिया और इसराइल राजनयिक संबंधों को बढ़ाया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो ख़त लिखेंगे तेरी

जो ख़त लिखेंगे तेरी याद में तो पन्ने भीग जाएंगे, कहाँ से लाऊँ वो पत्थर दिल; जो तूने भेजे थे अपने शादी के कार्ड में, हूँ!! गुमसुम पर गुमशुदा नहीं है याद मुझको तेरा यूँ मेरे दिल से खेल जाने का!!! हर एक रात बैठता हूँ शतरंज की चाल पर, पर मात खाता हूँ तेरी हर चाल पर!!!!

- डॉ. मधुबाला मौर्या

बना लो हज़ार फ़साने

बना लो हज़ार फ़साने ज़माने के लिए एक किस्सा बचाकर रखना गुनगुनाने के लिए करना दरकिनार उनसे जो हर बार ज़ख्म देते है एक हिस्सा संभाले रखना मुस्कुराने के लिए...??

- माया देवांगन

ख़ास पाती | अमिट होती हैं कुछ कहानियां

अमिट होती हैं कुछ कहानियां, न निशान छोड़ती हैं , न कभी पूरी तरह मिट पाती हैं, गुंजायमान सी, बस गूंजती रहती हैं, आस पास ही कहीं, हवाओं में बहती हुई सी, कभी बारिश के बाद उठती, गीली मिट्टी की , सौंधी सौंधी खुशबू बनकर, सदैव विचरण करती हुई, मन के गलियारे में ही डेरा जमाएं बैठी रहती हैं

- राज गंगवार

जग हँसा नेह लुटा प्रीत जीत हार की

जग हँसा नेह लुटा प्रीत जीत हार की कामना बेकार थी।लौ जला तम बुझा चाँदनी डगर की चाहना बेकार थी। मीत मिला दिल खिला बात मधुमास की यातना साकार थी। स्वप्न मेरे ध्वस्त सारे गतिवान जीवन का चलना बहुत है। बन सुमन गंध मधुबन मुरझाये जीवन का खिलना बहुत है। घाव-रक्तस्त्राव सुतीक्ष्ण दारुण धैर्य छाती का बढ़ना बहुत है।

- नीरज वर्मा नीर

जब जाना है ही उस पार तो क्या हैं और

जब जाना है ही उस पार तो क्या हैं और क्यों हैं को जानने में रखा क्या हैं इस दुनियां में हूं ही नहीं मानो कहना मेरे यारों कहमत से सहमत हूं मैं तुम खुश रहना सब कुछ सहना टुटे तारें का धरती से नाता रहा कहां जब जाना है उस पार तुम सब की दुनिया से परे ही था झूठ भला तुम क्यों बोलों सच तो ये भी था जो बुरा है न मेरे कारणों से ही तो हैं मैं तो मैं ही हूं मेरे यारों जब जाना है ही उस पार .....

- सोनू कुमार आकाश

रस्ते में गये छूट-- सफ़र तक नहीं पहुंचे

रस्ते में गये छूट सफ़र तक नहीं पहुंचे जो साथ चले थे मेरे घर तक नहीं पहुंचे उतरा था समंदर में वो उम्मीद से,लेकिन उफहाथ मगर उसके-गुहर तक नहीं पहुंचे पीन थे तिरे अश्क पियालों में मिलाकर अफ़सोस!मगर इस भी हुनर तक नहीं पहुंचे चर्चा तो हुआ शह्र में अपनी भी वफ़ा का ये बात मगर ओर ख़बर तक नहीं पहुंचे हाथों में लिऐ फूल खड़े हम भी हुए,पर उस हुस्न परी की ही नज़र तक नहीं पहुंचे इक चांद सा चेहरा नज़रों में रहा हंसता छूने को मगर हाथ क़मर तक नहीं पहुंचे मीलों चले पैदल नज़रों में लिऐ मंजिल हम फिर भी कभी यार--शिखर तक नहीं पहुंचे। **- वंदना गोयल**

रब सभी की ज़िन्दगी पूरी करें

रब सभी की ज़िन्दगी पूरी करें, ज़िन्दगी की हर खुशी पूरी करें, चाँद आता छत पे मिलने प्यार से आप उससे दिल लगी पूरी करें, मौत आयेगी किसे कब क्या पता आप रब की बंदगी पूरी करें, ख़त्म होता है हँसी से हर तनाव आप भी अपनी हँसी पूरी करें, दिल लगाना इश्क़ में भी खूब है इश्क़ की ये शाइरी पूरी करें, सादगी अब चाहता है आईना आईने की सादगी पूरी करें , हर कली अब चाहती है ख़ार से ख़्वाहिशें सब मख़मली पूरी करें, मुफ़लिसी में कैसे हम 'ऐनुल' मियाँ हर ज़रूरत हर घड़ी पूरी करें **- ऐनुल बरौलवी**

काल्पनिकता और वास्तविकता जो दिखता है

काल्पनिकता और वास्तविकता जो दिखता है वो होता नही जो होता है वह दिखता नहीं यही भ्रम है मुसीबत में रिश्तों का, साथ रहने में स्वभाव का, और आईने में शक्ल का , जो भ्रम अक्सर टूट जाया करते है कुछ भ्रम बहुत खूबसूरत होते है उन्हें खूबसूरत ही बने रहने देना चाहिए खूबसूरत जिंदगी के लिए....

- सीमा नागर तुली

QUIZ TIME

1) सेंट्रल बैंकिंग अवार्ड 2023 में गवर्नर ऑफद ईयर पुरस्कार किस देश के सेंट्रल बैंक के गवर्नर को प्रदान किया गया था?

2) किस उद्योगपति को भारत का इस्पात पुरुष कहा जाता है?

3) 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना किस वर्ष से प्रारम्भ हुआ?

4) भारत ने अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच किस देश के साथ और किस वर्ष में खेला था?

5) कर्नाटक के किस प्लास्टिक सर्जन को 2024 का पद्मश्री पुरस्कार दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भारत (2) जमशेद जी टाटा (3) 2015 (4) इंग्लैंड-1974 (5) प्रेमा धनराज

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:12, सूर्यास्त : 06:43, चन्द्रोदय : 28:38, चन्द्रास्त :17:08, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : अश्विनी, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : वणिज (14:40 तक), द्वितीय करण : विष्टि (25:09 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मेष (17:42 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:47 से 12:41, अमृत काल : 15:32 से 16:59, विजय मुहूर्त : 14:28 से 15:22, गोधूलि मुहूर्त : 18:56 से 19:18, सायाह्न सन्ध्या : 18:58 से 20:01, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 10:33 से 12:14, दुर्मुहूर्त : 12:41 से 13:34, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी, भद्रावास : मृत्यु (14:40 से 17:43), चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 17:43 से), शिववास : भोजन में (14:40 से श्मशान में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज सेहत में भले ही सुधार आएगा लेकिन स्वभाव में प्रातः काल से ही चिड़चिड़ा पन रहेगा। किसी की छोटी मोटी बातो को दिल से लगाकर दुखी होंगे।

वृषः आज के दिन आपको घर एवं बाहर मान-सम्मान में वृद्धि कराएगा पारिवारिक सदस्यों की भी इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

मिथुनः आज के दिन आपको अपने किसी पूर्व निर्णय के कारण खेद होगा। दाम्पत्य सुख सामान्य रहेगा।

कर्कः आज के दिन आपकी सेहत तो ठीक रहेगी लेकिन नेत्र संबंधित शिकायत रह सकती है। आज अनैतिक संबंधों अथवा गलत संगत से दूर रहे परेशानी में पड़ सकते है।

सिंहः आज के दिन आपको स्वास्थ्य संबंधित कोई ना कोई समस्या लगी रहेगी एक तो पहले से ही स्वभाव आलसी रहेगी ऊपर से सेहत भी थोड़ी हल्की रहने पर काम से मन चुरायेंगे।

कन्याः आज का दिन बीते कुछ दिनों की तुलना में कुछेक बातो को छोड़ आपके अनुकूल रहेगा।

तुलाः आज आपका स्वास्थ्य पुर्व में असंयमित भोजन अथवा दिनचार्य के कारण दिन के आरम्भ में कुछ नरम रह सकता है।

वृश्चिकः आज के दिन आपमे बुद्धि विवेक की प्रचुर मातारा होने पर भी व्यवहार जिद्दी घमंडी जैसा रहेगा जिसके चलते कुछ लोगो से आपसी स्नेह संबंधों में खटास आने की संभावना है।

धनुः आपको आज का दिन शांति एवं धैर्य रख बिताने की सलाह है। ना कुछ लोग भी आज आपकी उपेक्षा करेंगे ।

मकरः आज के दिन आपके दिमाग मे धन संबंधित मामलों को लेकर कुछ ना कुछ तिकडम लगी रहेगी।

कुंभः आज के दिन आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा लेकिन थोड़े से परिश्रम से ही अधिक पसीना और घबराहट बनेगी।

मीनः आज का दिन आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। आपको आज आकस्मिक लाभ के साथ ही सामाजिक क्षेत्र से उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान भी मिलेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -050

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव फिराव वाला, आड़ा तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, उत्तेजित होना 13. चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण पत्र, प्रमाणिक बात 19. पहचान (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 049 का हल

जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, वोटिंग के प्रति लोगों में दिखा उत्साह

दुर्ग लोकसभा चुनाव में कुल 67.34 प्रतिशत हुआ मतदान, पाटन में सबसे ज्यादा 71.23 प्रतिशत वोटिंग, भिलाई नगर में सबसे कम

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग/भिलाई। लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आज दुर्ग लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रारंभिक संकलित जानकारी अनुसार जिले में 67.34 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान लगाया गया है। अंतिम समाचार लिखते तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अंतिम जानकारी संकलित की जा रही है। दुर्ग लोकसभा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 62-पाटन में 71.23 प्रतिशत, 63-दुर्ग ग्रामीण में 69.49 प्रतिशत, 64-दुर्ग शहर में 63.78 प्रतिशत, 65-भिलाई नगर में 59.86, 66-वैशालीनगर में 63.84 प्रतिशत, 67 अहिवारा में 68.48, 68 साजा में 69.01 प्रतिशत, 69 बेमेतरा में 71.33 तथा 70 नवागढ़ में 69.06 प्रतिशत अंतिम 5 बजे तक की स्थिति में प्रतिशत प्राप्त हुई है। अंतिम रूप से मतदान का प्रतिशत सभी मतदान केन्द्रों से मतदान संकलित होने पर अधिकृत रूप से जारी किया जा सकेगा। मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदाताओं ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुऐ अपना निर्णय ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही. पैट में दर्ज किया।

वही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पैतृक गांव कुरुदडीह पहुंचकर परिवार के साथ मताधिकार का प्रयोग किया।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू अपने परिवार जनों के साथ अपने गृहग्राम के शास. उच्च. माध्यामिक स्कूल ग्राम पंचायत पाऊवारा में दोपहर बुथ क्रामंक 206 में अपना मतदान किया। श्री साहू ने सबसे अपील कि है मतदान अवश्य करें और अपना आशीर्वाद प्रदान करें। श्री साहू ने कहा कि किसानो, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और आम जनता के लिए कांग्रेस हमेशा खड़ी रही है। पूर्व में कांग्रेस ने जो वादा किया था उसे निभाया। और इस बार भी जो आपसे वादा किया है कि उन्हें निश्चित ही पूरा करेंगे। इसलिए आप सभी लोग मतदान अवश्य करें और पूर्ण बहुमत से देश में कांग्रेस की सरकार बनाये।

विधायक ललित चन्द्राकर ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पोलिंग क्रमांक 36 शासकीय प्राथमिक शाला कोलिहापुरी में परिवारजनों के साथ मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

विधायक गजेंद्र यादव पत्नि रेणुका यादव संग मतदान किये। सुबह 8 बजे स्कूटी से पद्मनाभपुर बिजली ऑफिस स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और कतार में लगकर अपनी बारी आने पर मतदान किये। इस दौरान मतदान केंद्र के आस पास सभी नागरिकों से देशहित में मजबूत लोकतंत्र और विकसित भारत के लिए मतदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने अपील किये।

विधायक रिकेश सेन ने बूथ क्रमांक 92 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में मतदान कर दिया है।

लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने आज मंगलवार सुबह 11 बजे दुर्ग शहर के वार्ड क्रमांक 38 मिलपारा के मतदान केंद्र पर पूरे परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचकर अपना वोट डाला। हमेशा की तरह सिंपल सफेद शर्ट पेंट पहनकर अपना वोट डाला। आज मतदान के पूर्व सुबह जन्म दायनी अपनी माता जी का आर्शीवाद लिया उनकी माता जी ने मिठाई खिलाकर आर्शीवाद दिया। सुबह 9 बजे नगर की देवी माँ चंडी मन्दिर पहुँचे जहां उन्होंने माता जी को चुनरी चढ़ाकर माता जी का दर्शन किया। इसके पश्चात दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण ,भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा के बूथों में जाकर मतदान की जानकारी ली। इस दौरान कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा।

वहीं भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने भी सेक्टर-5 में सपरिवार पहुंचकर वोट डाला।

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज सवेरे पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान केंद्र क्रमांक 171 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही मतदान केंद्र में की गई व्यवस्था प्याऊ घर में पेय पदार्थ भी ग्रहण किया। अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे अपनी माता और पत्नी के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग में मतदान किया। मतदान करने के बाद हरे-भरे सेल्फी बूथ में सेल्फी ली।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी एवं आईजी रामगोपाल गर्ग ने आज सवेरे 7 बजे पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कलेक्टर ने मतदान करने के पश्चात सेल्फी जोन में जाकर सेल्फी ली। साथ ही आईजी गर्ग ने भी सपत्नीक वोटिंग करने के बाद पत्नी के साथ सेल्फी जोन में सेल्फी ली।

मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग दिव्यांग मतदाताओं ने की वोटिंग

मतदान केन्द्र में बुजुर्ग एवं दिव्यांग महिला ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लक्ष्मी हेरिटेज बोरसी में रहने वाली 97 वर्ष की बुजुर्ग महिला ने बोरसी हायर सेकेण्डरी स्कूल में मतदान किया। उन्होंने कहा कि उन्हें केन्द्र में किसी भी प्रकार की समस्या नही हुई। बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर एवं वॉलन्टीयर्स लगे हुए हैं, जिसके कारण किसी भी प्रकार की परेशानी नही आई।

मतदाता रथ का मिला लाभ

दिव्यांग एवं 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदाता रथ की सुविधा मुहैया कराई गई है। वरिष्ठ मतदाताओं ने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, मेडिकल सुविधा व अन्य पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई है। उन्हें बहुत खुशी है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर पा रहे है। निःशुल्क परिवहन के जरिए उन्हें आवास स्थल से मतदान केंद्र तथा मतदान के बाद घर तक छोड़ा जा रहा है।

युवाओं ने निभाई जिम्मेदारी

जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं ने भाग लिया। इनमें से कई मतदाता ऐसे हैं जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान कर युवाओं ने मतदान केंद्रों में बने सेल्फी प्वाइंट्स पर फोटो खिचवाई एवं देश के प्रति अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा करने की खुशी जाहिर की।

प्रशासनिक अधिकारियों ने भी किया वोट

जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने आज सुबह 7 बजे पॉलिटेक्निक कॉलेज में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन सपत्नीक, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर मुकेश रावटे, लवकेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र वर्मा ने भी अपनी पत्नी के साथ मतदान किया और हरे-भरे पत्तों से सजे सेल्फी बूथ में उत्साह के साथ सेल्फी ली। वही 64-दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 171 में अपने पिता एडीएम अरविंद एक्का के साथ पहुंची फर्स्ट टाइम वोटर एनजिल एक्का मतदान केन्द्र में मतदान किया। एनजिल एक्का पहली बार अपने मत का प्रयोग करने पर अपनी खुशी जाहिर की।

न्यूज गैलरी

ज्वेलरी दुकान में लूट का प्रयास

दुर्ग। मोती कांप्लेक्स स्थित एक ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की वारदात हुई है, जिसमे दुकान संचालक से उसकी सोने की चेन लूट ली। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों ने बदमाश को पकड़कर पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार मोती कांप्लेक्स दुर्ग में ज्वेलरी की दुकान चलाने वाले ताराचंद कांकरिया अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान डिपरापारा दुर्ग निवासी आरोपी राज सोनी दुकान में पहुंचा। आरोपी ने दुकान संचालक को धमकाया और गले से उसकी सोने की चेन लूट ली। घटना के बाद आरोपी मौके से भागने लगा। तब दुकान के मालिक और उसके बेटे ने तेज आवाज लगाई। इस पर आसपास मौजूद लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ा। फिर भीड़ ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया।

विवि ने सेमेस्टर परीक्षा के लिए बनाया 46 केन्द्र

भिलाई। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय दुर्ग की वार्षिक परीक्षाएं समाप्त हो गई है। वार्षिक परीक्षा के अंतर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम, बीलिब, बीसीए, एमए, एमकॉम, एमएससी (गणित) पीजी डिप्लोमा इन योगा, एम.फिल इन क्लीनिकल सॉइकोलॉजी आदि की परीक्षाएं सम्पन्न हुई। इस वर्ष स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष की पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की गई। यह जानकारी देते हुए विवि परीक्षा उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि विवि द्वारा स्थापित 70 परीक्षा केन्द्रों में ये परीक्षाएं सम्पन्न हुई। अगामी 17 मई से आरंभ होने वाली सेमेस्टर परीक्षा 46 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि लोकसभा चुनाव तथा भीषण गर्मी एवं लगातार परीक्षा के आयोजन को देखते हुए विष्वविद्यालय द्वारा इस बार उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु केन्द्रीय मूल्यांकन एवं घर पर विषेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा किया जाना वाला मूल्यांकन प्रक्रिया दोनों अपनायी गई है। विष्वविद्यालय प्रषासन द्वारा 07 जिलों में स्थापित संग्रहण केन्द्रों से लगातार उत्तरपुस्तिकाएं विवि पहुंच रही है। अब तक विष्वविद्यालय द्वारा 10 परीक्षा परिणाम जारी किये जा चुके हैं।

काम करने बोला तो बड़े भाई का फोड़ा सिर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले के अंजोरा में नाराज छोटे भाई ने डंडे और ईट से अपने बड़े भाई का सिर फोड़ दिया। काम न करने पर अपने छोटे भाई समझाइश दी थी। माता-पिता ने बीच-बचाव किया तब युवक की जान बची। घटना की सूचना पर पहुंची अंजोरा चौकी पुलिस ने आरोपी छोटे भाई के खिलाफ गाली-गलौज, हत्या का प्रयास और धमकाने की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शीतला पारा रसमड़ा निवासी रामखिलावन ठाकुर ने अंजोरा चौकी में छोटे बेटे जगन्नाथ ठाकुर के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाया है। घटना 4 मई देर रात की है। रामखिलावन घर पर अपनी पत्नी और दोनों बेटों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान उसके बड़े बेटे भुनेश्वर ठाकुर ने छोटे बेटे जगन्नाथ ठाकुर को कोई काम करने की बात कही। उसने कहा कि तू कोई काम नहीं करता है और दिन भर इधर-उधर घूमता रहता है। इस बात पर नाराज होकर छोटे बेटे जगन्नाथ ठाकुर ने अपने बड़े भाई भुनेश्वर ठाकुर से गाली गलौज करना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने घर में रखे डंडे से अपने बड़े भाई के सिर पर मार दिया। अपनी जान बचाने के लिए भुनेश्वर बाहर की ओर भागा तो आरोपी भी उसके पीछे-पीछे दौड़ा और उसे जमीन पर पटककर पास पड़े ईट से उसका सिर फोड़ दिया। इतने पर उसके पिता और मां ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और बड़े बेटे की जान बचाई। गंभीर रूप से घायल भुनेश्वर ठाकुर को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद से आरोपी जगन्नाथ ठाकुर फरार है।

शिवराथियों को स्वास्थ्य पर दिए मार्गदर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जय आनंद मधुकर रतन भवन में 1 से 9 मई तक आयोजित श्रमण संघीय जैन संस्कार शिविर में डा श्रेणिक नाहटा व सीए निखिल बाघमार अतिथि वक्ता के रुप में कई प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। बच्चों को ज्ञानवर्धक, जीवन जीने के तरीके अपने आप को स्वस्थ और सुरक्षित रखने व आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया। बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक अतिथि वक्ताओं से अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त किया। युग देशलहरा, भावेश संचेती, नव बाफना, सिद्धार्थ काकरिया, जैनम बाघमार, गुंजन नाहर ने भी शिविर को लेकर अपनी बात रखी। श्रमण संघीय जैन संस्कार आवासीय शिविर में पिछले दो दिवस में डा श्रेणिक नाहटा एवं सीए निखिल बाधमार का व्यक्तित्व विकास पर प्रेरक मार्गदर्शन एवं उद्बोधन बच्चों कोआयोजित शिविर में सुनने को मिला। व्यक्तित्व विकास पर सीए बाधमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए अच्छे बिंदुओं पर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा अपने आप को पहचानो, अपनी ताकत को समझो, कभी अपने आप को किसी से कम नहीं समझो, कभी अपने आप को किसी से कम नहीं समझना, हम श्रेष्ठ हैं हममें भी वह सारी खूबियां हैं मंजिल को पाने की, अनुशासन में रहेंगे तो हमेशा गोल लक्ष्य को प्राप्त करोगे। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे सफल कार्यो से बता दो।

शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए यूटिलिटी जोन अधिकारी व कर्मचारी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र में विगत दिनों आयोजित शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में यूटिलिटी जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएँ) एके जोशी ने की। संयंत्र के ऐसे कार्मिक, जो अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों से ही सुरक्षा के सम्पूर्ण मापदंडों का पालन करते हुए, कंपनी के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए अपने कार्य में नवीनता का प्रदर्शन करते है, उन्हें प्रबंधन द्वारा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इस संदर्भ में आयोजित कार्यक्रम में, अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए, सहायक महाप्रबंधक (जल प्रबंधन) मनीष प्रकाश होरो को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चीफ मास्टर आपरेटर ओपी-2 चैनदास टड़न एवं आपरेटर सह तकनीशियन जलप्रबंधन मो. पैगम्बर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी डब्ल्यूएमडी उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक ओपी-2 मोहम्मद नदीम खान, महाप्रबंधक पीएलईएम एमवी बाबू, महाप्रबंधक एसीडब्ल्यूई एसके क्षत्री, महाप्रबंधक सीएएस एवं सीडब्ल्यूपी सुमंत भट्टाचार्जी उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कार्मिक के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया एवं पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा। कार्यक्रम की मेजबानी कार्मिक अधिकारी- उप प्रबंधक कार्मिक- पीएंडई गिरीश मढ़रिया ने की। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक (शक्ति एवं विद्युत) मिहिर मनोहर, एमटीए (कार्मिक) द्वारा किया गया।

गर्ल्स कॉलेज में पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं दर्शन शास्त्र का प्रथम सत्र हुआ पूरा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस सत्र से प्रारंभ ''पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं दर्षनषास्त्र''का सत्र सफलतापूर्वक द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा के साथ सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय में इस कोर्स में अध्ययनरत् 20 छात्राएँ इस वर्ष डिप्लोमा प्राप्त कर स्व-नियोजित हो सकेंगी। इन 20 छात्राओं में 20 वर्ष से लेकर 55 वर्ष उम्र की छात्राएँ थी। नौकरी पेशा के लेकर गृहणी तथा सेहत के प्रति जागरूक महिलाओं ने भी इस कोर्स का लाभ उठाया। प्रथम वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा। इस सत्र में इस कोर्स की पूनम नायक, सोनिया साहू, मनीषा साहू का चयन हेमचंद यादव विष्वविद्यालय की अंतर विष्वविद्यालयीन प्रतियोगिताओं के लिये हुआ। अपने जीवन में पहली बार योग कर रही छात्राओं ने जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय ओपन योग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। मुख्य रूप से कावेरी कुम्भकार एवं कु. शिल्पी ने राष्ट्रीय स्तर पर एवं महिमा एवं मिनिषा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। महाविद्यालय द्वारा इस कोर्स हेतु कम से कम फीस लेकर पाठ्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इस सत्र को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज योग का प्रषिक्षण केवल स्वस्थ दिनचर्या का हिस्सा ही नहीं है बल्कि रोजगार परक होकर स्वावलम्बी बनने का जरिया भी हो गया है। कोर्स की प्रभारी डॉ. ऋतु दुबे ने समस्त छात्राओं को आगामी लिखित परीक्षा हेतु शुभकामनायें देते हुए अपेक्षा जतायी कि इन छात्राओं के माध्यम से समाज में योग और दर्शन का अधिक प्रचार-प्रसार होगा। योग षिक्षिका मालती साहू द्वारा भी छात्राओ को सम्बोधित करते हुए शत-प्रतिषत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। आगामी सत्र से महाविद्यालय में इस कोर्स में 60 छात्राओं को न्यूनतम शुल्क पर अधिकतम सुविधाओं के साथ प्रवेष देने की तैयारी चल रही है। इच्छुक छात्राएँ क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह, बड़ी संख्या में लोगों ने दी भागीदारी

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत पांच गांव के 29 मतदान केंद्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। लोग मतदान करने समय से पहले ही लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इतजार करते नजर आए। मतदान केंद्र के बाहर निकलते ही उंगलियों में लगे अमिट स्याही को दिखाकर लोकतंत्र के इस पर्व को उत्साह पूर्वक मनाने की खुशी लोगों ने जाहिर की । गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर प्रशासन द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए वृहद स्तर पर सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। ग्राम परसदा में दोपहर को मतदान के लिए लाइन में खड़े मतदाताओं को बाकायदा ग्रामीणों ने पानी पिलाई साथ ही मतदान केंद्रों में बुजुर्ग व विकलांगों के लिए दिव्यांग एवं वृद्धों के लिए वृद्धजन रथ तथा व्हीलचेयर जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। बता दे की लोकसभा चुनाव 2024 में छत्तीसगढ़ प्रदेश के दुर्ग संसदीय क्षेत्र में भाजपा कांग्रेस के मध्य आमने-सामने की टक्कर है दोनों दलों ने भरपूर जन सम्पर्क कर जनता से अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने में पूरा जोर लगा दिया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीन चरणों में सम्पन्न होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे और अंतिम चरण का मतदान 7 मई मंगलवार प्रातः 7 बजे संम्पन्न हुआ जिसमें कुम्हारी पालिका क्षेत्र के पांच गांव परसदा, कुगदा, रामपुर जंजगिरी व कुम्हारी के मतदाताओं द्वारा निर्धारित 29 बूथों में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। वहीं इस चुनावी प्रकिया में कामकाजी मतदाताओं की संख्या सुबह के समय में अधिक देखी गई तो दोपहर में युवाओं का उत्साह चरम पर देखा गया। हालांकि दोपहर में तेज धूप होने की वजह से कई मतदान केंद्र खाली रहे। शाम होते होते पुनः मतदाताओं की संख्या में काफी वृद्धि देखी गई। इससे पहले राजनैतिक दलों के समर्थकों के द्वारा मतदाताओं को रिझाने का प्रयास चलता रहा। भाजपा कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ता मतदान केंद के बाहर शाम तक डटे रहे। वहीं मतदान के बाद खुशी जताते हुए दोनों दलों के समर्थकों द्वारा अपनी अपनी जीत की बात भी कहते सुने गए। किसी भी बूथ से किसी भी अप्रिय घटना की खबर नही है। पूर्णतः शांतिपूर्ण मतदान संम्पन्न हुआ।

सड़क हादसे में विकलांग हुए मतदाता का वोटिंग के दौरान छलका दर्द

वार्ड क्रं. 3 निवासी गोपाल यादव (32 वर्ष) की एक सड़क हादसे के दौरान गंभीर अवस्था मे हॉस्पिटल लाया गया जहां एक महीने तक कोमा रहने के बाद उन्हें होश आया। इस दुर्घटना में उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी एवं उनका दाहिना हाथ पैर काम करना बंद कर दिया। निजी हॉस्पिटल में ईलाज में अब तक करीब 16 लाख खर्च हो गए लेकिन अब भी उनका दाहिना हाथ व पैर काम नही करता। अब घर वाले ही उनकी बैशाखी है। उन्होंने बताया कि इस हादसे के बाद उनका सब कुछ खत्म हो गया। लेकिन अपनी नैतिक ज़िम्मेदारियों को समझते हुए उन्होंने लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लेकर मतदान किया और लोगों में यह संदेश दिया कि अपने मत का प्रयोग करने से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकेगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र./1025/वाचक/तह./2024
गुण्डरदेही दिनांक 29.04.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक ईश्वरीलाल देशमुख आ. देवलाल जाति कुर्मी निवासी ग्राम दनिया तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद ने ऑनलाईन आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता देवलाल आ. रामकिशुन के एकल नाम पर मौजा ग्राम दनिया प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. सिकोसा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.) मे स्थित भूमि खसरा नंबर 517, 551 रकबा 0.45, 0.93 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 1.38 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के पिता देवलाल आ. रामकिशुन की मृत्यु दिनांक 02.11.2023 को हो चुकी है तथा आवेदक के भाई हेमलाल देशमुख आ. देवलाल की भी मृत्यु हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान स्व. हेमलाल आ. देवलाल, ईश्वरी लाल आ. देवलाल, मोंगरा आ. देवलाल, कांति आ. देवलाल, तुलसी आ. देवलाल है। स्व. हेमलाल के पुत्र राजूलाल देशमुख, सुरेन्द्र कुमार एवं पुत्री मंजूलता है। मृतक हेमलाल की पत्नि दुरपति लगभग 30 वर्ष पूर्व हेमलाल को छोड़कर दूसरे व्यक्ति शोभाराम देशमुख के से विवाह करके अलग हो गई है। अतः उक्त आवेदित भूमि पर से मृतक देवलाल आ. रामकिशुन का नाम विलोपित कर ईश्वरी लाल आ. देवलाल, मोंगरा आ. देवलाल, कांति आ. देवलाल, तुलसी आ. देवलाल एवं स्व. हेमलाल के वारिसान पुत्र राजूलाल देशमुख, सुरेन्द्र कुमार एवं पुत्री मंजूलता का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवेदित भूमि का बी-1 की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी हितबद्ध व्यक्ति का कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो पेशी दिनांक 13.05.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते है नियत समय पश्चात् आए आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2024 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

मुहर

नायब तहसीलदार
गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में पंचायत भिनोदा में 62% वोट डला

सरसींवा/नवप्रदेश। नवनिर्मित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सरसींवा तहसील से पशिचम की ओर 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भिनोदा मे इस वर्ष लोकसभा चुनाव मे कुछ 62त्न वोट डला है । ग्राम पंचायत भिनोदा मे कुछ 987 वोटर है जिसमे 613 वोट पड़ा । मतदान के दौरान गाँव मे गाँव के सरपंच, पंच,मितानिन अमीर जांगड़े, मितानिन कौशल्या बंजारे, आंगनबाड़ी सहायिका मन्टोरी बाई खुराना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साक्षी घृतलहरे, सक्रिय महिला जुली लता एवं अन्य मतदाताओं के सहयोग के लिए वोटिंग के दौरान पुरे दिन रहे एवं लोगो को होने वाली समस्या मे सहयोग प्रदान किये और तीसरे चरण का चुनाव को शांति पूर्ण रूप से सम्पन हुआ ।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत व्यस्कों को लगाया जाएगा बी.सी.जी. टीका

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत नई पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत बी.सी.जी. (बेसिलस कैलमेट गुएरिन) टीकाकरण बच्चों के साथ-साथ अब व्यस्कों (18 वर्ष से ऊपर) का भी कुल 6 चरणों में टीकाकरण किया जाएगा। जिले में 01 जुलाई 2024 से 3 सितंबर 2025 तक बी.सी.जी. का टीकाकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बैठक लेकर इस संबंध में जानकारी ली और इसके लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया कि मुख्यतः बी.सी.जी. टीकाकरण टी.बी. बीमारी के रोकथाम के लिए दिया जाता है, ताकि किसी व्यक्ति विशेष पर टी.बी. बीमारी का संक्रमण ना हो सके। उन्होंने बताया कि राज्य के लक्ष्य के अनुसार वर्ष 2025 तक राज्य को टी.बी.मुक्त किया जाना है, बी.सी.जी. का यह टीकाकरण 6 चरणों में राज्य के कुल 14 जिलों में 01 जुलाई 2024 से प्रारंभ की जा रही है जो कि 3 सितंबर तक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज ने व्यक्ति विशेष का टीकाकरण किए जाने के लिए निर्धारित मापदंड के संबंध में जानकारी दी।

पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले 2 आरोपी 25 दिनों बाद एन्टी पोचिंग टीम की हिरासत में

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी रिजर्व के एंटी पोचिंग टीम ने विगत 8 अप्रैल को इंदागांव परिक्षेत्र में पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी द्वारा मध्य प्रदेश के शिकारी से बम खरीदने का भी खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक एन्टी पोचिंग टीम ने दोनो आरोपियों को गरियाबंद साइबर सेल की मदद से ओडिशा बॉर्डर के पास ग्राम कालीमाटी से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के घर से भालू का चमड़ा एवं एक नाखून, जंगली सूअर का जबड़ा एवं 3 दांत, गोहिया (मॉनिटर लिजार्ड) का चमड़ा एवं फंदे बरामद हुआ है।

जानकारी के मुताबिक विगत 8 अप्रैल को इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1243 पहाड़ी के नीचे पोटाश बम से भालु का शिकार करने की सूचना वन विभाग की मिली थी। सूचना पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर अग्रवाल, वन संरक्षक विश्वेश कुमार झा तथा उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व वरुण जैन के मार्गदर्शन में इंदागांव परिक्षेत्र ओर उदंती की एन्टी पोचिंग टीम मामले की जांच कर रही थी। इस दरम्यान टीम ने मुखबिर सूचना पर टीम ने 6 मई को फरार आरोपी हजारी पिता तुलसीराम गोड़ तथा उत्तम पिता खगेश्वर रावत को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। दोनो को जब पूछताछ के लिए कार्यालय सहायक संचालक उदंती (मैनपुर) लाया गया तो दोनो ने पोटाश बम से भालु का शिकार करने का कबूलनामा किया। साथ ही बताया कि एक वर्ष पहले कटनी मध्यप्रदेश से आये शिकारी समुदाय के व्यक्ति से 500 रूपये में एक पोटाश बम खरीदे थे। वही पूछ ताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपियों ने मिलकर इसके अलावा पोटाश बम से पांच से छः सुअर का भी शिकार किये है और सुअर के मटन को पांच सौ रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक्री किए है।

इधर, पोटाश बम से शिकार की पुष्टि होने के बाद वन विभाग में सकते में आ गई। नए टेक्निक से शिकार के मामले का खुलासा होने के बाद वन विभाग ने आशंका जताई है कि मध्य भारत में सक्रीय बड़े गिरोह के लोग भी इसमें शामिल हो सकते है। तजदीक के लिए मध्यप्रदेश स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फार्स तथा वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मामले की जानकारी साझा की गई है।

उदंती उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि अपराध कबूल होने के बाद वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव भुपेन्द्र कुमार सोनी के द्वारा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें रिमांड में जेल भेज दिया गया है। आरोपियो के विरुद्ध पी.ओ.आर क्रमांक 54/23 पंजीबध्द कर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2,9,27,29,31,32,39,50,51 एवं 52 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

चैन माउंटेन पोकलेन व जेसीबी की मदद से शुरू हुई गुरूनाला की सफाई

- वार्ड की निचली बस्तियों ने नही होगा जल भराव
- डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दिये निर्देश कहा- बारिश के पहले पूर्ण करे सफाई कार्य

कवर्धा/नवप्रदेश। गुरूनाला का सफाई कार्य प्रारंभ हो गया है गुरूनाला का विभागीय अधिकारियों व जनप्रनिधियों की उपस्थिति में जेसीबी व पोकलैन के मदद से गुरूनाला का सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जो बरसात पूर्व सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शहर की निचली बस्तियों में बरसात के मौसम में होने वाले समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शहर के सबसे बड़ा नाला गुरूनाला का बरसात पूर्व साफ-सफाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि कवर्धा शहर के वार्ड क्रं. 25, 26 व 27 की निचली बस्ती एवं अन्य वार्ड जहां बरसात के मौसम में गुरूनाला का पानी वार्ड में निवासरत लोगों के घर तक पहुंच जाता है इन समस्याओं से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा था कि बरसात पूर्व नाला का सफाई किया जावे ताकि बरसात के मौसम में किसी भी वार्डो के निचली बस्तियों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होनें बताया कि गुरूनाला की सफाई कार्य हेतु पालिका टीम जुटी हुआ है साथ ही शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, शहर मण्डल उपाध्यक्ष श्रीकान्त उपाध्याय, पार्षद सुनील साहू, पार्षद प्रतिनिधि अनिल साहू, सीएमओ नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे के साथ सभी टीम उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद कवर्धा की टीम कवर्धा शहर का सबसे बड़ा गुरूनाला का साफ-सफाई कार्य में जुटा हुआ है जेसीबी के साथ-साथ सफाई कर्मियों द्वारा नाला का सफाई कार्य किये जाने में लगा हुआ है। गुरूनाला का सफाई बरसात पूर्व किया जाता है गुरूनाला के आसपास लोगों द्वारा मलबा, मिट्टी फेंका जाता है जिसके कारण नाला पट जाता है तथा कुछेक लोगों द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाया जाकर राजस्व विभाग द्वारा चिन्हांकन करते हुए साफ-सफाई कार्य किया जा रहा है ताकि बारिश के मौसम में पानी का दबाव अधिक होने के कारण शहर की निचली बस्तियों में पानी भरने की समस्याओं से निजात मिल सकेगा।गुरूनाला कवर्धा शहर का सबसे बड़ा नाला है वार्ड क्रं. 08 शिक्षक नगर डबरी से शुरू होकर यह नाला शहर वार्डो से गुजरते हुए रायपुर रोड़ के आगे तक मिलता है इस नाला में शहर में निर्मित छोटे-बड़े नालियों का गंदा पानी आकर मिलता है बरसात के मौसम में वर्षा के पानी का दबाव अधिक होने के कारण बरसात का पानी घरो तक घुस जाता है इसलिए प्रतिवर्ष वर्षा पूर्व इस गुरू नाला की सफाई होती है इस वर्ष भी सफाई कार्य जारी है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में विशेष रक्तदान शिविर एवं राज्य स्तर पैथोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज रायपुर से आएं डॉ. ताराचंद सर के माध्यम से कुल 20 गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही का चिन्हित कर स्वास्थ्य जाँच का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 20 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसका का शुभारंभ बीएमओ डॉ. विनोद चंद्रवंशी द्वारा अपना रक्तदान कर प्रेरित किया। गौरव कि बात यह है कि पहली बार विभिन्न मितानिन ट्रेनर दीदियों के द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। इस दौरान कवर्धा विकासखंड के सभी मितानिन प्रशिक्षक, समन्वयक और जिला समन्वयक तथा समस्त सुपरवाइजर का बैठक भी लिया गया। रक्तदान शिविर में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद चंद्रवंशी, एमडी पैथोलॉजी डॉ. सतीश शर्मा, डीएचओ डॉ. सतीश चंद्रवंशी सहित मितानीन दीदी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

रक्तदान शिविर 08 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में आयोजित

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 08 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओं ने अपील करते हुए कहा है कि रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान मरीजों के लिए एक महादान है।

मतगणना की तैयारियां शुरू, 4 जून को होगी गणना

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने मतगणना की तैयारियों के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को दायित्व सौंपा

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले में मतगणना की तैयारियां शूरू हो गई है। 04 जून 2024 को प्रातः 08 बजे से कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड़ कवर्धा में विधानसभा 71-पंडरिया एवं 72-कवर्धा के हुए मतदान की गणना कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने मतगणना की तैयारियों के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा का लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल को मतगणना के लिए राजपत्रित अधिकारियों का चयन कर दल गठन करना, मतगणना प्रशिक्षण की तैयारी, मतगणना स्थल पर वीडियो मानिटरिंग सिस्टम की स्थापना एवं वीडियो फीड के माध्यम से मानिटरिंग का दायित्व सौंपा है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री अविनाश भोई को कानून व्यवस्था के लिए आवश्यक कर्मचारी के साथ दण्डाधिकारी आदेश जारी करने का दायित्व सौंपा है। डिप्टी कलेक्टर श्री आर.बी. देवांगन को रेण्डमाईजेशन की तैयारी एवं व्यवस्था, मतगणना के लिए आवश्यक कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं आपरेटर आंकलन अनुसार व्यवस्था करना, मतगणना दिवस हेतु आवश्यक डाटा का संग्रहण, मतगणना के लिए आवश्यक प्रपत्रों को तैयार करना, रिपोर्ट के लिए आवश्यक प्रपत्र तैयार करना, डाटा एन्ट्री आपरेटरों की आवश्यक व्यवस्था, अंतिम परिणाम तैयार करने के लिए एआरओ कक्ष में परिणाम तैयार करवाने की दायित्व सौंपा है।

आंधी, बारिश व खराब मौसम पर भी नहीं रुका मतदाताओं का उत्साह

- दिव्यांगजनों व काफी संख्या में वृद्धजन मतदाताओं ने डाला अपना वोट, निर्वाचन के इस महायज्ञ में दी अपने वोट की आहूति

कोरबा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के सतत प्रयासों व लगातार किए गए आव्हान के परिणाम स्वरूप अन्य मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों तथा काफी संख्या में वृद्धजन मतदाताओं ने मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान किया तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 के इस महायज्ञ में अपने वोट रूपी हविष्य की आहूति दी। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी लाईनें देखी गई, जिन्होने पूरे उत्साह व गर्व के साथ अपना मतदान किया, अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए वोट दिया। आँधी, बारिश व बिगड़ते मौसम से भी मतदाताओ का उत्साह कम नहीं हुआ, छतरी लेकर वोट डालने मतदाता पहुंचे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई व सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी के कुशल सिक्यूरिटी मैनेजमेंट की छांव में 07 मई मंगलवार को कोरबा जिले में मतदान सम्पन्न कराया गया। विगत 02 माह से लोकसभा चुनाव के संबंध में की जा रही विभिन्न तैयारियों के बीच सबसे बड़ा अहम मसला था कि ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग

करें तथा मतदान दें, विगत चुनावों के मतदान प्रतिशत में अपेक्षित वृद्धि हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन तथा आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई व सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में व्यापक पैमाने पर स्वीप गतिविधियॉ संचालित हुई तथा समाज के सभी वर्गो, स्वयंसेवी संगठनों ,औद्योगिक व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को स्वीप से जोड़ा गया।

दिव्यांगजनों व वृद्धजनों ने किया मतदान - इस निर्वाचन की प्रमुख विशेषता रही कि दिव्यांगजनों एवं वृद्धजन मतदाताओं ने काफी संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए अपना वोट दिया। जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा दिव्यांगजनों व वृद्धजन मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने के लिए मतदाता रथ की व्यवस्था कराई गई थी, इस सुविधा का लाभ उठाते हुए कोरबा के दिव्यांजन व वृद्धजन मतदाताओं ने मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने वोट डाले तथा आम मतदाताओं को यह संदेश दिया कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो तो अपना मतदान करने में कोई अवरोध उपस्थित नहीं हो सकता।

स्वच्छता दीदियों ने मतदान कर दिया स्वच्छ एवं स्वस्थ लोकतंत्र का संदेश- नगर पालिक निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियों ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के इस महाअभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी ड्यूटी के दौरान वे घर-घर पहुंची, मतदाताओं को मतदान हेतु आमंत्रित किया, नेवता पाती घर-घर पहुंचायी तथा मतदाताओं से आग्रह किया कि वे 07 मई को अपना वोट जरूर डालें, मतदान दिवस को स्वच्छता दीदियों ने काम से छुट्टी नहीं ली, शहर को स्वच्छ रखने का अपना दायित्व बखूबी निभाया और साथ ही लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का महत्व समझते हुए वोट भी डाला। मतदान केन्द्र पहुंची, मतदान किया तथा मतदाताओं को संदेश दिया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ लोकतंत्र के लिए वे भी अपना वोट जरूर दें।

प्रथम पृष्ठ का शेष

शाम छह बजे तक 61.57% से ...

चरण में शामिल सीटों में सामान्य- 72, अनुसूचित जनजाति- 11 और अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित 10 सीटें शामिल थीं।

मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला। देश के कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी मतदान के प्रांरभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े।

दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 74.32 प्रतिशत, गुजरात में 56.83 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.22 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 63.13, महाराष्ट्र में 54.98, उत्तर प्रदेश में 57.34 और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत वोट पड़े।

छत्तीसगढ़ में शाम 6 बजे तक ...

मिजाज मतदाताओं की तरह बदलता दिखा।

अंतिम चरण में प्रदेश में 7 लोकसभा सीटें रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, दुर्ग, जांजगीर-चांपा और सरगुजा के लिए मतदान हुए हैं। शाम 6 बजे तक 66.99% मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा मतदान अभी तक रायगढ़ में 75.84% दर्ज किया गया है, जबकि सबसे कम बिलासपुर में 60.05% मतदान हुआ है।

वोटिंग के दौरान रायपुर में मतदान के लिए पहुंचे एक व्यक्ति को मृत बता दिया गया। उन्हें मतदान करने से रोक दिया गया। अंतिम चरण के चुनाव में कांग्रेस-भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित 168 प्रत्याशी मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों की किस्मत 1 करोड़ 39 लाख 1 हजार 285 मतदाता तय करेंगे। तीसरे चरण में 82 हजार जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

कहीं ईवीएम में गड़बड़ी ..तो कहीं ...

सारंगढ़ के डभरा के बूथ नम्बर 240, 241 में सुरक्षाकर्मियों ने मतदाताओं के साथ दुर्व्यवहार किये जाने की भी खबर आती रही।

खबर के मुताबिक बिलाईईगढ़ के बूथ नंबर 251 में भी ईवीएम काम नहीं कर रहा था। हालांकि बाद में इसे दुरूस्त कर लिया गया। इसके अलावा रायगढ़ के नौघटा, लैलूंगा के गहना बूथ क्रमांक 15 और 17 की मशीन भी खराब होने की खबर मिली। इसके अलावा डभरा सारंगढ़ से कुछ मतदाताओं ने उपस्थित सुरक्षाकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार की बात बताई गई।

पहले चरण में विपक्ष पस्त, दूसरे ...

आज भी एक ही परिवार का राज चल रहा होता। संविधान की ताकत है कि नामदार को हटा कर देश के एक कामदार को कुर्सी पर बैठा दिया। यही वजह है कि कांग्रेस डॉ. अंबेडकर से नफरत करती है।

चुनाव आयोग की विश्वसनीयता ...

है कि कैसे ईसीआई ने शायद इतिहास में पहली बार लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के अंतिम मतदान प्रतिशत जारी करने में विलंब किया। उन्होंने नेताओं से आग्रह किया कि राष्ट्रीय हित में सभी को लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत डेटा जारी करने में विलंब पर ईसीआई से सामूहिक रूप से सवाल पूछना चाहिए।

अंतिम मतदान ...

इसी प्रकार दूसरे चरण के लिए मतदान की समाप्ति अवधि 26 अप्रैल शाम 19 बजे से 30 अप्रैल को डेटा के देरी से जारी होने तक अंतिम मतदान प्रतिशत में 5.74 से अधिक की वृद्धि कैसे हुई।

अंतागढ़ टेप काण्डः हाईकोर्ट ...

जिसके बाद सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद जस्टिस रजनी दूबे और जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने याचिका निराकृत कर दी है।

पिछली सरकार ने एसआइटी जांच शुरू कराई थी : वहीं वर्ष 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एसआइटी जांच शुरू करवा दी थी। इस मामले में कांग्रेस ने मुकदमा भी दर्ज कराया था। शिकायत में बताया गया कि, कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए पूर्व सीएम अजीत जोगी, तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत, तत्कालीन विधायक अमित जोगी और लोक सेवक डॉ. पुनीत गुप्ता ने साजिश रची थी। कांग्रेस प्रत्याशी को प्रलोभन देकर नाम वापस कराया था।

केजरीवाल को कोर्ट से ...

छोड़ने की एक याचिका उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने ईडी की ओर से पेश सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से दलीलें विस्तारपूर्वक सुनी। पीठ ने दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह अंतिम जमानत पर आगे की सुनवाई गुरुवार या अगले सप्ताह पूरी होने पर कोई आदेश पारित करेगी। न्यायमूर्ति खन्ना ने पीठ की ओर से कहा कि देखते हैं कि क्या मामला परसों खत्म हो सकता है या अगले सप्ताह सूचीबद्ध हो सकता है। इस बीच, राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बाबेजा की विशेष अदालत ने उनकी (केजरीवाल) न्यायिक हिरासत अवधि 20 मई तक बढ़ाने का आदेश पारित किया।

मायावती ने भतीजे आकाश...

किन्तु पार्टी व मूवमेन्ट के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है।

कारण.. उनकी परिपक्वता का दिया हवाला

बसपा चीफ मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को नेशनल कोओर्डिनेटर पद से हटा दिया है। परिपक्वता का हवाला देते हुए उन्होंने ये कदम उठाया है।

..इस बात पर विचार करने कोर्ट ने कही बात

शीर्ष अदालत की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि केजरीवाल को केवल इस शर्त पर राहत देने पर वह विचार कर सकती है कि वह किसी भी (मुख्यमंत्री के तौर पर) आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करेंगे। इसके साथ ही पीठ ने अंतरिम राहत का 'संकेत' देते हुए यह भी जोड़ा कि यह स्थिति 'असाधारण' है, क्योंकि लोकसभा चुनाव 5 साल में एक बार होते हैं। पीठ ने कहा कि अंतरिम जमानत देते समय हम विचार करते हैं कि (जमानत का) क्या कोई दुरुपयोग होगा या क्या संबंधित व्यक्ति एक संगीन अपराधी है।

शरबत-छाछ के सरकारी ...

लगाते हुए कांग्रेसियों ने पुरानी बस्ती मार्ग पर चक्काजाम भी कर दिया, जो अफसरों के समझाने-बुझाने पर ही खत्म हुआ।

कांग्रेस ने यह आरोप भी लगाया कि कलेक्टर ने हर पोलिंग बूथ पर शर्बत, छाछ और नींबू पानी वगैरह लेकर एनजीओ को बैठा दिया। इसके पीछे कलेक्टर की क्या मंशा थी, यह तो स्पष्ट नहीं लेकिन एनजीओ के अधिकांश पंडालों पर भाजपा के लोग भाजपा का गमछा-टोपियां लेकर बैठे थे तथा मतदाताओं को मोदीजी के पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे थे।

तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले ...

राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले आज ऐसी बातें कर रहे हैं। लालू यादव द्वारा मुस्लिमों को आरक्षण दिये जाने की मांग पर सीएम साय ने कहा कि लालू जैसे लोगों की पार्टियां तुष्टीकरण की राजनीति करने के कारण ही अब विलुप्ति की कगार पर हैं।

विष्णुदेव साय ने कहा कि एक मुख्यमंत्री होने के नाते प्रदेश की 75 विधानसभाओं में 100 से अधिक चुनावी कार्यक्रमों में मैं शामिल हुआ। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भी दौरे किए, साथ ही छत्तीसगढ़ भाजपा के बड़े नेताओं ने चुनावी सभाओं में शिरकत की। जहां जनता का अटूट विश्वास भारतीय जनता पार्टी के लिए दिखा एवं विशाल जनसैलाब उमड़ा। इसलिए मैं कह सकता हूं कि अभी तृतीय चरण का जो लोकसभा का चुनाव हो रहा है इसकी सातों सीट सहित सभी 11 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। उन्होंने 4 जून को भाजपा के सीटों की संख्या 400 पार होने की भी बात कही।

...लेकिन कांग्रेस में हमेशा ...

होने के बावजूद भी राधिका खेड़ा को अपने ही घर कांग्रेस भवन में इतना प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देश दुनिया के सामने कांग्रेस का जो चरित्र है, उसे उजागर किया।

मतदान के बाद साफ हो गया ...

मतदान की शक्ति से देश के हालात को बदलने का मन बना लिया था और मतदान केंद्र पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ वोट किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के समान ही पूरे देश में मोदी सरकार के खिलाफ वातावरण है। भारतीय जनता पार्टी के 400 पार का नारा खोखला साबित हो गया। जनता समझ गयी कि भाजपा 400 पार का नारा संविधान बदलने के लिये दे रही है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 11117 दिनांक 06.05.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651O00215 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती DILIP DUMBANI, ANMOL DUMBANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. HUNDRAJMAL DUMBANI, RATAN PARYANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. SUNITA MANDHAN 2. RAMESH KUMAR MANDHAN पिता /पति श्री/श्रीमती 1. W/O RAMESH MANDHAN 2. S/O SUDAM CHAND MANDHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख** /वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 11129 दिनांक 06.05.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446S00257 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती AMIT JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती SURENDRA JAIN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KAJAL ASUDANI पिता /पति श्री/श्रीमती W/O SUNIL ASUDANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख** /वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,626218899, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

पूर्व पालिका अध्यक्ष की पुत्री शिल्पा साहू ने हिमाचल प्रदेश से आकर किया मतदान

नवापारा राजिम। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के पूर्व अध्यक्ष श्रीमति देहुति रतिराम साहू की पुत्री श्रीमती शिल्पी साहू जो की हिमांचल प्रदेश में निवासरत है जहाँ से अपने मतधिकार का प्रयोगकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा देश को विकसित राष्ट्र के लिए एक मजबूत सरकार बनाने हिमांचल प्रदेश से आकर गोबरा नवापारा के खोली पारा में स्थित प्राथमिक शाला के बूथ क्रमांक 220 में अपना मतदान किया।

21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खिलाड़ियों को 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण वर्ष 2024-25 अंतर्गत 10 से 31 मई 2024 तक किया जा रहा है। कबीरधाम जिले के चारों विकासखण्ड में प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें हॉकी, व्हॉलीबॉल, बेसबॉल, साफ्टबॉल कराते, बॉल बैडमिंटन, हैण्डबॉल, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन खेल को सम्मिलित किया गया है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बालक/बालिका सभी वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे एवं शाम को 6 से 8 बजे तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के मतदाताओं ने किया अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग

बलरामपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 07 मई मतदान दिवस को जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। समुदाय के लोग अपने मतदान केन्द्रों में जाकर बड़ी उत्साह के साथ मतदान किये। समुदाय के बुजुर्ग, युवा, पुरूष एवं महिलाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

रायपुर/नवप्रदेश। राजा तालाब स्थितलोटस हास्पिटल ने लोगों को वोट डालने की अपील की एवं अस्पताल के सामने मतदाताओं को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने पानी बोतल वितरित किया गया।

अधिकारी व ठेकेदार की मिलीभगत का खुलासा

शासकीय जमीन को निजी बताकर लीज में देने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत कर ग्रामीणों ने किया लीज निरस्त करने की मांग

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाईकभाटा में शासकीय जमीन को निजी जमीन बताकर उसे पत्थर उत्खनन के लिए लीज पर दिए जाने का मामला सामने आया है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से कर लीज को निरस्त करने की मांग की है सोमवार को शिकायत लेकर कलेक्टर आफिस पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बेलरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पाईकभाटा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 795 को पूर्व में लीज पर दिया गया था जिसकी लीज अवधि 5 वर्ष पूर्व समाप्त हो चुकी है वर्तमान में नगरी के एक ठेकेदार द्वारा गोण खनिज पत्थर उत्खनन करने क्रेशर मशीन लगाने के लिए उक्त खसरा नंबर 795 के भाग में से 120 हेक्टेयर भूमि को अपनी निजी भूमि बताते हुए खनिज विभाग में अनैतिक तरीके से आवेदन प्रस्तुत किया गया इसके बाद विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा शासन की नियमों एवं शर्तों को तात्पर रखते हुए शासकीय भूमि को निजी बात कर लीज पर दिया गया है जो की पूर्ववर्त पूर्णता है वैधानिक है यहां तक की ग्राम पंचायत में भी गलत तरीके से आवेदन प्रस्तुत किया गया इसके बाद विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा शासन के नियमों एवं शर्तों को ताक पर रखते हुए शासकीय भूमि को निजी बताकर लिज पर दिया गया है जो की पूर्णतः अवैधानिक है यहां तक की ग्राम पंचायत पर ग्राम सभा से भी एनओसी नहीं लिया गया है गांव में हो रहे इस अवैधानिक कार्य का सभी ग्राम वासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि उक्त खसरा नंबर 795 की भूमि को ग्राम वासी दी डोंगरी के नाम से जानते हैं और यहां गांव की आराध्य देवी मां शीतला देवी पहाड़ वाली माता व नर वाली माता का निवास है पूर्व में मनमानी तरीके से खनन के कारण उक्त जमीन में 500 से 700 फीट तक गहरा खाई बन गया है यहां जान माल का डर हमेशा बना रहता है वही ग्रामवासी पिछले 4 महीने से पारंपरिक कार्य गांव बनाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन पहाड़ी में पत्थर के तोड़फोड़ के चलते यह कार्य नहीं हो पा रहा है जिसमें पारंपरिक कार्य एवं रीति-रिवाज में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है ग्रामीणों की मांग है कि उक्त लिज को तत्काल निरस्त कर प्रकरण में जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग किया है, उक्त मांग को लेकर पाईकभाटा के सरपंच एवं उप सरपंच के साथ ग्राम देव समिति अध्यक्ष अवरुद्ध मरकाम, सचिव योगेश गुलाब, हेमंत कुमार, अनिल कुमार,फूल सिंह, चिंतामणि, राजेंद्र, कमल नारायण,हरिशचंद्र नेताम अमरचंद जयराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे थे,स्थानीय प्रशासन शिकायत पर नहीं करते कार्यवाही यहां बताना लाजिमी है कि इस आदिवासी विकास खंड में अधिकारियों की मिली भगत से अवैधानिक कार्य जोरों से चल रहा है लोगों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में गौण खनिज,खनन अतिक्रमण अवैध ईंटभट्टा सहित लकड़ी चोरी कर फर्नीचर मार्ट चलाना जैसे अवैध कार्य संबंधित अधिकारियों के संरक्षण में धड़ल्ले से हो रहा है शिकायत पर जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते इसके कारण अवैध कार्य में संलिप्त लोगों के हौसले बुलंद हैं, शिकायत पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता है,नगर में चर्चा है कि पैसे के दम पर कोई भी अवैध कार्य करलो कोई रोकने वाला नहीं है।

मराठी समाज ने 90 फीसदी मतदान कर बनाया कीर्तिमान

■ मतदाता जागरूकता अभियान का सुखद परिणाम

रायपुर/नवप्रदेश। लगभग चार महीने से सतत् मतदाता जागरूकता अभियान और मराठी समाज में प्रत्येक व्यक्ति से मतदान करने की अपील का मंगलवार को सुखद नतीजा देखने को मिला। रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान में मराठी समाज से 90 प्रतिशत से अधिक लोगों के वोट डालने का अनुमान है।

सुबह से ही महाराष्ट्र मंडल के व्हाट्सएप ग्रुप पर वोट डालने वाले के बाद जोशीले मतदाताओं में फोटो डालने की होड़ लगी रही।

महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि जनवरी में हल्दी कुंकू के भव्य आयोजन से लेकर अप्रैल में चैत्र मास हल्दी कुंकू-भजन स्पर्धा, गुड़ी पाड़वा महोत्सव जैसे अनेक बड़े आयोजनों में महिलाओं को वोट डालने की शपथ दिलाई गई। साथ ही पास- पड़ोस, गली- मोहल्लों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। मंगलवार को हुए मतदान से महाराष्ट्र मंडल के मतदाता जागरूकता अभियान की सफलता साफतौर दिखाई दी।

अध्यक्ष अजय काले ने बताया की 97 वर्षीय सुधाकर कोंडापुरकर और 94 वर्षीय उनकी पत्नी से लेकर 85 साल की पुष्पा लांबे, प्रमोदिनी देशमुख, नलिनी राजिमवाले, शशिकला किरवईवाले, 84 साल के अनिल श्रीराम कालेले, शालिनी मधुकर काले समेत बीसियों वयोवृद्ध महाराष्ट्रियन वोट डालने वालों की अग्रिम पंक्ति में शामिल रहे। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं में जोश देखने के लायक था। उदाहरण स्वरूप दिव्यांग बालिका विकास गृह की प्रभारी आस्था काले की नागपुर में अध्ययनरत सुपुत्री आद्रिका काले अस्वस्थ होने के बावजूद केवल मतदान करने के लिए रायपुर पहुंचीं और उन्होंने अपने जीवन का पहला मतदान किया। सचिव चेतन दंडवते के अनुसार महाराष्ट्र मंडल ने न केवल मराठी समाज, बल्कि समूची राजधानी में मतदाता जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर दिया। ऐसा कोई सप्ताह नहीं गया, जब मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महाराष्ट्र मंडल की ओर से आयोजन न किए गए हों।

शहर में वोटिंग पहले ही धीमी, उसके बाद बारिश ने डाली मतदान में बाधा.. तेज आंधी के साथ पानी ने बिगाड़ा मतदाताओं का मूड

कोरबा/नवप्रदेश। शाम के चार बजते ही शहर के मौसम में अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही जहां धूप छांव का दौर रहा, शाम को तेज हवाएं चलने लगी। देखते ही देखते तूफान सा शुरू हो गया और तेज अंधड़ से पेड़ बुरी तरह कांपने लगे। पहले ही मंगलवार की सुबह से कोरबा शहर में वोटिंग काफी धीमा रहा और उस पर मौसम की खलल से मतदान को प्रभावित कर दिया है।

कोरबा लोकसभा मतदान में बारिश ने खलल डाल दी है। तेज आंधी के साथ शुरू हुई बारिश से शहर की बिजली बाधित हो गई है। कोरबा में मतदान के दौरान तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई है। इसके चलते मतदान केंद्र के बाहर लगे तंबू और बैनर-पोस्टर हवा में उड़ गए। बूथ के आस पास लगे स्टॉल में दोनों दलों के कार्यकर्ता भी पंडाल छोड़ने विवश हुए। इसके चलते मतदान रुक गया है। जिले में धूल-राखड उड़ने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। दिन में अंधेरा छा गया है, इसके चलते लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलाना पड़ रहा है। कई जगह विद्युत खंभों पर शॉर्ट सर्किट हुआ है।

कई जगह 30 से 40% लोग वोटिंग से बचे, अनेक बूथों में लंबी कतार

गौर करने वाली बात यह है कि शहरी क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया काफी धीमी गति से बढ़ ही रही थी कि अचानक मौसम ने करवट ली और आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बिजली बंद होने की वजह से मतदान से संबंधित मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया रुक गई है बताया जा रहा है भादरापारा बाल्को नगर बूथ क्रमांक 109,110,111,112 लोगों की अभी भी लंबी कतार लगी है। बिजली न होने के कारण मतदान करने वाले अधिकारी भी मायूस होकर बैठ गए हैं।

रेणु और अमित जोगी ने गौरेला में टॉर्च की रोशनी में दिया वोट

बताया जा रहा है कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मतदान किया। गौरेला के सार बहरा मतदान केंद्र में बिजली गुल होने के कारण उन्होंने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मतदान करना पड़ा। इस दौरान अमित जोगी ने कहा, फिलहाल सक्रिय राजनीति से दूर हूं। कुछ समय बाद किसी नतीजे पर कह सकूंगा। उनकी मां रेणु जोगी ने कहा कि मैं क्षेत्र की बहू हूं। यही की निवासी हूं। मैं यहां के लोगों की सेवा करती रहूंगी।

जांजगीर-चांपा में 64.95% रहा मतदान

भटगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 का तीसरे चरण का मतदान 7 मई 2024 को संपन्न हुआ जहां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के संसदीय क्षेत्र लोकसभा जांजगीर चांपा में 64. 95% रहा है। तो वही सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत नगर पंचायत भटगांव में मै 5:42 मिनट तक शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव बूथ क्रमांक 171 में कुल मतदाता 1007 रहे जिसमें 575 वोट पड़े जिसमें महिला 232 और पुरुष की संख्या 281 रहा और इस तरह से 56% मतदान हुआ । इसी तरह बुथ क्रमांक 175 में कुल मतदाता 734 रहे जिसमे 372 वोट पड़े जिसमें महिला 184 तथा पुरुष की संख्या 188 रहे । इसी प्रकार बूथ क्रमांक 176 शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर भटगांव में कुल मतदाता की संख्या 975 रहे जिसमें कुल 484 वोट पड़े जिसमें महिला 252 तथा पुरुष की संख्या 232 रहे । इसी तरह बूथ क्रमांक 168 आदर्श प्राथमिक शाला भटगांव (स) में कुल मतदाता की संख्या 817 रहे जिसमें कुल 510 वोट पड़े जिसमें महिला 240 तथा पुरुष की संख्या 270 रहा । इस प्रकार आदर्श प्राथमिक शाला में बूथ क्रमांक 169 में कुल मतदाता की संख्या 1010 रहे जिसमें कुल 538 वोट पड़े जिसमें महिला 281 तथा पुरुष की संख्या 257 रहा और इसी तरह बूथ क्रमांक 167 में कुल मतदाता की संख्या 802 रहे जिसमें कुल 534 वोट पड़े जहां महिला मतदाता की संख्या 255 तथा पुरुष मतदाता की संख्या 279 रहे ।

इस तरह बुथ क्रमांक 166 का कुल मतदाता की संख्या 738 रहे एवं एक ई,डी,सी जहां कुल 474 वोट पड़े जिसमे महिलाओं की संख्या 242 तथा पुरुषों की संख्या 232 रहा इसी तरह बूथ क्रमांक 165 में कुल मतदाता की संख्या 897 रहा जहां 534 वोट पड़े जहां महिलाओं की संख्या 276 और पुरुष मतदाता की संख्या 258 रहा । मोर संगवारी मतदान केंद्र की जानकारी उपलब्ध नहीं हो सका।तो वही नगर भटगाव क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ ।

बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिली मतदान रथ की सुविधा

■ कलेक्टर ने स्वयं मतदान रथ चलाकर बुजुर्ग को लेने पहुंचे घर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। इसी कड़ी में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र तक लाने एवं पुनः घर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदान रथ की सुविधा उपलब्ध कराई गई। ऐसी सुविधा से बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को बड़ी राहत मिली। इसके साथ ही मतदान केंद्र में व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी थी।

कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां रखे मतदान रथ (ऑटो) को स्वयं चलाकर मतदाता को लेने बलौदाबाजार स्थित उसके घर पहुंचे। उन्होंने मतदाता श्रीमती सुलक्षणा तलान को पुष्प गुच्छ भेंटकर बलौदाबजार मतदान केंद्र क्रमांक 120 में मतदान हेतु मतदान रथ में बैठाकर अपने साथ लाए। इसके साथ ही उन्होंने मतदाता को व्हील चेयर पर मतदान के लिए जाने में भी मदद की। मतदान करने के बाद मतदाता श्रीमती सुलक्षणा तालान को पुनः मतदान रथ से वापस घर पहुंचाया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी साथ रहे।उन्होंने भी बुजुर्ग का हालचाल लेकर उनका अभिनंदन किया।

चुनाव का पर्व देश का गर्व का हिस्सा बने कलेक्टर एवं एसपी

एमसीबी। चुनाव का पर्व देश का गर्व में आज हिस्सा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रमोहन सिंह ने कतार में लगकर मतदान किया। नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ प्राथमिक शाल रैन बसेरा के पास मतदान क्रमांक 02 में सामान्य मतदताओं के समान लाइन में लग कर मतदान किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सुरक्षा बल के जवानों के साथ हाथ मिलाकर पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी को भी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने एक साथ सेल्फी ली। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी मतदाताओं को जागरूकता के साथ मतदान करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। मतदान केंद्र में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कराने के लिए स्काउट गाइड के बच्चों को तैनात किया गया है।

जिनको सेवा मित्र का नाम दिया गया है। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में उपस्थित बीएलओ को सभी का सहयोग करने की सलाह दी। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी मतदाता से अपने माताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

आधी रात बिगड़ा मौसम अंधड़ के साथ झमाझम बारिश

■ कई जगह पेड़ गिरे, दर्जनभर विद्युत पोल क्षतिग्रस्त, 5 से 7 घंटे बिजली रही बंद, ग्रामीण क्षेत्र में मक्के की फसल बर्बाद

कांकेर। सोमवार --मंगलवार की आधी रात करीब 2से 3बजे के आसपास कांकेर में मौसम ने करवट लेते हुए आंधी तूफान के साथ जमकर बारिश हुई।आधी तूफान इतना तेज था कि सुबह कई जगह पेड़ बिजली के खंबे गिर गए थे। जिसके चलते कांकेर शहर पूरी तरह से बिजली बंद रही।भीषण गर्मी से आमजनों को राहत तो मिली लेकिन विद्युत आपूर्ति नहीं होने से लोग गर्मी से जूझते रहे।

रात में हुई आंधी तूफान केवल कांकेर ही नही बल्कि शहर के आसपास धूल भरी आंधी, तेज बारिश लगातार बदल की गर्जना और बिजली की आंखमिचौली ने लोगो की नींद हराम कर दी इसके अलावा बार बार बिजली गुल से लोगो का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। इसी तरह सुबह जमकर बारिश के बाद सुबह 10:00 बजे के आसपास धूप निकल आने से गर्मी से राहत तो मिली लेकिन उमस भरी गर्मी से आमजन जूझते नजर आए।

बिजली बंद होने से नल रहे बंद, पीने के पानी के लिए घंटो इंजतार.....

अचानक मौसम खराब होने के बाद अलसुबह बिजली बहाल नहीं होने से वार्डो में पानी की सप्लाई नहीं किया गया लोग पीने के पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आए। किसी तरह सुबह 10बजे बिजली बहाल होने के बाद पानी की सप्लाई किया गया। सबसे मजे की बात तो यह रही की बार बार बिजली का आने जाने से आमजनों में विद्युत विभाग के खिलाफ लोगो मे जमकर आक्रोश व्याप्त था।

आंधी तूफान से बड़े-बड़े पेड़ धराशाई विद्युत व्यस्था पूरी तरह ठप्प रही

देर रात अचानक मौसम परिवर्तन होने से कांकेर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में आंधी तूफान से बड़े बड़े पेड़ उखड़ कर जमीदोज हो गए। इतना ही नहीं पेड़ के अलावा बिजली के खंबे गिर गए थे। जिसके कारण करीब पांच छह घंटे तक विद्युत आपूर्ति शुरू नही हो सकी थी। बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली के क्षतिग्रस्त पोल की दुरुस्ती के कार्य तेजी से किए जाने की जानकारी मिली है।

न्यूज गैलरी

विधायक ने किया मतदान वोटरों का जताया आभार

भाटापारा/नवप्रदेश। विधायक इंद्र साव ने मंगलवार को सुबह अपने मतदान केंद्र क्रमांक 153 में पहुंच कर मतदान किया।विधायक ने कहा कि भारत में लोकतंत्र पर लोगो का पूरा भरोसा है। विधायक इंद्र साव अपने परिजनों के साथ सुबह जिला मतदान केंद्र क्रमांक 153 हथनीपारा वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर के पीछे शिव लाल मेहता स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र वासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने के लिए उनका आभार जताया। श्री साव ने मतदान केंद्र के बाहर इस प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोक तांत्रिक देश है और देश की जनता को भी अपने देश के लोकतंत्र पर पूरा विश्वास है,आज लोगो ने जिस उत्साह और उमंग के साथ मतदान में हिस्सा लिया उसके लिए पूरे क्षेत्र की जनता बधाई की पात्र है।

कलेक्टर ने लाइन में लगकर किए मतदान का उपयोग

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने अपने पत्नी उर्मिला चौहान के साथ जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने समस्त जिले वासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। ,हमने सभी मतदान केंद्रों अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने की पूरी कोशिश किए है। जिससे आम मतदाताओ को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो। इस मौके पर कलेक्टर ने सहज सरल लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार किया। इस दौरान उन्होने आम नागरिकों एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर व्यस्थाओ के बारे भी जायजा लिया। वोट देने के पश्चात बनाएं गए आकर्षक सेल्फी जोन में आकर अपने फोटो लिए.कलेक्टर को अपने बीच देखकर मतदान करने आएं फर्स्ट टाइम वोटर ने भी सेल्फी लिए।

मिलर्स की बैठक में 3 दिन में बचे धान उठाने के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले की धान खरीदी समितियों मे परिवहन के लिए बचे धानों को तीन दिन मे पूरी तरह उठाने के निर्देश जिला प्रशासन ने जिले के मिलरों को दिए है ।

कलेक्ट्रेट मे आयोजित मिलर्स और समिति प्रबंधकों की बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल द्वारा धान उठाव के सम्बन्ध में समीक्षा की । बैठक में अपर कलेक्टर पटेल ने जिले के सभी मिलरों को 3 दिन में धान उठाव करने निर्देश दिए । जिले के सभी 51 उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधकों एवं प्रभारियों को उपार्जन केन्द्रों में शेष धान का यथाशीघ्र निराकरण करने मिलरों को धान प्रदाय करने निर्देशित किया उन्होंने कहा की जिन मिलर्स को डीओ जारी हो चुका है, वे जल्द से जल्द उठाव करें। पटेल ने जिले में शून्य शॉर्टेज लाने के संबंध में सभी समिति प्रबंधकों/प्रभारियों को निर्देश दिए है। बैठक में खाद्य अधिकारी, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाए, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं जिले के समस्त 51 उपार्जन केन्द्रों का प्रबंधक/प्रभारी के साथ जिले के सभी मिलर उपस्थित थे।

104 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने किया मतदान

नवापारा राजिम। मतदान के प्रति उत्साह लोगों में देखते ही बन रहा था। वहीं उम्र दराज व्यक्ति भी मतदान के प्रति काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। लोकतंत्र के इस महापर्व में बुजुर्गों का भी उत्साह देखा गया। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 ,काली मंदिर के पीछे रहने वाली 104 वर्षीय श्रीमती सुबौती बाई साहू ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनके पुत्र फेकनू साहू अपनी मां को गंज रोड स्थित आदर्श मतदान केंद्र तक लेकर आए।

हर आयु वर्ग के मतदाताओं में उत्साह, 67 प्रतिशत मतदान

भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में जिले के हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया संभावना अनुसार जिले में लगभग 67 प्रतिशत तक मतदान होने का अनुमान है,हालाकि अभी मतदान दलों की वापसी का क्रम है जिस के चलते फिलहाल सही आंकड़े देर रात तक आयेंगे।जिले में मतदान शांति पूर्वक संपन्न हुआ। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह क्रम मतदान समाप्ति तक चलता रहा।

प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक जिले का मतदान बिलाईगढ़ विधानसभा सहित प्रतिशत 65.24 रहा। शाम 5 बजे के बाद भी जो मतदाता मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंच गए वे कतार में मतदान के लिए खड़े हुए है।अनंतिम आंकड़े के अनुसार जांजगीर चांपा क्षेत्र अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 62.16 प्रतिशत,इसके साथ ही विधानसभा बिलाईगढ में 64.23 प्रतिशत रहा। इसी तरह रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 68.66 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 65.91प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तथा पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की।

भाई माफ करना, नहीं हो पा रहा अब मेरे से, डेम में कूदकर खुदकुशी की संभावना

बालोद/नवप्रदेश। जिले के महामाया थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने दोस्तों को मैसेज कर लापता हो गया. बोइरडीह डैम में राजहरा के वार्ड क्रमांक 14 के रहने वाले युवक ने अपनी बाइक खड़ाकर सोमवार रात को अपने मित्रों को बाइक ले जाने और अब नहीं हो रहा मेरे से, मैसेज कर फोन बंद कर लापता हो गया. परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर खोजबीन में जुटी है.

मिली जानकारी अनुसार, राजहरा के वार्ड क्रमांक 14 निवासी 24 वर्षीय नरेश कुमार नागेश्वर पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद ने सोमवार की रात 9ः14 बजे अपने मित्र हिमालय विश्वकर्मा को मैसेज किया कि ÷भाई माफ कर देना, सॉरी और गुड बाय भाई, गाड़ी लेने डैम आ जाना चाबी लेके तेरा वाला, नहीं हो पा रहा अब मेरे से÷ और मोबाइल को बंद कर दिया. मैसेज आने के बाद और लगातार मोबाइल बंद आने से मित्रों और परिजनों ने खोजबीन शुरू की किंतु युवक का कोई पता नहीं चला. बोइरडीह डैम के ऊपर युवक की मोटर साइकिल मिलने के बाद परिजनों ने युवक की गुमशुदगी की सूचना महामाया थाना में दी. बहुत रात हो जाने के कारण सुबह पुलिस प्रशासन डैम पहुंची तो डैम के किनारे पानी में युवक की चप्पल मिली. इसके बाद आसपास खोजबीन की गई किंतु कोई सुराग हाथ नहीं लगा. इसके बाद बालोद से गोताखोरों की टीम को मोटर बोट के साथ बुलाई गई. शाम 6 बजे तक गोताखोरों ने भी डैम में उतरकर काफी खोजबीन की किंतु देर शाम तक कुछ भी हाथ नहीं लगा.

सीएसपी राजहरा चित्रा वर्मा ने बताया कि लापता युवक के मित्र और परिजनों के बताए अनुसार बोईरडीह डैम के समीप बाइक और चप्पल मिलने के कारण और मित्रों को किए मैसेज को देखते हुए डैम में कूदकर आत्महत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही. गोताखोरों की टीम और मोटर बोट मंगवाकर मंगलवार को देर शाम तक खोजबीन की गईः बुधवार को पुनः सुबह छह बजे से गोताखोरों की टीम डैम पहुंचकर एक बार फिर से खोजबीन करेगीः यदि कोई सुराग नहीं मिला तो उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श कर दुर्ग से ऑक्सीजन मास्क सहित विशेष गोताखोरों की टीम भी बुलाई जाएगी.

प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है गौरतलब है कि बीएसपी प्रशासन ने निर्मित बोइरडीह डैम में पूर्व में भी कई घटनाएं घट चुकी है. सुनसान रास्ता होने के कारण ये डैम असामाजिक तत्वों का डेरा बना हुआ है।

समय पर कार्यालय नही पहुंचने वालों पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने जताई नाराजगी, दी चेतावनी

खैरागढ़/नवप्रदेश। सोमवार को कार्यालयीन समय शुरू होने के बाद भी नदारद रहने वाले अधिकारियों और विभागों की खबर पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने समयसीमा की बैठक मे नाराजगी जताते सभी विभागीय अधिकारियों को समय सीमा मे कार्यालय पहुँचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है । खबर प्रकाशन के बाद मंगलवार को आयोजित समयसीमा की बैठक शुरू होते ही कलेक्टर ने खबर को सबके संज्ञान मे लाते शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करने, समय पर कार्यालयों मे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा । ताकि भविष्य मे इस तरह की शिकायतें सामने न आए । कलेक्टर वर्मा ने कहा कि कार्यालयों मे आवेदन, समस्याओं सहित अन्य कारणों से आने वाले लोगो और हितग्राहियों के काम समय पर पूरा करने की जवाबदारी सभी अधिकारियों की है । ऐसे मे देरी से आने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी ।

खुद करेगें जांच , लापरवाही पर सीधे कार्यवाही

समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने अधिकारियों की लेटलतीफी पर नाराजगी जताते कहा कि सभी अधिकारियों की कार्यालयीन अवधि मे समय पर उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए । वे खुद अब भविष्य में कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगें । इस दौरान इस तरह की लापरवाही दूबारा मिली तो तत्काल संबंधितों पर कार्यवाही भी होगी । कलेक्टर वर्मा ने इस तरह की लापरवाही दोबारा नही बरतने हिदायत देते अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को सभी कार्यालयों मे अधिकारियों की समयसीमा मे उपस्थिति सुनिश्चित करने इसका समय समय पर निरीक्षण करने निर्देश दिए ।

खबर के बाद मचा था हडकंप

सोमवार को जिला कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आधे से ज्यादाविभागों के जिम्मेदार अधिकारी सवा 11 बजे तक अपने कार्यालय नही पहुँचे थे । इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों की कुर्सी खाली पड़ी थी । इसकी खबर प्रकाशित होते ही मंगलवार सुबह से जिला कार्यालय मे हडकंप की स्थिति रही । समयसीमा की बैठक होने के चलते विभागीय अधिकारी निर्धारित समय से पहले ही जिला कार्यालय पहुँच गए । नदारद रहने वाले अधिकारियों को कार्यवाही का डर भी सता रहा था । हालंकि कलेक्टर ने नाराजगी जताते सभी अधिकारियों को समझाइश देते भविष्य मे इस तरह की लापरवाही नही दोहराने के निर्देश दिए ।

हर विभागीय कार्यालयों का होगा निरीक्षण

समय पर कार्यालय नही पहुँचने वाले अधिकारियों की लापरवाही सुधारने अब जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के साथ साथ जिले भर के कार्यालयों का औचक निरीक्षण होगा । कलेक्टर वर्मा ने इ सके लिए अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल को निर्देश देते सभी कार्यालयों के निरीक्षण करने कहा । ताकि अधिकारियों की लापरवाही सूधारी जा सके । अपर कलेक्टर पटेल अब जिले के विभागों मे अधिकारियो की उपस्थिति की जांच करेंगें ।

> सभी अधिकारियों को कार्यालयीन समय पर निर्धारित समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए गए है । इसकी मानिटरिंग और जिले भर के कार्यालयों का अब औचक निरीक्षण भी होगा । लापरवाही पर कार्यवाही भी होगी ।
>
> **प्रेम कुमार पटेल**
> अपर कलेक्टर खैरागढ़

तेंदूपत्ता तोडने जंगल गए पति-पत्नी पर भालू का हमला, अस्पताल में दाखिल

पत्नी के घुटने को नोंचा, पति के चेहरे पर किया जानलेवा हमला

खैरागढ़/नवप्रदेश। तेंदुपत्ता तोडने़ जंगल गए पति पत्नी पर भालू ने हमला कर घायल कर दिया । घटना ब्लाक के वनांचल क्षेत्र देवरी की है । देवरी जंगल मे फिलहाल तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य जारी है । जिसमें गांव के संग्राहक बड़ी संख्या मे तेंदुपत्ता तोडने़ जा रहे है । मंगलवार सुबह नरेन्द्र यादव 30 वर्ष अपनी पत्नी अनीता यादव 27 वर्ष के साथ तोडने़ गांव के संग्राहको के साथ जंगल गया था । सूबह 7 बजे के करीब जंगल मे तेंदुपत्ता तोडने़ के दौरान जंगल की ओर से भागते आए भालू ने अनीता यादव पर हमला कर दिया । इस दौरान भालू ने अनीता के घुटने नोंच डाले । पत्नी पर भालू के हमले को देख बचाने आए पति नरेन्द्र भालू से भिड़ गया । इस दौरान भालू ने नरेन्द्र पर हमला किया और चेहरे मे नाखून गड़ा दिए । हालंकि पति नरेन्द्र को ज्यादा चोंटे नही आई है । गांववालों के शोर शराबे के चलते भालू वापस जंगल की ओर भाग निकला । ग्रामीणों ने आनन फानन मे घायल अनिता को जिला मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल पहुँचाया है । जहाँ पति पत्नी दोनो का इलाज जारी है । ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या मे कुत्ते भीजानवरों से सुरक्षा के चलतें जंगल जाते है । भालू को देख पहले कुत्तों ने उसे दौड़ाया था इस दौरान वह ग्रामीणों की ओर पहुँच गया और हमला कर दिया । देवरी जंगल मे बड़ी संख्या मे भालूओं की उपस्थिति है । पिछले साल भी वहाँ भालू देखा गया था । सूचना के बाद दोपहर मे वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी भी सिविल अस्पताल पहुँचे और घायल पति पत्नी का हालचाल जाना और विभागीय तौर पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी ।

वर्जन-देवरी जंगल मे भालू के हमले से पति पत्नी के घायल होने की जानकारी के बाद अस्पताल पहुँचकर दोनो को देखा है । विभाग की ओर से पूर्ण इलाज की व्यवस्था व अन्य सहायता उपलब्ध करवा रहे है ।

संकुल समन्वयक प्राचार्य और शिक्षकों ने किया विश्व हिंदू परिषद से खास मुलाकात

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी द्वारा लगातार पूरे जिले में सक्रियता के साथ समाज के सभी क्षेत्रों में विभिन्न सकारात्मक कार्य किया जा रहे हैं जिससे समाज के विभिन्न वर्ग व्यापारी नौकरी पैसा शिक्षक डॉक्टर और अन्य हर प्रकार के वर्ग के लोग लोगों में खास प्रभाव रहा है विश्व हिंदू परिषद के कार्यों से प्रभावित होकर सभी वर्गों के लोग लगातार विश्व युद्ध परिषद से जुड़ रहे हैं संगठन लगातार समाज में बढ़ रहे हुए विचार व्यभिचार अपराध बुराइयां नशे की लत धर्मांतरण मातरम् मतदांतरण और अन्य अपराधों के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहे हैं इन्हीं संघर्षों से प्रभावित होकर जिले के स्कूल संकुल सामान्य समन्वयक प्राचार्य और स्कूल शिक्षक विश्व हिंदू परिषद जिला धमतरी के मुख्य पदाधिकारी से खास मुलाकात के लिए महाराणा प्रताप गार्डन में पहुंचे जहां पर प्रांतीय पदाधिकारी मोहन साहू की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ज़िला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिलामंत्री रामचंद देवांगन से मुलाकात हुई और स्कूलों के माध्यम से किस तरह समाज में जागरण संस्कार नवनिर्माण भारतीय सभ्यता और संस्कृति के विषय में नैतिक शिक्षा प्रदान की जा सकती है इस संदर्भ में चर्चा हुई। जिले के सभी शिक्षक प्राचार्य के द्वारा विश्व हिंदू परिषद के साथ मिलकर स्कूली बच्चों में राष्ट्रवाद, देश प्रेम एवं सभ्यता संस्कृति के विकास करने के लिए सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। प्रांतीय अधिकारी मोहन साहू ने शिक्षकों को नमन करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है और भविष्य निर्माण का स्थान है आज के बच्चों को राष्ट्र हित मे जागरूक नागरिक बनाने का प्रयास करना चाहिए।

जिला संकुल अध्यक्ष श्री लोकेश पांडे जी ने बताया की स्कूलों के माध्यम से कैसे बच्चों के मन में माता-पिता गुरुजनों के प्रति प्रेम सम्मान और उदारता की भावना कैसे विकसित की जा सकती है उसकी जानकारी दी।

पूर्व सरपंच के महतारी वंदन की किश्त पंचायत खाते में

खैरागढ़/नवप्रदेश। पूर्व में सरपंच रही महिला के महतारी वंदन योजना की राशि उसके खातें की बजाय सरपंच रहने के दौरान खुले पंचायत के खातें मे आने से परेशान महिला को अब राहत मिलेगी । परिजनों को इसकी जानकारी होने के बाद आनन फानन मे पंचायत सचिव को इसकी जानकारी देते पंचायत खातें का अपडेट कराने प्रयास जारी है । महिला के महतारी वंदन योजना की तीनों किश्त की राशि खुद के बजाय पंचायत खातें मे पहुँच गया है । मामला ब्लाक के मदराकुही पंचायत का है । पिछले कार्यकाल मे सरपंच रही शकुन पटवा द्वारा जिला मुख्यालय स्थित जिला सहकारी बैंक मे पंचायत का खाता खुलवाया गया था । सरपंच पटवा सहित सचिव सुधा वर्मा के द्वारा संयुक्त संचालित होने वाले इस खाते मे सरपंच रही शकुन पटवा का आधार लिंक हूआ था । पंचायत चुनाव के बाद मदराकुही मे सरपंच बदल गए लेकिन पंचायत सचिव ने उक्त खाते का अपडेट नही करवाया । पूर्व सरपंच शकुन पटवा ने प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन के बाद महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन जमा किया । इसमे उन्होने स्टेट बैंक खैरागढ़ का खाता नंबर दिया था । लेकिन सहकारी बैंक मे पंचायत खातें मे उनका आधार लिंक होने के चलते योजना मे उनका खाता पंचायत वाला अपडेट हो गया । महतारी वंदन योजना की पिछले तीन किश्त की राशि पंचायत के खातें मे शकुन पटवा के नाम से जमा हो रही है । इधर पूर्व महिला सरपंच सहित परिजन योजना की राशि नही मिलने को लेकर हैरान परेशान हो पंचायत सहित आंगनबाड़ी केन्द्र का चक्कर लगा रहे थे ।

रोजगार सहायिका पर मनमानी का आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा कार्य मे काम कर रहे ग्रामीणों के अलावा दूसरे लोगो को भी फर्जी तरीके से मजदूरी राशि का भुगतान किए जाने के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर बड़ी संख्या मे कलेक्ट्रेट पहुँचे ब्लाक के ग्राम राहूद के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल को ज्ञापन सौंप रोजगार सहायक को तत्काल हटाने और मनरेगा मे काम कर रहे मजदूरों को सही तरीके से मनरेगा भुगतान किए जाने की मांग की । बड़ी संख्या मे कलेक्ट्रेट पहुँचे ग्राम राहूद के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत राहूद की रोजगार सहायिका उमेश्वरी वर्मा द्वारा 9 लाख रू की लागत से हो रहे तालाब गहरीकरण कार्य मे कई लोगो को फर्जी भुगतान किया जा रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि तालाब गहरीकरण कार्य मे गांव के लगभग 150 ग्रामीण मजदूरी कर रहे है । लेकिन इसके मस्टररोल मे 2 सौ से अधिक लोगो को भुगतान किया जा रहा है । मनरेगा मे काम करने वाले ग्रामीणों को सप्ताह भर की मजदूरी मे कम राशि का भुगतान हो रहा है । जबकि काम नही करने वाले कई लोगों को पूरा भुगतान किया जा रहा है । ग्रामीणों को मजदूरी मे 5 दिन की राशि 5 सौ रू और मेट कार्य करने वाले लोगो को 12 सौ रू का भुगतान रोजगार सहायिका द्वारा किया जा रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि जो गांव मे नही है ऐसे लोगो की भी फर्जी हाजिरी लगाकर उनको मजदूरी भुगतान किया गया है । ग्रामीणों ने रोजगार सहायिका पर आरोप लगाते कहा कि कमीशन लेकर ऐसे लोगो को भी मस्टररोल मे दर्ज कर भुगतान किया जा रहा है जो काम पर ही नही आ रहे है । रोजगार सहायिका द्वारा जिन लोगो को कार्य मे मेट बनाया गया है उनके परिवार के सदस्यों के खातें मे भी बिना काम के मजदूरी भुगतान जारी है । ग्रामीणों ने इसके दस्तावेज भी ज्ञापन के साथ प्रस्तुत करते रोजगार सहायिका को तत्काल पद से हटाने, काम करने वाले ग्रामीणों को मजदूरी का पूरा भुगतान करने, फर्जी हाजिरी भर कर मजदूरी पाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की ।

खदान में मतदान ने भाटापारावासियों का जीता दिल, देखने उमड़ी भीड़

0 जज्बे को सलाम कोई हॉस्पिटल से, तो बैंगलोर से आया वोट देने

भाटापारा/नवप्रदेश।,खनिज विभाग द्वारा भाटापारा नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 143 में में खदान में मतदान के थीम पर सजाया गया है। जो की काफी आकर्षक एवं विशाल रहा.लोग सुबह से शाम तक फोटो खिंचवाने के लिए उमड़े रहे। भाटापारा निवासी मतदाता राधेश्याम साहू ने कहा मैं चौथी बार लोकसभा चुनाव में मतदान कर रहा हूं. जिंदगी में पहली बार मतदान केंद्र में इस तरह की साज सज्जा देखने को मिला मानो हम मतदान केंद्र नहीं बल्कि कोई झांकी देखने के लिए आए हो।यहां पर बैठने की व्यवस्था के साथ पीने के लिए ठंडा पानी की भी समुचित व्यवस्था की प्रशासन द्वारा की गई है। निश्चित ही इस व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। यह चुनाव निश्चित ही मतदाताओं को सुविधा मुहैया कराने में मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही खदान में होने वाले गतिविधियों पर आधारित जीवंत सेल्फी जोन भी बनाया गया था।

तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भी किया मतदान जिले के तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भी बड़े उत्साह से लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी हुए. इस दौरान तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भाटापारा नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 186 में अपने मत का किया प्रयोग. लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान केंद्र क्रमांक 196 ढाबाडीह भाटापारा में दिव्यांग मतदाता प्रेम दास पिता ढेल सिंग उम्र 45 वर्ष द्वारा मतदान किया गया। जिसकी बाइक दुर्घटना मे पैर चोट होने के कारण,ष्टरु सर्जरी किया गया है जिसके बाद भी मतदान केन्द्र में पहुंच कर मतदान किया एवं सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया। इसी तरह ग्राम कामता निवासी 57 वर्षीय अदली दास मानिकपुरी ने लकवा ग्रस्त होने के बाद भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो की काबिले तारीफहै। इसी तरह वोट देने के लिए बलौदाबाजार निवासी बैंगलौर में रहने वाली अंकिता अग्रवाल अपने परिवार के साथ मत देने पहुंची। उन्होने भी व्यवस्थाओं को देखकर जिला प्रशासन की खुली मन से प्रशंसा की।

आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्र बने विशेष आकर्षण का केन्द्र* *सेल्फी जोन का रहा विशेष क्रेज, मतदान केंद्र ने मोहा सब का मन, जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र में मतदाताओं को आवश्यक सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किए गए आदर्श मतदान केंद्र एवं संगवारी मतदान केंद्र मतदाताओं एवं आम लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उल्लेखनीय है कि आदर्श मतदान केंद्रों में इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए राहत देने के उद्देश्य से समुचित व्यवस्था की गई है। इन मतदान केंद्रों में बच्चों के मनोरंजन,विशेष आकर्षक सेल्फी जोन, विश्राम,ओआरएस सेंटर,ठंडी पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन मतदान केंद्रों में पहुंचे मतदाताओं ने जिला प्रशासन की इस नवाचार की सराहना की है। इसी तरह आदर्श मतदान केंद्रों में आकर्षक साज-सज्जा के साथ-साथ मतदाताओं के बैठने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले,एलरैम्प, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, दिव्यांग रथ,टेंट,शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था के अलावा मतदाताओं की सहायता के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

नवविवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

सूरजपुर/नवप्रदेश।नवविवाहिता की मौत पर मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप कहा गले में चोट के निशान हैं इसके विरोध में थाने के सामने शव रखकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे परिजन

मामला झिलमिली थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदामुड़ा का है। यहां

नवविवाहिता की मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है. मायके पक्ष वालों ने मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है. झिलमिली पुलिस घटना स्थल पहुंचकर न्यायिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान भेजा।मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है. गले में चोट के निशान भी है. भारी संख्या में समाज के लोग और परिजन शव को कोतवाली के सामने रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे.वहीं पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा होगा की हत्या है या स्वाभाविक मौत हुई है. मामले की जांच की जा रही।

न्यूज गैलरी

सिपाहीमुड़ा व दर्रा के लोगों ने किया मतदान

सक्ती/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत हरेठी के आश्रित ग्राम सिपाहीमुड़ा के मतदाता ने लोकसभा में मतदान नही करने का विभिन्न समस्याओं को लेकर निर्णय लिया गया था । कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, परियोजना निदेषक बी.पी. भारद्वाज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीति पवार, तहसीलदार मनमोहन सिंह ने जाकर गांव वालों की समस्या सुनीं तथा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने बताया कि जब मैं ज्वाइन किया उसके बाद आचार संहिता लगने के कारण आपके समस्याओं का निदान नही कर पाया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रीति पवार ने आश्वासन दिया कि 8 दिन के अंदर सामुदायिक भवन एवं तालाब में पचरी निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा तथा रोड के संबंध में बताया कि प्राइवेट जमीन होने के कारण इसमें समय लगेगा तब सोमेन्द्र सिंह एवं ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के समय हम लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने ग्रामवासियों को बोला कि मैं आचार संहिता खत्म होने के बाद रोड के लिये प्रयास करूगां। ग्राम सिपाहीमुड़ा एवं ग्राम दर्रा मिलाकर 250 मतदाता है ग्रामीणों ने मतदान करना शुरू कर दिये।

युवा मतदाताओं ने भी किया मतदान

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में मतदान की प्रक्रिया जारी है मतदाता अपने.अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में शाम 6 बजे तक मतदान कर सकते है। इसी क्रम में

आज आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 172 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन पोरथा में मतदान करने पहुंची 18 वर्षीय टिया यादव ने कहा की लोकसभा चुनाव को लेकर हम सभी युवाओं में काफी ज्यादा उत्साह है। मैने पहली बार अपना मतदान दिया है जिसका बहुत ही अच्छा अनुभव रहा है। उन्होंने सभी लोगों से अपने सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने की अपील की है। इसके साथ ही चंद्रपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 22 सोनादुला में कुमारी कामिनि, कुमारी काजल, कुमारी पल्लवी और कुमारी सरस्वती बरेठ ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दिया है। इसी प्रकार जिले के अन्य विभिन्न मतदान केंद्रों में भी युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो दिव्यांगजनों सहित सभी वर्ग के नागरिक बढ़.चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे हैं।

पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया मतदान

पामगढ़/नवप्रदेश। जांजगीर चांपा लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को जांजगीर चांपा जिले में मतदान हुआ जिसमें भारत के लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाने के लिए भारतीय पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष जयकरण बंजारे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम दिनकर ने मतदान किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मतदान का अधिकार हमारे लिए बहुत बड़ा अधिकार है। इसमें हम अपने लिए अधिकार का प्रयोग कर सरकार चुनते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को मतदान करना चाहिए और भारत की लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाई चाहिए। आपको बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष ने बनाहिल में मतदान किया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम दिनकर ने धनगांव में मतदान किया एवं जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ।

अज्ञात कारणों से वृद्ध की मौत, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। बीते दिनों एक वृद्ध की मौत हो गई। दरअसल मूनसाय रजक उम्र 65 वर्ष ग्राम लहपटरा खरिखोडपारा अपने पुत्र ओमप्रकाश रजक के साथ जमीन गिरवी रखने बस्ती के तरफ गया था। वहीं दोनों पिता पुत्र ने मिलकर शराब पिया। घर वापस आ रहे थे इसी दौरान वृद्ध नहर के पास मोटरसाइकिल से उतर कर पेड़ के छांव में आराम करने बैठ गया। देर शाम 5 बजे तक घर वापस नहीं लौटा। पड़ोस की एक महिला ने वृद्ध को संदिग्ध अवस्था में सोये हुये देखा। दीपक नामक लड़के को बताई । इसके बाद लड़के ने घर वालों को बताया। घर के लोगों ने पेड़ के नीचे आकर देखा वृद्ध की मौत हो चुकी थी। इस हादसे की इतिला पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर मरच्युरि में रखवा दिया था। मकतूल के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि खाली पेट शराब पीने तथा गर्मी के वज़ह से वृद्ध की मौत हो गई होगी। बहरहाल लखनपुर पुलिस मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लेकर जांच करने जुटी है।

कलेक्टर, एसपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी किया मतदान

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने अपनी धर्मपत्नी डॉ. पायल चौधरी के साथ आदर्श मतदान केन्द्र, डाइट जांजगीर पहुंचकर मतदान किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी ने भी मतदान किया। कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों ने मतदान के बाद सेल्फी जोन में पहुचकर अपनी सेल्फी भी ली। मतदान के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने जिले के समस्त मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपील भी की। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण से मतदान सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ। लोकसभा निर्वाचन के दौरान 18 प्लस आयु वर्ग के युवा मतदाता उत्साह के साथ मतदान किया। सुबह से मतदान करने पहुंचे युवाओं ने कहा कि यहां मतदान केंद्र की साज सज्जा देखकर उन्हें बहुत ही अच्छा लगा। उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन की व्यवस्था को सराहा और अपने जैसे युवाओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। 18 वर्ष के ऐसे युवा जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया था, उन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार मतदान करने पर उन युवाओं के चेहरे पर खुशियां दिखी।

एनसीसी, एनएसएस और स्काउट के बच्चों ने की बुजुर्ग व दिव्यांगो की मदद

मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ मतदाताओं की सुविधा के लिए एनसीसी, एनएसएस और स्काउट के बच्चों ने की बुजुर्ग, दिव्यांगो की मदद की और उन्हें सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया। इसके साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी और स्कॉउट-गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में कार्य किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी सहभागिता निभाई।

नगर के पोलिंग बूथों में 70 फीसदी मतदान

■ आंधी बारिश के बाद भी पहुंचे मतदाता

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत नगर लखनपुर में बनाये गये सभी पांचों पोलिंग बूथों में 4 बजे तक 70 फ़िसदी मतदान होने का अंदाजा लगाया जा रहा। वोटिंग आगे भी जारी रहा। मतदाता सुबह सबेरे गर्मी से बचने पोलिंग बूथों में पहुंचे मतदान चलता रहा।बाद इसके तकरीबन 3 बजे के आसपास हुये एकाएक आंधी बारिश के वजह से कुछ समय के लिए मतदान प्रभावित हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक नगर में मतदाताओं की संख्या 5455 रही है। क्रम से यदि पोलिंग बूथों की जिक्र किया जाये तो 4 बजे तक लखनपुर के अंग्रेजी माध्यम प्रायमरी स्कूल के बूथ क्रमांक 193 में मतदाताओं की कुल संख्या 1336 रही जिसमें से 859 मतदाताओं ने वोट डाले वहीं मतदान केंद्र 194 में मतदाताओं की संख्या 1476 रही जिसमें 886 मतदाताओं ने मतदान किया। इसी तरह जूना लखनपुर के बूथ क्रमांक 189 में कुल मतदाता रहे 737 जिसमें 490 ने वोट डाला। वहीं बूथ क्रमांक 190 में 879 मतदाताओं में से 621 मतदाता मतदान कर चुके थे। बूथ क्रमांक 191 में मतदाताओं की कुल संख्या रही 995 जिसमें से 686 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। आगे मतदान करने का सिलसिला जारी रहा। समाचार लिखे जाने तक अनुमान लगाया जा रहा है कि नगर पंचायत सहित क्षेत्र के सभी 65 पोलिंग बूथों में 70 फ़िसदी मतदान हुआ।

आंधी बारिश को छोड़कर शांति प्रिय तरीके से मतदाताओं ने मतदान किये। इस मौके पर अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने अपने 85 वर्षीय माता श्री का आशीर्वाद लेकर परिवार सहित बूथ में पहुंच कर मतदान किया तथा दूसरे मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित किया। सभी बूथों में सुरक्षा बल तैनात रहे।

5 बर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

कोंडागांव/नवप्रदेश। थाना माकड़ी के फ़रार स्थाई वारंटी धनी राम मंडावी उम्र 23 वर्ष निवासी ठेमगांव, थाना माकड़ी जिला कोण्डागांव जो कि पिछले 05 वर्षो सेरार चल रहा था।न्यायालय के द्वारा उक्त आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी की गई थीं। ब पुलिस द्वारा अभियान चलाकर अधिक स्थाई वारंट तामिली हेतु निर्देश दिया गया है। मुखबिर से सूचना मिली कि उपरोक्त फ़रार वारंटी अपने घर आया हुआ है, मुखबिर सेः प्राप्त सूचना को श्री रूपेश कुमार अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोण्डागांव को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन में वारंटी को उसके सकुनत में जाकर दबिश देकर वारंटी घनीराम मण्डावी को पकड़कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय के द्वारा उक्त वारंटी को जेल भेज दिया गयापरोक्त कार्यवही में निरीक्षक विनोदकुमार साहू, सहा0 उपनिरीक्षक राकेश कुमार भोयर, म0प्र0आर0 शांति ध्रुव, आंरक्षक केमेन्द्र उइके, अनिल मरकाम एवं मनेश मण्डावी शामिल रहे।

रायपुर में विभिन्न खेलों हेतु चयन ट्रायल 9 एवं 10 मई को

कोंडागांव/नवप्रदेश। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित गैर आवासीय हॉकी, तीरंदाजी, फुटबॉल (बालिका) एवं एथलेटिक्स अकादमियों के लिए खिलाड़ियों का दो दिवसीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जायेगा। चयन ट्रायल 09 मई को प्रातः 7 बजे से फुटबॉल (बालिका) खेल हेतु स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर एवं तीरंदाजी खेल हेतु तीरंदाजी एरिना, खेल छात्रावास के सामने साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर तथा 10 मई को सुबह 7 बजे से एथलेटिक्स हेतु स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर एवं हॉकी खेल हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, रायपुर में बैटरी टेस्ट और कौशल परीक्षण किया जाएगा। 01 अप्रैल 2024 को 13 से 17 वर्ष की आयु प्राप्त बालक-बालिका खिलाड़ी इस चयन परीक्षण में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे। पात्र खिलाड़ी निर्धारित तिथि तथा निर्धारित स्थल पर जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस चयन परीक्षण में खेल के प्रति रूचि, अनुशासन, समयबद्धता, खेल कौशल, उनकी शारीरिक दक्षता आदि के संबंध में चयन समिति द्वारा आंकलन किया जाएगा। बैटरी टेस्ट एवं कौशल परीक्षण में प्राप्तांक के आधार पर खिलाड़ियों को गैर आवासीय अकादमी रायपुर के लिए चयनित किया जाएगा। गैर आवासीय खेल आकदमी में प्रवेश के बाद खिलाड़ियों को खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार बीमा, चिकित्सा व्यय, खेल सामग्री एवं उपकरण, प्रतियोगिता के दौरान यात्रा व्यय, स्वल्पाहार भत्ता, एकरूप परिधान, विशिष्ठ प्रशिक्षण, एडवांस कोचिंग, खेल वृत्ति की सुविधाएं दी जाएगी।

जंगो रायतार इंग्लिश मिडियम स्कूल मसोरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

कोंडागांव/नवप्रदेश। जंगो रायतार समाज कल्याण समिति द्वारा संचालित जंगो रायतार इंग्लिश मिडियम स्कूल मसोरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया हैं । जंगो रायततार इग्लिश मिडियम स्कुल संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को नवोदय एवं सैनिक स्कूल जैसे विद्यालयों के लिए तैयार करना, स्थानीय गोंडी भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन करना, असहाय / अनाथ एवं गरीबों बच्चों एवं नक्सल पीड़ित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदाय करने के को लेकर कार्यरत् है। इस स्कूल संस्था में अंग्रेजी भाषा के साथ गोंडी लिपि का भी अध्ययन कराया जाता है यह संस्था एक सामुदायिक संस्था है जो आदिवासी समुदाय के बुद्धिजीवियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से संचालित है। संस्था विगत 06 वर्ष से संचालित है जिसमें 180 छात्र छात्रायें अध्ययनरत है शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवोदय विद्यालय के चयन परीक्षा में इस संस्था के 04 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें पीयूष भोयर ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में जंगो रायतार इंग्लिश मिडियम स्कुल का परचम लहराया है।। संस्था का यह पहला प्रयास था। पहला प्रयास में संस्था यह उपलब्धि हासिल किया है।जंगो रायतार इंग्लिश मिडियम स्कुल मसोरा में अध्ययनरत् बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम दिनांक 06.05.2024 को मुख्यअतिथि तिरूमाल बुद्धसिंह नेताम, अध्यक्ष, गोंडवाना समाज जिला इकाई कोण्डागांव के द्वारा घोषित किया गया। जिसमे कक्षा नर्सरी में नर्सरी 1. सीनु नेताम (97.6).2. रोनित मरकाम (96), 3. मोलश्री ठाकुर (94.4) रु्य.त्र. में 1. केवांशी मरकाम (94.8) 2. याचना मरकाम (92.8) 3. भव्या मरकाम (92), ᱹय.त्र. में 1. याचना भोयर (99.2), 2. प्राची उसेंडी (98.4) 3. हर्षिता मरकाम (96.8), पहली में 1. भाविका कश्यप (94.4) 2. निभा पोयाम (94.8), 3. परिधि नेताम, (91.3) दूसरी में 1. हर्षिता नेताम (86.3), 2. देविका मरकाम (77.5), 3, मधिका नेताम (74.2), तीसरी में, 1. आराध्या नेताम (91) 2. वरण्या रुद्रावेन मंडावी (90) 3. नव्या बघेल (89), चौथी में 1. ओजस्वी सोरी (86) 2. रेशमी नेताम (84) 3. अंकिता नेताम (81) पांचवी में 1.पियुष कुमार भोयर (86) 2. उन्नति मरकाम (85) 3. परमेश्वर नेताम (82) इस दौरान बुधराम मरकाम, अध्यक्ष, जंगो रायतार शाला प्रबंधन समिति मसोरा, कु. रमा मरकाम, प्रधानाध्यापक, जंगो रायतार इंग्लिश मिडियम स्कुल मसोरा, .बघेल, अध्यक्ष, जंगो रायतार पालक समिति मसोरा, धनमत नेताम, विजय शोरी, केशराज मरकाम, नरसिंह मण्डावी, झिटकु मरकाम, उमाकान्त नेताम, विजय शोरी, खुलमन सिंह भोयर, पाचिया मरकाम, श्रीमती कुंती नेताम, श्रीमती तनुजा नेताम, कु. पुजा कुंजाम, शिक्षिका, कु. पल्लवी नुरूटी, शिक्षिका, श्रीमती रैयमती नेताम, शिक्षिका, कु. गौतमती बघेल, शिक्षिका, पालकगण एवं उपस्थित रहे।

करसी, कलश और दीए की बिक्री बढ़ी

मुंगेली/नवप्रदेश। इन दिनों शादी का सीजन शुरू हो चुका है जिसमें विवाह के लिए लगने वाले मिट्टी के बने दीये, जागर, रूखा, कलश आदि आवश्यक रहता है। इसकी मांग को देखते हुए इसे बनाने वाले कुम्हार भी अक्सर शादी सीजन शुरू होने के पहले ऐसे सामानों को बाजार में बिक्री के लिए लाते है। ग्रामीण अंचलो के शादियों में खासकर मिट्टी के विवाह सामग्री की महत्ता सदैव बनी हुई है। आजकल की शादियॉ भले ही हाईटेक होती जा रही है। बिजली के चकाचौंध से मंडप सजाए जा रहे है। आधुनिकता के दौर में अभी भी बरकरार है मिट्टी के बने विवाह सामग्रियां मिट्टी के बने जागर, रूखा, कलश, दीया की बाजारों में मांग बनी हुई है। सभी प्रकार की आधुनिकृता लिए हुए शादियां सम्पन्न हो रही है। लेकिन मिट्टी से बने शादी के सामग्रियों की पूछ परख कम नही हो रही है आज भी इनका महत्व बरकरार है। रामनवमी के आते ही शादी का सीजन शुरू हो चुका है जिसमें विवाह के लिए लगने वाले मिट्टी के बने दीये, जागर, रूखा, कलश आदि आवश्यक रहता है। इसकी मांग को देखते हुए इसे बनाने वाले कुम्हार भी अक्सर शादी सीजन शुरू होने के पहले ऐंसे सामानों को बाजार में बिक्री के लिए लाते है। ग्रामीण अंचलो के शादियों में खासकर मिट्टी के विवाह सामग्री की महत्ता सदैव बनी हुई है। शादियों की चकाचौंध में कई तरह के पुराने रीति रिवाजों एवं शादियों में उपयोग होने वाले हाईटेक सामानों के आ जाने के बावजूद भी मिट्टी से बने विवाह सामग्रियों की महत्ता आज पर्यन्त बरकरार है, इसके बगैर शादी सम्पन्न नही हो सकता। नगर में मौजूद कुम्हार विवाह में लगने वाले इन सामग्रियों का निर्माण करते है। मण्डप में जागर, रूखा, कलश के बिना शादी ब्याह का रस्म पूरा करना असंभव है। इन सामग्रियों की आवश्यकता विवाह के शुरूवात से ही पड़ती है। कभी-कभार समय पर उपलब्ध न हो पाने की स्थिति में इन सामग्रियों की खरीदी विवाह करने वाले परिजन पहले से ही खरीद लेते है जिन गांव में इन सामग्रियों का निर्माण किया जाता है। वहां से पहले से पहुंचकर इसके लिए आर्डर भी दिया जाता है। वहीं शादी के सीजन बढ़ते ही ये सामग्री बाजार में भी बिकने के लिए उपलब्ध रहता है। इन सभी सामानों के निर्माण में भी समय लगता है एवं वैवाहिक समय में ही इसको बनाया जाता है।

महिला डेवलप फाउंडेशन ने ओडिशा के डिप्टी मेयर से की मुलाक़ात

पामगढ़/नवप्रदेश। श्री महिला डेवलपमेंट फाउंडेशन के सदस्यों ने ओडिसा के डिप्टी मेयर दमयंती मांझी से किया सौजन्य मुलाकात। मुलाक़ात के दौरान श्री महिला डेवलप फाउंडेशन पामगढ़ के सदस्य दीप मलिका समाजसेवी एवं पत्रकार व सचिव उमेश कुमार ने संस्थान में संचालित निःशुल्क प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डिप्टी मेयर दमयंती मांझी के द्वारा संस्थान श्री महिला डेवलप फाउंडेशन पामगढ़ को महिला डेवलप के लिए सहयोग राशि 5000 प्रदान की।

न्यूज गैलरी

एमडीएच, एवेरेस्ट मसाले की जनता ने जांच की मांग की

सरसींवा / नवप्रदेश। आय दिन न्यूज़ के माध्यम से एम डी एच और एवेरेस्ट कंपनी के कुछ मसलो को बैन करने की खबर चली आ रही है जिसमे सिंगापुर और हांगकांग जैसे सम्पन देश ने इन दोनों मसलो को बैन कर दिया है ।

इन्होने अपने जाँच एजेंसी से जाँच करा बताया की इसमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा बहुत ज्यादा है जिससे की लोगो को कैंसर होने की रिस्क बहुत अधिक है । एथिलीन ऑक्साइड बहुत ही ख़तरनाक केमिकल है जोकि स्वास्थय को बहुत नुकसान पहुँचती है । इससे मुख्या रूप से स्तन कैंसर, मस्तिष्क,पेट, अग्नाशय,लिम्फेटिक और हेमेटोपोएटिक कैंसर एवं विभिन्न प्रकार के कैंसर होने की सम्भावना बहुत अधिक होती है । सरसींवा क्षेत्र के लोगो के साथ साथ पुरे राज्य पुरे देश को इसे गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि हम इसे एक आयुर्वेदिक मिश्रण के रूप मे घर पर उपयोग करते है और वास्तविक मे यदि मसलो मे मिलावट न हो तो यह खास तरह की हमारे शरीर को बहुत सारे फायदे पहुंचाने का काम करता है । परन्तु कुछ देशो मे जाँच उपरांत इन मसलो मे कैंसर के कारको का मिलावट होना बहुत ही डर की खबर है । यदि इन सबको शासन प्रशासन ध्यान नहीं देती तो यह लोगो के जीवन के साथ खिलवाड़ है । इसलिए क्षेत्र के लोगो का यह कहना है की शासन प्रशासन इसे गंभीरता से ले कर जाँच कराये।

सेन जयंती पर पूजा अर्चना करते सेन समाज के लोग

नगरी/नवप्रदेश। अपनी भक्ति व सेवा भाव के माध्यम से सेन समाज को जागृत कर उन्हें अखंड भारत में विशेष पहचान दिलाने वाले संत शिरोमणि श्री सेन महराज जी की 724 वीं जयंती 5 मई रविवार को सेन समाज तहसील नगरी एवं बेलरगांव के द्वारा महानदी के उद्गम स्थल कर्णेश्वर मंदिर परिसर ग्राम देउरपारा सिहावा में मनाई गई।

इस अवसर पर समाज के लोग सुबह से ही कर्णेश्वर मंदिर परिसर स्थित सेन समाज के आराध्य श्रीहरि विष्णु मंदिर में उपस्थित होकर मंदिर पुरोहित श्री पुरी जी के मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धा व आस्था के साथ समाज के प्रमुख जन पूजन अर्चन कार्यक्रम में शामिल हुए इसके बाद सेन जी महराज के जीवन यात्रा एवं उनके द्वारा दिए गए उपदेश को समाज जनों के समक्ष रखकर उनके बताए गए सदमार्ग में समाज को संगठित होकर चलने पर विशेष बल दिया गया, साथ ही एक दूसरे के दुख सुख में हमेशा शामिल होकर इस मानव जीवन को साकार करने की बात समाज प्रमुखों द्वारा कही गई। इस दिन नगरी एवं बेलरगांव अंतर्गत सभी स्वजातीय बंधुओ के द्वारा सेलून दुकानें, गांव गंवई कार्य एवं अन्य प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखे गए।

निर्वाचन के दौरान मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि किया जारी

बालोद/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन कर्तव्य पर लगाए गए अधिकारी, कर्मचारी की मृत्यु होने पर छत्तीसगढ़ राज्य अनुग्रह प्रतिकार भुगतान नियम के तहत् 15 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें बालोद जिले के स्व. श्री खेलन सिंह पटेल की निर्वाचन कर्तव्य के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर वैध उत्तराधिकारी उनकी पत्नी सरोज पटेल के लिए 15 लाख रुपए अनुग्रह प्रतिकार राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि स्व. श्री खेलन सिंह पटेल जिले के पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम तरौद में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे।

बेमेतरा में मतदान का बहिष्कार, पोलिंग बूथ में जड़ा ताला

■ ग्रामीण बोले विकास के नाम पर मिला सिर्फ नेताओं से आश्वासन

बेमेतरा/नवप्रदेश। - स्थ्भ्द्म स्ड्ढङ्खद्धड्ड बेमेतरा ¬ छत्तीसगढ़ में तीसरे और अंतिम चरण का मतदान जारी है. बेमेतरा के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में रामपुर गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया है. ग्रामीणों की मांग है कि उन्होंने कई सालों से मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने की मांग की थी.लेकिन सरकार आई और गई.लेकिन उनकी मांगों पर किसी भी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई.ग्रामीणों ने चुनाव से पहले क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग की थी.लेकिन सड़क नहीं बनीं.इसलिए मतदान वाले दिन ग्रामीणों ने सड़क नहीं बनने पर मतदान का बहिष्कार कर दिया है.

मंत्री दयालदास बघेल का है क्षेत्र ¬ आपको बता दें कि जिस जगह पर मतदान का बहिष्कार हुआ है,वो मंत्री दयालदास बघेल का क्षेत्र है.ग्रामीणों के मुताबिक सड़क नहीं होने पर उनके गांव में एंबुलेंस नहीं आती.यदि कोई बीमार पड़ जाए तो उसे खाट पर टांगकर नजदीकी सड़क वाले गांव तक ले जाया जाता है. क्यों ग्रामीण कर रहे विरोध ¬ ईटीवी भारत से बातचीत करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी गांव को सड़क नसीब नहीं हुई है.सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है. एंबुलेंस भी समय से नहीं पहुंच पाती है. जिससे ग्रामीण काफी दुखी हैं.इसलिए सभी मिलकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं. ग्रामीणों के मुताबिक यदि अफसर मीडिया के सामने लिखित में आश्वासन दें दे तो वो मतदान करेंगे.

कलेक्टर को सौंपा था ज्ञापन ¬ रामपुर के ग्रामीणों ने मतदान से एक दिन पहले बेमेतरा कृषि उपज मंडी परिसर में सड़क निर्माण को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था. ग्रामीणों ने सड़क नहीं होने के कारण मतदान नहीं करने की बात कही थी.वहीं रामपुर के ग्रामीणों को मनाने के लिए बेमेतरा जिला पंचायत के सीईओ टेकचंद अग्रवाल अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी नवागढ़ के एसडीएम तहसीलदार पटवारी मौके पर मौजूद थे. पोलिंग बूथ में जड़ा ताला ¬ वहीं दूसरी ओर बेमेतरा जिला के आन्दू घठोली के ग्रामीणों ने पीने की पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया है. ग्रामीण महिलाओं ने मतदान केंद्र में ताला जड़ कर सामने खड़े होकर विरोध दर्ज कराया है. मतदान बहिष्कार की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम घनश्याम तंवर, तहसीलदार परमानंद बंजारे और पुलिस की टीम मौके पर ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की है,लेकिन ग्रामीणों ने अधिकारियों की बात नहीं मानी. 20 वर्ष से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं. गांव में पीने की पानी की समस्या है .बच्चे गंदा पानी पीने मजबूर हैं. हम हर मतदान करते है यहां नेताओं ने सिर्फ आश्वासन दिया पानी नहीं.इसलिए जब तक पानी नहीं आएगा मतदान नहीं करेंगे.%%- सावित्री बाई, ग्रामीण पानी नहीं तो मतदान नहीं ¬ आपको बता दें कि पूरा मामला बेमेतरा जिला के आन्दू घठोली का हैं. जहां वर्षो से ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं. गांव में वाटर लेबल नीचे होने कारण हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं।

शिवा का एक और साथी संजय गिरफ्तार

समाचार पत्रों में खबरों के प्रकाशन के बाद एक बार फिर पुलिस एक्टिव मोड में

सरसींवा/नवप्रदेश। रायकोना के महाठग शिवा साहू द्वारा पैसे डबल करने और धोखाधड़ी का मामला अब एक हाइप्रोफाइल मामला बन चुका है । जहाँ शिवा और साथियों को पकड़ना पुलिस विभाग के लिए चुनौती बन गई है । 09 मार्च को शक्ति निवासी सौरभ अग्रवाल एवं साथियों द्वारा थाना सरसींवा में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराने पश्चात शिवा साहू और साथी फरार चल रहे है जिन्हें पुलिस अब तक नही पकड़ पाई है । वही फरार चल रहे महाठग शिवा और साथियों द्वारा होली में अपने गांव रायकोना के ही एक युवक पर पिस्तौल तान देने की भी घटना सामने आई थी जिसपर भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया और जब शिवा को पकड़ने पुलिस ने छापा मार कार्यवाही की तब तक शिवा फिर से फरार हो चुका था । वहीं थाना सरसींवा द्वारा उक्त मामले के आरोपियों में से अबतक शिवा के एजेंट बृंदा साहू, शिवा के राइट हैंड मिथलेश साहू एवं शिवा के पिता टीकाराम साहू को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । जहाँ धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी शिवा एवं उसके अन्य साथी अब तक फरार है और पुलिस के नाक में दम कर रखा है । रायकोना के महाठग शिवा के राइट हैंड और उसके चचेरे भाई मिथलेश साहू के पुलिस गिरफ्त में आने पश्चात उसके द्वारा रमेश साहू ,संजय साहू सहित अन्य नामों का खुलासा भी किया गया था । जिससे इस हाइप्रोफाइल मामले में और भी लोगों की संलिप्त होने की आशंका बढ़ गयी थी ।

गौरतलब है कि धोखाधड़ी के इस हाइप्रोफाइल मामले में एफआईआर हुए लगभग दो माह होने जा रहे पर इस मामले का मास्टरमाइंड शिवा,रमेश साहू एवं अन्य साथी अब तक फरार है । जिसमें पुलिस उक्त मामले में आगे कार्यवाही करने में गंभीर नजर नही आ रही थी । वहीं आम जनता के बीच उक्त मामले में पुलिस विभाग की कार्यशैली को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही थी जिससे समाचार पत्रों के माध्यम से प्राथमिकता पूर्वक कुछ दिनों पूर्व ही प्रकाशन भी किया गया था वही छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से भी उक्त संदर्भ में प्रश्न किया गया था जहां विजय शर्मा ने मीडिया के सामने ठगी के आरोपियों को पताल से भी ढूंढ निकलने की बात कही थी । जहाँ समाचार पत्रों में

प्रकाशन के बाद एक बार फिर पुलिस एक्टिव मोड में दिखी । पुलिस विभाग ने आगे कार्यवाही करते हुए शिवा के सबसे करीबी साथी और सरसींवा के एजेंट संजय साहू को गिरफ्तार करने में कामयाब रही । थाना सरसींवा से प्राप्त जानकारी अनुसार गत दिनों सरसींवा भाटापारा निवासी संजय साहू के भाई को थाना सरसींवा में पूछताछ हेतु तलब किया गया था जहां ठोस जानकारी मिलने पर रायपुर से संजय साहू को गिरफ्तार करने में सरसींवा पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की । जहाँ पुलिस विभाग द्वारा संजय के साथ शिवा द्वारा संजय को दिए वाहनों के साथ तीन महंगे फोन जिसमे दो आईफोन और एक एम आई भी जप्त किया गया है और संजय साहू से पूछताछ करने पश्चात उसे न्यायिक रिमांड में भेजा गया । वही थाना सरसींवा द्वारा अपराध क्र. 131/24 धारा- 420, 406, 409, 120बी भादवि, 6, 10 पीडीआई एक्ट तहत कारवाही की गई है ।

मृतक को मुआवजा नही देने पर न्यायालय के आदेश पर डीएफओ कार्यालय सील

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के द्वारा बस्तर वन मंडल अधिकारी का कार्यालय सील कर दिया गया हैं। दरअसल वर्ष 2021 में भानपुरी इलाके में कमल कश्यप नामक एक ग्रामीण की वन विभाग कि वहान से दुर्घटना हो गई थी, इस दुर्घटना में कमल कश्यप की मौत हुई थी। मृतक पत्नी दो बच्चों और माता-पिता का अकेला वारिश था। वर्ष 2023 में न्यायालय ने छत्तीसगढ़ शासन और बस्तर वन मंडल अधिकारी को एक करोड़ 84 लाख रुपए राशि भुगतान करने का आदेश किया, लेकिन विभाग के द्वारा शासन को पत्र लिखने व उच्च न्यायालय में जाने का हवाला देकर मुआवजा राशि नहीं दी जा रही थी। अंत में 6 मई 2024 को जगदलपुर न्यायालय ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए डीएफओ कार्यालय को सील कर कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया, सोमवार देर शाम न्यायालय के कर्मचारी डीएफओ कार्यालय पहुंचे और मुख्य कामकाजी दफ्तरों को सील कर दिया गया।पीड़ित पक्ष के वकील नितिन जैन के अनुसार लगातार वन विभाग राशि देने में आनाकानी तथा विभागीय चर्चा करता रहा

लेकिन राशि देने में टाल मटोल करता रहा। कभी आचार संहिता का बहाना बनाया जाता तो कभी हाईकोर्ट जाने की दलील दी जा रही थी। जगदलपुर न्यायालय ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यालय सील कर दिया। अब कार्यालय की सामग्री को बेचकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाया जाएगा। डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता का कहना है कि न्यायालय ने 9 मई तक का समय दिया था, लेकिन 3 दिन पूर्व कार्यालय सील कर दिया गया। हमारे द्वारा शासन को पत्र लिखा गया है, क्योंकि आचार संहिता 4 जून तक प्रभावशील रहेगा तब तक प्रकरण में कुछ किया नहीं जा सकता हालांकि हमारे द्वारा शासन को राशि आवंटित करने हेतु पत्राचार किया गया है।

जूनियर भारतीय हॉकी टीम में राजनांदगांव की अनिशा साहू का चयन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हॉकी नर्सरी राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) की कु.अनिशा साहू का चयन ब्रेडा नीदरलैंड में 18 मई से 31 मई 2024 तक आयोजित है टूर ऑफयूरोप अंडर 21 बालिका हॉकी चैम्पियनशिप के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में किया गया है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भारत सहित बेल्जियम,जर्मनी, तथा मेजबान ब्रेडा नीदरलैंड चार देशो की हॉकी टीम भाग लेगी। आज घोषित जूनियर भारतीय टीम के 20 सदस्यों की सूचि में नगर की बेटी कु.अनिशा साहू को शामिल किया गया है। कु.अनिशा ही विगत दो वर्ष से हॉकी इंडिया की कोर टीम के साथ बैंग्लुरू साईं सेन्टर में जूनियर भारतीय हॉकी टीम के कोंचिग कैम्प में शामिल है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कु. अनिशा की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि कु.अनिशा साहू ने अभी हाल पुणे में सम्पन्न सीनियर नेशनल चैंपियनशिप तथा राउरकेला में सम्पन्न हुई 13वी हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया था। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कु.अनिशा ने उनके प्रारंभिक कोच अनुराज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सन् 2014 से बसंतपुर तथा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी खेलना प्रारंभ किया था।

कवर्धा में आरक्षक ने फायरिंग कर फैलाई दहशत, गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश । कवर्धा में नशे में धुत पुलिस आरक्षक कोमल कुर्रे ने सर्विस गन से 20 राउंड हवाई फायरिंग किया. पुलिस के मुताबिक घटना सोमवार रात लगभग 12 बजे की है. जिला पुलिस बल में तैनात पुलिस आरक्षक कोमल कुर्रे ने कवर्धा शहर से लगे विक्की ढाबा, पेट्रोल पंप और रायपुर जबलपुर नेशनल हाइवे के विभिन्न जगहों और अपने गांव बरबसपुर में 20 राउंड हवाई फायरिंग किया.आरोपी आरक्षक कोमल कुर्रे की कवर्धा के आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल में बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिका सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई थी. सर्विस गन से 7 राऊंड की फायरिंग¬ सुरक्षा ड्यूटी के लिहाज से आरक्षक को इंसास रायफल और तीन मैगजीन यानी 60 गोली दी गई थी. आरोपी आरक्षक की सोमवार रात में ड्यूटी थी. रात में लगभग 8 बजे आरक्षक ड्यूटी में आया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद अपनी सर्विस रायफल और 20 राउंड की एक मैगजीन लेकर वहां से निकल गया और रात 12 बजे आरोपी कोमल कुर्रे रायपुर बिलासपुर मार्ग स्थित सिंघनपुरी गांव के विक्की ढाबा में खाना खाने पहुंचा. खाना खाने के बाद आरक्षक ने अपनी सर्विस गन निकली और लगातार 7 राऊंड फायरिंग किया. गोली की आवाज से ढाबा में खाना खाने बैठे अन्य लोग दहशत में आ गए. फिर भगदड़ मच गई, जिसके बाद

आरक्षक वहां से निकल गया. आरक्षक अपने गांव बरबसपुर पहुंच गया. वहां पहुंचकर उसने घर का दरवाजा खटखटाया लेकिन थोड़ी देर तक किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो आरोपी आरक्षक ने अपने घर की दीवार पर दो राउंड फायरिंग किया. आरोपी आरक्षक पर बर्खास्तगी की कार्रवाई ¬ इसके बाद गोली की आवाज सुनकर पूरा गांव जाग गया और भीड़ इकट्ठा हो गई. इधर तब तक पुलिस को आरक्षक की करतूत की खबर मिल चुकी थी. अधिकारियों ने फौरन पुलिस की एक टीम आरोपी आरक्षक के घर भेजी और आरक्षक को हिरासत में लिया. थाना लाकर आरक्षक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. वहीं आरोपी आरक्षक को तत्काल निर्लंबित कर उसे छोड़ दिया गया. अब आरोपी आरक्षक के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई चल रही है. शराब के नशे में धुत था आरक्षक¬ एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि %%कवर्धा के आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल में ड्यूटी में तैनात आरक्षक कोमल कुर्रे ने ड्यूटी से अप्सेंट होकर अपने सर्विस गन इंसास राइफल से विक्की ढाबा और अपने घर समेत बहुत सारे जगहों में लगभग 20 राऊंड फायरिंग किया है. गनीमत रही कि गोली चलने से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ. आरोपी आरक्षक शराब के नशे में था।

बंद हेण्डपम्पों को शुरू करने, कुओं और टंकियों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते भू-जल स्तर में गिरावट आ रही है। ग्रामीण इलाकों में पेयजल की कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए गांवों में स्थित ऐसे हेण्डपम्प जो खराब है, उनकी आवश्यक मरम्मत की जाये। इसके साथ ही कुओं और टंकियों की साफ-सफाई सुनिश्चित् करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बरसात के पूर्व वाटर रिचार्ज हेतु ऐसे शासकीय भवनों को चिन्हांकित किया जाये, जिनके समीप हैण्डपम्प हों, ताकि बरसाती पानी को रिस्टोर किया जा सके, जिससे भू-जलस्तर बढ़ाया जा सके। उन्होंने ऐसे सभी शासकीय भवनों, हेण्डपम्प और बोर का जियो टैग अनिवार्य रूप से करने कहा, ताकि इनका डाटा संकलित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि सभी शहरी क्षेत्र में जल उपयोगिता समूह का गठन कराएं। इसमें महिला स्व सहायता समूह, एनआरएलएम, मितानिन इत्यादि को भी जोड़ें। बैठक में कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख बारिश के पूर्व वृक्षारोपण के लिए स्थल चिन्हांकन और आवश्यक पौधों की जानकारी एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही पौधरोपण के लिएपौधों की मांग संबंधी प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

लू से बचने आवश्यक सावधानी बरतने की अपील

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने लू से बचने आवश्यक सावधानी बरतने की अपील जिलेवासियों से की है। राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग द्वारा भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लक्षण शामिल है।

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाना होता है। इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पिये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ. आर. एस. घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले। बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें।

एबीईओ ने पालको एवं विद्यार्थियों से अलग-अलग समूह में चर्चा की

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर जिला धमतरी के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षा परिणाम के फल स्वरुप विद्यार्थियों में उत्पन्न होने वाले तनाव को दूर करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में पालक शिक्षक बैठक दिनांक 4 मई 2024 को आयोजित किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित एबीईओ महेश्वरी ध्रुव ने पालको एवं विद्यार्थियों से अलग-अलग समूह में चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उनके समाधान के बारे में विस्तार से चर्चा की । प्राचार्य आर के टंडन ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चा हर विषय में सफल हो यह आवश्यक नहीं और परीक्षा परिणाम कोई अंतिम परिणाम नहीं है। पालक बच्चों को एक सुरक्षित माहौल देते हुए प्यार से समझाएं कि वह अगली बार पुनः अच्छा प्रयास कर सफल हो सकता है । यदि वह पढ़ाई में कमजोर है तो किसी अन्य क्षेत्र में चाहे वह खेलकूद का हो या संगीत , नृत्य का , वह अच्छा प्रदर्शन कर सकता है और एक सफल इंसान बन सकता है। पालको एवं विद्यार्थियों कीइस बैठक को सीएचओ प्राची सोम पालक संतोष निषाद,गौतम चंद्रवंशी,देवीराम निषाद ने संबोधित करते हुए पालकों तथा बच्चों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके उत्पन्न होने वाले, तनाव को पहचानने एवं उन्हें सफलतापूर्वक सुलझाने के कई तरीके बताएं गए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव ने किया।इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य उत्तम नेताम,सरपंच यमुना वट्टी , स्वसहायतासमूह सदस्य,मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष पालक जन उपस्थित रहे ।

तस्करी — मध्य भारत के बड़े गिरोह में शामिल होने की आशंका

पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती सीता नदी अभ्यारण्य इलाके में पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले 2 आरोपियों को 25 दिनों बाद एंटी पोचिंग टीम ने ओडिशा बॉर्डर कालीमाटी से गिरफ्तार किया. ये आरोपी मध्यप्रदेश के शिकारी से बम खरीदकर भालू का शिकार करते थे. इस कार्रवाई में गरियाबंद पुलिस साइबर सेल का अहम योगदान रहा. आरोपियों का मध्य भारत में सक्रीय बड़े गिरोह में शामिल होने की आशंका जताई जा रही.

सोमवार को गोपनीय सूचना से खबर मिली कि इंदागांव (घुरवागुड़ी) बफर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1243 पहाड़ी के नीचे पोटाश बम से भालू का शिकार किया गया है. इसके बाद सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, विश्वेश कुमार झा मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर एवं वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के मार्गदर्शन में आरोपी हजारी पिता तुलसीराम एवं उत्तम पिता खगेश्वर को एन्टी पोचिंग टीम ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए कार्यालय सहायक संचालक उदंती (मैनपुर) लाया. दोनों आरोपियों ने पोटाश बम से भालू का शिकार करने की बात कही. आरोपियों ने बताया, एक साल पहले कटनी मध्यप्रदेश से आए शिकारी समुदाय के व्यक्ति से 500 रुपए में 1 पोटाश बम का क्रय किया. आरोपी हजारी ने आरोपी उत्तम के साथ मिलकर पोटाश बम से पांच से छः सुअर का शिकार किए हैं और सुअर के मटन को पांच सौ रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक्री किया और मध्यप्रदेश के शिकारी से पोटाश बम खरीदकर 8 अप्रैल को भालू का शिकार किया. दोनों आरोपियों के विरुध्द मामला दर्ज कर भुपेन्द्र कुमार सोनी वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

बच्चों के लिए पांच दिवसीय समर कैंप

नगरी/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा ग्रीष्मावकाश में बच्चों के लिए पांच दिवसीय लक्की स्टार्स समर कैंप का आगाज किया गया। इस समर कैंप के प्रथम दिवस में में नगरी अंचल के लगभग 85 बच्चों ने शिरकत की। समर कैंप का प्रथम दिवस मैजिक आफ मेडिटेशन एवं टेलिंग स्टोरी थीम पर आधारित रहा। लक्की स्टार्स समर कैंप का सत्र प्रातः 9:00 बजे से शुरू हुआ सर्वप्रथम पीतांबर भाई द्वारा टेलिंग स्टोरी पर चर्चा करके मन की एकाग्रता पर आधारित सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने एक-एक करके शिक्षाप्रद कहानियां प्रस्तुत की। कुछ बच्चों ने मोटिवेशनल पोयम भी सुनाया। इसके पश्चात राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए कहा समर कैंप एक ऐसा आयोजन है जिसमें बच्चों में नैतिक, शारीरिक, मानसिक गुण विकसित कर सके विभिन्न प्रकार की कला, खेल, कहानी, मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक बदलाव ला सके। जो कि उनके जीवन में सही दिशा प्रदान करें तथा व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हो।

सोने की कीमत में गिरावट चांदी की चमक बरकरार

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में 7 मई को मामूली गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 41 रुपए सस्ता होकर 71,775 रुपए पर आ गया है। हालांकि, चांदी की कीमत में बढ़त देखने को मिली है। एक किलो चांदी 208 रुपए महंगी होकर 81,500 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है। इससे पहले 6 मई को चांदी 81,292 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी।

4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत- दिल्ली- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,530 रुपए है।

मुंबई-10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,380 रुपए है।

कोलकाता- 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,350 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,380 रुपए है। **चेन्नई-** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,430 रुपए है।भोपाल- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,430 रुपए है।



इस साल सोने-चांदी में दिखी शानदार तेजी

इस साल अब तक सोने के दाम 8,423 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 71,775 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 81,500 रुपए पर पहुंच गए हैं।

हमेशा सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

अगर आप दिन सोना हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत अब छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ॥ ये नंबर अल्फान्यूमेरिक, यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- A4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव हो गया है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

सेंसेक्स 500 अंक लुढ़का बैंकिंग व मेटल शेयर्स गिरे

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 7 मई को गिरावट देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स 500 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 73,400 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी में भी 150 अंक से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही है, ये 22,250 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और 6 में बढ़त देखने को मिल रही है।

पावर, बैंकिंग और मेटल शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं ख्रस्ख्त कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में आज 4 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त है। इंडेजीन लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 6 मई से ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इस 8 मई तक बोली लगा सकेंगे। 13 मई को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर लिस्ट होंगे।इंडेजीन लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 430-?452 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 33 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड ?452 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए मिनिमम 14,916 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 429 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 193,908 इन्वेस्ट करने होंगे।

बाजार में रहा था सपाट कारोबार

इससे पहले शेयर बाजार में सपाट कारोबार देखने को मिला था। सेंसेक्स 17 अंक की तेजी के साथ 73,895 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में 33 अंक की गिरावट रही, ये 22,442 के स्तर पर बंद हुआ था।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नए मानक ग्रेड के रूप में इनोवा क्रिस्टा जीएक्स+ किया पेश

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इनोवा क्रिस्टा लाइनअप में नए ग्रेड, जीएक्स+ की शुरुआत की घोषणा की। ग्राहक केंद्रितता पर कंपनी के फोकस से प्रेरित होकर, नया ग्रेड उन्नत सुविधाओं का दावा करता है और इस प्रकार ग्राहक की प्राथमिकताओं के अनुरूप उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनोवा क्रिस्टा लाइन-अप को पुनर्जीवित करते हुए, नई पेश की गई इनोवा क्रिस्टा जीएक्स + ग्रेड 14 अतिरिक्त सुविधाओं से भरी हुई है, जो सामंजस्यपूर्ण रूप से कार्यात्मक और सौंदर्य संवर्द्धन का मिश्रण है और ड्राइविंग के समग्र अनुभव को बढ़ाती है।

इनोवा क्रिस्टा जीएक्स+ की मुख्य विशेषताओं में रियर कैमरा, ऑटो-फोल्ड मिरर, डीवीआर जैसी कार्यात्मक विशेषताएं शामिल हैं, साथ ही डायमंड-कट अलॉय, वुडन पैनल और प्रीमियम फैब्रिक सीट जैसी सौंदर्य वृद्धि भी शामिल है। 7 और 8-सीटर विकल्पों में पेश किया गया, जीएक्स+ ग्रेड पांच रोमांचक रंगों में उपलब्ध है, जैसे सुपर व्हाइट, एटीट्यूड ब्लैक मीका, अवंत-गार्डे ब्रॉन्ज़ मेटैलिक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल और सिल्वर मेटैलिक, जिनमें से प्रत्येक वाहन के बहुमुखी पैलेट में एक अनूठा स्वभाव जोड़ता है।

नई पेशकश पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री-सेवा-उपयोगी कार व्यवसाय के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने कहा , ÷ 2005 में अपने लॉन्च के बाद से ही इनोवा ब्रांड ने उद्योग के मानक स्थापित करके इस क्षेत्र में अग्रणी होने की अडिग प्रतिष्ठा अर्जित की है। गुणवत्ता और भरोसे का पर्याय, इनोवा ने भारतीयों की कई पीढ़ियों की विविध गतिशीलता आवश्यकताओं को पूरा किया है और उसी आकांक्षात्मक मूल्य को बनाए रखना जारी रखा है। टीकेएम में हमारा प्रयास हमेशा से ही हमारे ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप, ग्राहकों के बदलते रुझानों के आधार पर ब्रांड को प्रासंगिक और बहु-कार्यात्मक बनाए रखना रहा है।

नई पेश की गई इनोवा क्रिस्टा जीएक्स+ ग्रेड हमारी मौजूदा इनोवा क्रिस्टा लाइन-अप का पूरक है । नई पेश की गई सुविधाएँ उन्नत सुविधाओं और बहु-कार्यक्षमता के माध्यम से अधिक मूल्य प्रदान करने के मामले में एक छलांग हैं। हमें विश्वास है कि नई पेशकश ग्राहकों के व्यापक दर्शकों को आकर्षित करती रहेगी।

IPO में निवेश 8 मई तक लगा सकेंगे बोली

नई दिल्ली। इंडेजीन लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 8 मई तक बोली लगा सकेंगे। 13 मई को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इंडेजीन लिमिटेड के जरिए 1,841.76 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 760 करोड़ के 16,814,159 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक 1,081.76 करोड़ के 23,932,732 शेयर ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचेंगे। कंपनी, लाइफ साइंसेज इंडस्ट्री को डिजिटल सर्विसेज उपलब्ध कराती है। इंडेजीन लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 430-452 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 33 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं।

बीएसएनएल अगस्त से शुरू करेगी 4जी सर्विस

स्वदेशी होगी टेक्नोलॉजी; पंजाब से शुरुआत, वहां 8 लाख कस्टमर जोड़े

नई दिल्ली। पब्लिक सेक्टर की टेलिकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) इसी साल अगस्त से देशभर में 4त्र सर्विस शुरू करेगी। न्यूज एजेंसी PTI ने इसकी जानकारी सोमवार (6 मई) को एक अधिकारी के हवाले से दी है।

एजेंसी के अनुसार, ब्त्र्स्हरु की ये सर्विस पूरी तरह से स्वदेशी टेक्नोलॉजी पर बेस्ड होगी। इस स्वदेशी टेक्नोलॉजी को कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और टेलिकॉम रिसर्च ऑर्गनाइजेशन सी-डॉट की पार्टनरशिप वाले कंसोर्टियम ने मिलकर डेवलप किया है। इसका इस्तेमाल करके BSNL ने पंजाब में 4जी सर्विस शुरू कर दी है और करीब 8 लाख कस्टमर्स को अपने साथ जोड़ भी लिया है। अधिकारियों ने 4 जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबिट प्रति सेकेंड की मैक्सिमम स्पीड का दावा किया है, जिसे पायलट फेज के दौरान 700 मेगाहट्र्ज के प्रीमियम स्पेक्ट्रम बैंड के साथ-साथ 2,100 मेगाहट्र्ज बैंड में भी लॉन्च किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, सी-डॉट की 4त्र टेक्नोलॉजी कोर पंजाब में ब्त्र्स्हरु नेटवर्क में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसे पिछले साल जुलाई में इंस्टॉल किया गया था। ऐसी जटिल टेक्नोलॉजी की सक्सेस को साबित करने में 12 महीने का समय लगता है, लेकिन सी-डॉट कोर 10 महीने में ही स्टैबलाइज्ड हो गया है।कोर नेटवर्क एक ऐसा ग्रुप है, जिसमें टेलिकॉम सर्विस से जुड़े नेटवर्क हार्डवेयर, डिवाइस और सॉफ्टवेयर शामिल हैं। ये ग्रुप टेलिकॉम नेटवर्क में फंडामेंटल सर्विस जैसे एग्रीगेशन, कॉल कंट्रोल, स्विचिंग, ऑथेंटिकेशन, चार्जिंग, गेटवे फंक्शनैलिटी आदि में मदद करता है। तेजस नेटवर्क और सरकारी स्वामित्व वाली नेटवर्क तैनात करने के लिए से लगभग 19,000 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। इस नेटवर्क को आगे चलकर 5जी में अपग्रेड किया जा सकता है।

1.12 लाख टावर लगाए जा रहे

पूरे भारत में 4जी और 5जी सेवाओं के लिए 1.12 लाख टावर लगाने की प्रक्रिया में है। कंपनी ने देशभर में 4जी सेवा के लिए 9,000 से अधिक टावर स्थापित किए हैं। इनमें से 6,000 से अधिक टावर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा सर्किल में हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पिछले 4-5 वर्षों से केवल 4जी-सक्षम सिम बेच रही है। ऐसे में सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को 4जी सेवा का अनुभव लेने के लिए पुराना सिम हटाकर नया सिम लेना होगा।

खेल, मनोरंजन

इंडियन मेन-वुमन रिले टीम ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई

बहामास वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 4×400 मीटर में दोनों टीमें दूसरे स्थान पर रहीं

दिल्ली। भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने 4×400 मीटर रिले में पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। सोमवार को बहामास में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले में भारतीय महिला टीम ने दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रही। वहीं पुरुष टीम ने भी अपने दूसरे हिट में दूसरे स्थान पर रह कर पेरिस के लिए क्वालिफाई कर लिया।महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में रूपल चौधरी, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3 मिनट और 29.35 सेकंड का समय लिया और दूसरे स्थान पर रही।वहीं जमैका की टीम 3.28.54 के साथ पहले स्थान पर रही।4×400 मीटर रिले में ओलिंपिक की कोटा हासिल करने वाली सुभा वेंकटेशन, ज्योतिका श्रीदांडी , एमआर पूवम्मा और रूपल चौधरी (बायें से)।4×400 मीटर रिले में ओलिंपिक की कोटा हासिल करने वाली सुभा वेंकटेशन, ज्योतिका श्रीदांडी , एमआर पूवम्मा और रूपल चौधरी (बायें से)। वहीं पुरुषों के 4×400 मीटर रिले में मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब की टीम ने 3 मिनट और 3.23 सेकेंड का समय लेकर अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। जबकि यूएसए की पुरुष टीम 2-59.9 समय के साथ पहले स्थान पर रही। पेरिस ओलिंपिक के लिए बहामास में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले में तीन हीटों में पहले दो स्थान पर रहने वाली टीमों को ओलिंपिक का कोटा मिलना है। चूंकि भारतीय पुरुष और महिला टीम दूसरे हीट में दूसरे स्थान पर रही। इसलिए दोनों टीमें ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर सकी।

पहले दौर में क्वालिफाई नहीं कर पाई थी पुरुष और महिला टीम

भारतीय महिला टीम को पहले दौर की क्वालिफाइंग हीट में 3 मिनट और 29.74 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रही थी। वहीं पुरुष टीम पहले हीट में राजेश रमेश के बीच में हटने के कारण क्वालिफाइंग नहीं कर पाई थी।

टी20 वर्ल्डकप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च

दिल्ली। एडिडास ने सोशल मीडिया पर लॉन्च का वीडियो शेयर किया। वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा के साथ कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा को भी दिखाया गया। यह वीडियो धर्मशाला केस्टेडियम का है। अगले महीने वेस्टइंडीज और रू में होने वाले झ20 वर्ल्डकप में टीम इंडिया नई जर्सी में नजर आएगी। टीम की ऑफिशियल किट स्पॉन्सर एडिडास ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए नई जर्सी जारी की। नई डिजाइन की गई जर्सी नीले रंग की है। इसके साथ ऑरेंज कलर का कॉम्बिनेशन है। वहीं, वी-शेप्ड कॉलर पर तिरंगे के रंग हैं।

कोलकाता टीम खराब मौसम की वजह से वाराणसी में फंसी

वाराणसी। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम को खराब मौसम के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टीम की फ्लाइट की लैंडिंग दो बार फेल हुई। कोलकाता ने अपना पिछला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ लखनऊ में खेला था। इस मैच के बाद टीम चार्टर्ड प्लेन से लखनऊ से कोलकाता के लिए निकली थी।

लेकिन देर रात खराब मौसम के चलते कोलकाता की फ्लाइट की लैंडिंग दो बार फेल हुई और टीम अभी भी कोलकाता नहीं पहुंच सकी है। टीम आज दोपहर वाराणसी से कोलकाता के लिए वापस उड़ान भरेगी। च्यक्र ने ये अपडेट सोशल मीडिया पर दिया। कोलकाता में आंधी के साथ तेज बारिश हुई। ऐसे में खराब मौसम के चलते कोलकाता का चार्टर्ड प्लेन सफल लैंडिंग नहीं कर सका।

इस फ्लाइट को गुवाहाटी के लिए डाइवर्ट करने का फैसला लिया गया। वहीं, देर रात 1-20 बजे ट्वीट कर बताया कि गुवाहाटी से कोलकाता के लिए उड़ान भरने के बाद टीम एक बार फिर सफल लैंडिंग नहीं करा सकी। जिसके बाद उनकी फ्लाइट को वाराणसी की ओर डाइवर्ट किया गया। इसके बाद टीम ने रात 3 बजे एक और ट्वीट किया और बताया कि पूरी टीम वाराणसी में ही रुक रही है। टीम आज दोपहर वापस कोलकाता के लिए उड़ान भरेगी।

सूर्यकुमार यादव का दूसरा आईपीएल शतक

हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए। मुंबई ने 17.2 ओवर में 3 विकेट खोकर ही टारगेट हासिल कर लिया।

सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल करियर का दूसरा शतक जमाया। दोनों शतक बतौरप्लेयर ही आए। सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सूर्या ने रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। दोनों प्लेयर्स ने टीम के लिए 2 शतक लगाए, जो कि सबसे ज्यादा है। रोहित ने इसी सीजन चेन्नई के खिलाफ शतक बनाने के साथ स्ढ्ढ के लिए सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने थे। सूर्यकुमार यादव दूसरा ढ्ढक्क शतक लगाने के साथ ही टी-20 क्रिकेट में 6 शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वे पहले ही 4 शतक टी-20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से जमा चुके हैं। उनके कुल 6 शतक हो गए है। वे टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय बन गए है। उनके साथ इसी लिस्ट में 6-6 शतकों के साथ ऋतुराज गायकवाड और केएल राहुल भी तीसरे नंबर पर हैं। विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय है। उनके नाम 9 शतक है। वहीं, रोहित के नाम 8 शतक है।

द फैमिली मैन सीजन 3 की शुरू हुई शूटिंग

मनोज बाजपेयी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज द फैमिली मैन सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज में से एक है। वहीं दूसरे सीजन के लिए रिन्यू की गई इस सीरीज की स्टार कास्ट को बहुत प्यार मिला है और दर्शक इसके तीसरे पार्ट का लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जो की अब खत्म हो चुका है। प्राइम वीडियो ने द फैमिली मैन 3 की शूटिंग को लेकर अपडेट शेयर कर दी है। इस सीरीज का तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। डायनेमिक जोड़ी राज और डीके की द फैमिली मैन 3 से एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी बन धमाका करने को तैयार हैं।

मनोज बाजपेयी ने आखिरकार फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। प्राइम वीडियो ने सोशल मीडिया पर तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू होने की घोषणा करते हुए स्टार कास्ट की तस्वीर भी शेयर की है। अपकमिंग सीरीज को राज और डीके की जोड़ी ने अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत बनाया है। मनोज बाजपेयी एक बार फिर श्रीकांत तिवारी के दमदार किरदार में नजर आने वाले हैं। अभी तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई भी अपडेट सामने नहीं आई है।फैमिली मैन के दोनों सीजन के हिट होने के बाद अब इसका तीसरा सीजन भी जल्द ही रिलीज होने वाला है। वहीं फैमिली मैन 3 को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। फैमिली मैन 3 की शूटिंग की घोषणा करते हुए प्राइम वीडियो ने दो फोटो शेयर की है।

पहली तस्वीर में क्लैपिंग बोर्ड दिख रहा है। वहीं, दूसरी फोटो में मनोज बाजपेयी, सुमन कुमार और राज एंड डीके नजर आ रहे हैं।राज-डीके द्वारा क्रिएटेड और डायरेक्टेड सुमन कुमार और राज एंड डीके द्वारा लिखित मच अवेटेड सीरीज फैमिली मैन के तीसरे सीजन में पूरानी कास्ट वापस दिखाई देने वाली है, जिनमें प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अश्लेषा ठाकुर (धृति तिवारी), वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी) का नाम शामिल हैं।

अक्षय की हाउसफुल 5 में अभिषेक

साजिद नाडियाडवाला की कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया . अब तक इसकी 4 फिल्में आ चुकी हैं और अब इस फिल्म के 5वें पार्ट का इंतजार है. फैंस भी हाउसफुल 5 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब तक फिल्म को लेकर कोई खास अपडेट नहीं आया है लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की स्टारकास्ट में एक और नाम जोड़ दिया है. इसका ऐलान मेकर्स ने सोशल मीडिया पर भी कर दिया है. साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हाउसफुल 5 का ऐलान पिछले साल किया था. तभी से फैंस इसकी हर एक अपडेट पाने के लिए बेकरार थे. वहीं अब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म के स्टारकास्ट में से एक नए नाम को रिवील कर दिया है. साजिद ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया है कि हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. जी हां, साजिद के बेटे ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिषेक बच्चन और साजिद की एक तस्वीर पोस्ट की है. इसके साथ ही कैप्शन में ये भी जानकारी दी है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. कैप्शन में लिखा है- हम लोग ऐलान करते हैं कि हाउसफुल 5 में फिर से अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. हम उन्हें वापस पाकर बहुत खुश हैं।

न्यूज गैलरी

सुशील आनंद ने राधिका खेड़ा पर किया मानहानि का केस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने राधिका खेड़ा को मानहानि का नोटिस भेजा है। खेड़ा को चुनौती देते हुए कहा कि मेरा और उनका नार्को टेस्ट नार्को टेस्ट हो जाय पता चल जायेगा कौन झूठ बोल रहा और कौन सही। इससे पहले कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि मैं बेहद आहत मन से यह पत्रकार वार्ता बुलाया हूं। एआईसीसी की मीडिया कोर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने मुझ पर बहुत सारे अनर्गल तथ्यहीन मिथ्या आरोप लगाये है। मेरी चरित्र हत्या करने का प्रयास किया है। मुझ पर यह आरोप लगया कि मैंने उनको शराब ऑफर किया जबकि सारा छत्तीसगढ़ जानता है जो लोग मुझे जानते है वे विश्वास नहीं कर सकते कि मैंने कोई अभद्रता की होगी। जहां तक शराब ऑफर का सवाल है मैं तो क्या मेरे पूरे खानदान में किसी ने आज तक शराब नहीं पिया है।

अब राहुल गांधी की चुनावी तैयारियों की जिम्मेदारी संभालने जाएंगे भूपेश बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में चुनाव खत्म हो गया है। देश में अन्य राज्यों में अलग-अलग चरणों में चुनाव अभी बाकी हैं। जहां के लिए छत्तीसगढ़ से पूर्व सीएम भूपेश बघेल को कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। बघेल अब पार्टी हाईकमान के आदेशानुसार रायबरेली लोकसभा सीट का एआईसीसी वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में राहुल गांधी की चुनावी तैयारियों को संभालेंगे।

बता दें कि राहुल गांधी वायनाड के अलावा रायबरेली लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने अशोक गहलोत को अमेठी का एआईसीसी वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट गांधी परिवार का अहम माना जाता है। रायबरेली सीट का सीनियर ऑब्जर्वर बनाए जाने के बाद पूर्व सीएम बघेल की वहां जाने की तैयारी है।बघेल ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, इस बड़ी जिम्मेदारी और भरोसे के लिये शीर्ष नेतृत्व का आभार।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम उल्बा रोड नर्सरी के पास पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक घायल है। मामले में अभनपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुरूद धमतरी निवासी मृतक विश्राम धीवर 50 वर्ष अपने रिश्तेदार छबिलाल धीवर 55 वर्ष और लकेश धीवर के साथ बाइक क्रमांक सीजी 05 एजे 1491 से कहीं जा रहा था। तभी ग्राम उल्बा रोड नर्सरी के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 डब्लू 3390 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में विश्राम और छबिलाल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मालगाड़ी हुई बेपटरी, छह घंटे कोयला परिवहन रहा बाधित

कोरबा/नवप्रदेश। जूनाडीह साइडिंग से गेवरारोड रेलवे स्टेशन के मध्य एक कोयला लोड मालगाड़ी बेपटरी हो गई। घटना के बाद रेलवे व एसईसीएल प्रबंधन में हडकंप मच गया। इससे छह घंटे रेल लाइन पर कोयला परिवहन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जुनाडीह साइडिंग से मालगाड़ी के वैगनों में कोयला ढलान के बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया। गेवरारोड रेलवे स्टेशन से पहले मालगाड़ी आगे चलकर दो वैगनों का पहिए पटरी से उतर गए। कुछ दूरी पर जाने के बाद लोको पायलट को कुछ अनहोनी महसूस किया, तब मालगाड़ी रोकी। तब तक बेपटरी मालगाड़ी लगभग 100 मीटर दूरी तक घसीटती रही। इसकी वजह से रेल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर रेलवे व एसईसीएल के अफसर के साथ ही इंजीनियरिंग समेत अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तदुपरांत मेंटेनेंस का काम शुरू हुआ।

महंत बोले- सरोज पांडेय शेरनी हैं जो भूख लगने पर अपने ही बच्चों को खा जाती है...

- सीएम साय ने सरोज को योग्य और शेरनी जैसी उम्मीदवार बताया था तो शेरनी के स्वभाव पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने किया पलटवार

रायपुर/कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार और मतदान के साथ ही बीजेपी अपनी प्रत्याशी सरोज पांडेय को शेरनी बताया है। ऐसे में आज मतदान दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने सीएम साय के सरोज को शेरनी बताये जाने के सवाल पर मिडिया को जवाब दिया है। डॉ महंत ने सरोज पांडेय को शेरनी कहने पर तंज कस्ते हुए कहा- सरोज पांडेय शेरनी हैं, और शेरनी को जब भूख लगती है तो वह अपने बच्चों को ही खा लेती है। यह एक शेरनी का स्वभाव होता है।

उन्होंने आगे कहा कि सरोज पांडेय भले ही कोरबा लोकसभा प्रत्याशी हैं लेकिन हैं तो वो दुर्ग की ऐसे में यह भी कहा जाता है कि अगर वो जीतकर आई तो कोरबा में दुर्ग-भिलाई के लोगों का कब्ज़ा होगा। ठेकेदारी से लेकर सभी वो काम कोरबा के लोगों की बजाये दुर्ग-भिलाई के लोग करेंगे। शेरनी हैं तो उनके लोग भी यहां आएंगे।

सीएम साय ने सरोज को कहा था शेरनी

सीएम साय ने सभी समाज के प्रमुखजनों से कहा की कोरबा की जनता बहुत सौभाग्य शाली है। जो सरोज पांडेय जैसा योग्य प्रत्याशी मिला है। उन्होने सरोज पांडेय को शेरनी की संज्ञा दी।कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू भी उपस्थित थे।

सार्थक बने आईसीएसई में दसवीं के टापर

- महाराष्ट्र मंडल ने सार्थक को बताया मराठी समाज का गौरव
- स्कूल के अलावा कोचिंग और घर में पांच- छह घंटे करते थे पढ़ाई

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ आजीवन सभासद रविन्द्र और वैशाली मोहरिल के सुपुत्र सार्थक मोहरिल ने आईसीएसई की 10बोर्ड परीक्षा में 98.20 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। महाराष्ट्र मंडल ने सार्थक की इस उपलब्धि को मराठी समाज का गौरव व शालेय विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद बताया है। अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते सहित समस्त कार्यकारिणी ने सार्थक को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दिव्य महाराष्ट्र मंडल से बातचीत में सार्थक ने बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई के लिए कोई शेड्यूल नहीं बनाया था। जब मन लगता तो पढ़ने के लिए बैठ जाते थे। वह प्रतिदिन पांच- छह घंटे घर पर पढ़ाई करते थे और उसके बाद कोचिंग जाते थे। सार्थक आमतौर पर रात दो बजे तक पढ़ाई करते। उन्होंने पूरा सिलेबस अच्छे से एनालाइज कर उसी के अनुरुप तैयारी की।

सार्थक ने बताया कि उनका फोकस ओलंपियाड पर था। इसी के अनुरूप वे अपनी तैयारी करते थे। क्लास में होने वाली पढ़ाई के आगे की तैयारी घर पर पहले ही कर लेते थे। इसके साथ 10वीं में रहते हुए 11वीं की किताबें भी पढ़ीं। उन्हें तनावमुक्त होने के लिए शतरंज खेलना पसंद है। भविष्य की योजना पर सार्थक कहते हैं कि वे आईआईटी की तैयारी करेंगे।इसके लिए उन्होंने अभी से प्रयास शुरू कर दिया है। प्रतिदिन पांच- छह घंटे पढ़ाई के साथ कोचिंग भी शुरू कर दी है। सार्थक ओलंपियाड के लिए भी सलेक्ट हो चुके हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों और माता-पिता को दिया है।

लोकसभा चुनाव 2024, दिव्यांग एवं बुजुर्गो ने किया मतदान में दिखाया उत्साह

लोकतंत्र का महापर्व ...

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की सात सीटों पर मंगलवार को मतदान हुआ। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने परिवार के साथ केंद्र पहुंचकर मतदान किया। वहीं तीन और जजों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू ने भी मतदान किया। वे बिलासपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 37 कोल इंडिया कार्यालय पहुंचे और अपने परिवार के मतदान किया।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के सीनियर जस्टिस गौतम भादुड़ी ने पत्नी के साथ मतदान किया। वे बिलासपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 71 शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा कॉलेज पहुंचे और वोट डाला, जिसकी फोटो भी उन्होंने सोशल मिडिया पर शेयर की है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस संजय के. अग्रवाल ने पत्नी और बेटे के साथ मतदान किया। वे बेलतरा विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 170 साइंस कॉलेज सरकंडा पहुंचे और वोटिंग की।

शराब दुकान के पास खड़ी ई-रिक्सा पार

रायपुर/नवप्रदेश। गोकुल नगर शराब दुकान के पास खड़ी ई-रिक्सा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सौम्या बाजपेयी 38 वर्ष सिमरन सिटी फेस 3 मठपुरैना की रहने वाली ळै।बताया जाता है कि प्रार्थिया अपनी ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीएफ 1121 को शराब दुकान के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए रिक्सा की कीमत करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

रायपुर/नवप्रदेश। माना बस्ती नहर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजू निर्वान्स 25 वर्ष अपने दोस्त ईरफान और आरीफ के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 9648 से कहीं जा रहा था, तभी माना बस्ती नहर पुलिया के पास कार क्रमांक सीजी 04 केवाय 9775 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में संजू निर्वान्स की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

शिकायतों के बाद अब पूरा किया गौरवपथ और फाफाडीह रोड का डामरीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। गौरव पथ का आधूरा डामरीकरण लगातार शिकायतों के बाद अब पूरा हुआ है। ठेका एजेंसी ने सड़क के कुछ हिस्से का डामरीकरण छोड़ दिया था। इससे सड़क कई जगह ऊंची-नीची हो गई थी। इससे लोगों का गुजरना मुश्किल हो रहा था। कई बार हादसे का खतरा भी रहता था। एजेंसी के जिम्मेदार रुक-रुककर हो रही बारिश का हवाला दे रहे थे। शिकातयों के बाद निगम के अफसरों ने कई बार इसे लेकर बैठक ली।

निगम के अफसरों के लगातार हस्तक्षेप के बाद ठेका एजेंसी ने गौरव पथ के डामरीकरण का काम पूरा किया है। कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा ने बताया कि गौरवपथ में कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग अम्बेडकर चौक से तेलीबांधा तक जाने वाली सड़क काफी खराब हो गई थी।

कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर ठेका एजेंसी ने रात में वन-वे करके सड़क का डामरीकरण किया गया। इससे अब इस सड़क से आने-जाने वालों को काफी राहत मिलेगी। इसी तरह जयस्तंभ से फाफाडीह चौक तक भी सड़क पर डामरीकरण नहीं होने की वजह से लोग काफी नाराज थे।

प्लेटफार्म नंबर एक का औचक निरीक्षण

विश्राम गृह में शराब पार्टी कर रहे थे कुली, सीनियर डीसीएम ने पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन में सोमवार की सुबह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक गाड़ी और प्रोटोकाल के बिना स्टेशन पहुंच गए। स्टेशन पहुंचकर उन्होंने प्लेटफार्म नंबर एक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वह अचानक कुली विश्राम गृह पहुंच गए। वहां कुलियों की शराब पार्टी चल रही थी। इस पर उन्होंने जमकर नाराजगी जताई और भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी भी दी।

इस दौरान स्टेशन में काम करने वाले कुली सुभाष निर्मलकर ने स्वीकार किया कि भुवन साहू, अरुण निर्मलकर, झराड प्रसाद के साथ मिलकर शराब पार्टी कर रहे थे। उन्होंने रेलवे कर्मियों को भी हिदायत दी कि इस तरह की घटना दोबारा नही होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने प्लेटफार्म नंबर-1 पर लगे स्टॉलों पर बिकने वाले समानों की ओवर रेटिंग की भी जांच की। सुबह का वक्त था इसलिए स्टॉलों में कमी नहीं मिली। इसके बाद सीनियर डीसीएम क्लॉक रूम पहुंचे। वहां कार्यरत कर्मचारी खूबसूरत टंडन उन्हें पहचान नहीं पाया।

उन्होंने मंडल से कहा कि उनके पास 7-8 बैग है। इसे रखना है। शाम को बैग वापस ले जाएंगे। कितना शुल्क लगेगा। क्लाक रूम के कर्मचारी ने उनको अच्छे तरीके से जानकारी दी। उसके बाद वह प्लेटफार्म नंबर-1 पर मौजूद यात्रियों से यात्री बनकर स्टेशन की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

महिलाओं के लिए बनाए सेफ जोन में बैठे थे पुरुष

रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को सुरक्षित बैठने के लिए रेलवे ने बैरिकेट कर एक सेफ बबल बनाया है। इसमें पुरुष यात्रियों का प्रवेश बैन रहता है। ताकि महिलाएं बिना किसी संकोच के ट्रेनों का इंतजार कर सके। सीसीटीवी कैमरे से रेलवे सुरक्षा बल नियंत्रण कार्यालय इस पर नजर भी रखता है। सीनियर डीसीएम जब निरीक्षण कर रहे थे तो महिलाओं के लिए आरक्षित जगह पर पुरुष बैठे थे। इस पर उन्होंने महिलाओं को समझाइश दी कि उनकी जगह पर पुरुष बैठते हैं तो तुरंत 139 पर फोन कर शिकायत करें।

सेजेस गोकुलपुर स्कूल में नहीं है आर्ट और कामर्स, तनाव में विद्यार्थी और पालक

- दसवीं के बाद कहाँ करेंगे आगे कि पढ़ाई

धमतरी/नवप्रदेश। बोर्ड परीक्षा परिणाम के तनाव से बचाने गत दिनों स्कूलों में शिक्षक पालक संवाद का आयोजन किया गया था। गोकुलपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल में भी इसका आयोजन कर पालकों व विद्यर्थियों को समझाईश दी गई। लेकिन आयोजकों को कौन समझाये कि इस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी और पालक परीक्षा से पहले ही भारी तनाव और चिंता में है। जिसका कारण ये है कि स्कूल में कला और कॉमर्स संकाय ही नहीं है। ऐसे में 10 वीं पास करने के बाद इन विषयों पर आगे की पढ़ाई करने के इच्छूक विद्यार्थी आखिर कहां जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग से भी इस सम्बन्ध में कोई ठोस दिशा निर्देश नहीं है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों ने बताया कि 10 वीं की परीक्षा करीब आ रही थी तभी स्कूल के कुछ शिक्षक वाद्यर्थियों से ही सवाल करने लगे थे कि 10 वीं पास करने के बाद साइंस लेकर ही इस स्कूल में आगे की पढ़ाई हो सकती है। ऐसे में जो आर्ट या कॉमर्स लेना चाहते हैं वे कैसे करेंगे। क्योंकि ये दोंनो विषय यहाँ नहीं है। शिक्षकों के इस निराशापूर्ण सवाल के बाद से ही विद्यार्थी और पालक तनाव और चिंता में हैं। रिजल्ट आने वाला है ऐसे में रिजल्ट से ज्यादा चिंता इस बात की है कि आर्ट और कामर्स विषय लेकर पढ़ाई करने के इक्षूक विद्यार्थि आखिर कहाँ जाएंगे। ऐसे विद्यार्थियों के भविष्य पर ही प्रश्नचिन्ह लग गये हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में आर्ट विषय है ही नहीं। वहीं गोकुलपुर स्कूल में जगह के भाव के चलते कामर्स शुरु नहीं किया जा रहा है। जो विद्यार्थी कामर्स की पढ़ाई करना चाहते हैं उनके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल बठेना में व्यवस्था की जा सकती है। कुछ पालकों का यह भी कहना था कि उन्हे ऐसी जानकारी मिली है कि सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों को बदलकर पी एम श्री स्कूल में तब्दील किया जा रहा है। स्कूलों की सभी कमियों को दूर करने की बात भी कही जा रही है। पालकों का कहाना है कि प्रधानमंत्री जब सभी बात की गारंटी दे रहे हैं तब इस बात की भी गारंटी दे कि पी एम श्री स्कूल होते ही स्वामी आत्मानंद स्कूल में विषयों की समस्या तत्काल दूर की जाएगी ताकि विद्यर्थियों को भटकना ना पड़े। फिलहाल विद्यार्थियों एवं पालकों के दिमाग में रिजल्ट से ज्यादा इसी बात का तनाव है।

रूद्र मनोरोग क्लिनिक
मनोचिकित्सक
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
उपलब्ध उपचार
- अवसाद एवं उन्माद
- घबराहट
- बेचैनी
- सरदर्द
- तनाव
- चिड़चिड़ाहट
- नींद न आना
- डर लगना
- बेवजह शक करना
- बार बार हाथ धोना
- या बात दोहराना
- झटके, चक्कर या बेहोशी आना
- याददाश्त में कमजोरी आना
- रास्ते इत्यादि भूल जाना
- बहुत ज्यादा बोलना
- मारपीट करना
- बेवजह पैसे खर्चना या वस्तु का नुकसान करना,
- नशे की लत जैसे दारू गांजा, गुटका इत्यादि,
- सेक्स संबंधित समस्या जैसे शीघ्र पतन, लिंग में शिथिलता या कमजोरी, धात रोग,
- बच्चों में अतिचंचलता, गुस्सा, स्वभाव, बोलने में देरी।
7880289133, 7880287133